नई दिल्ली

सोमवार 29 जून 2026

ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष,
पूर्णिमा वर्ष : 30, अंक : 71
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 34
न्यून. 28

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


## 'मन की बात' में प्रधानमंत्री मोदी ने कई बातों का किया जिक्र

# आज सागर से लेकर अंबर तक हमारा देश सुरक्षित और आत्मनिर्भर बना

- *मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 135वें एपिसोड में बोले*
- *प्रधानमंत्री ने कहा-इस महीने भारत ने कई ऐसी उपलब्धियां हासिल की जिन पर गर्व*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




**इस महीने भारत को कई उपलब्धियां मिलीं**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 135वें एपिसोड के जरिए एक बार फिर देश और दुनिया भर में बसे भारतीयों से संवाद किया। सुबह 11 बजे प्रसारित होने वाले इस कार्यक्रम को लेकर लोगों में खास उत्साह दिखा। यह पिछले कई वर्षों से प्रधानमंत्री और आम जनता के बीच सीधे संवाद का एक अहम माध्यम बन चुका है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस महीने भारत ने कई ऐसी ▶▶ शेष पेज 5 पर

### 'हरगिला आर्मी', बर्मन के प्रयास सराहनीय

*प्रधानमंत्री ने असम की 'हरगिला आर्मी' और जीव-वैज्ञानिक पूर्णिमा देवी बर्मन के प्रयासों की सराहना की। मोदी ने कहा कि असम में पाया जाने वाला दुर्लभ पक्षी 'हरगिला' प्रकृति को स्वच्छ रखने में महत्वपूर्ण है, लेकिन लंबे समय तक इसे अशुभ माना जाता था। कई लोग उन पेड़ों को भी काट देते थे, जिन पर इस पक्षी के घोंसले बने होते थे।प्रधानमंत्री ने बताया कि जीव-वैज्ञानिक पूर्णिमा देवी बर्मन ने लोगों की इस सोच को बदलने का संकल्प लिया। लोगों को जागरूक किया।*

### नांदेड़ के परिवार की सराहना की

*प्रधानमंत्री ने महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले के बहादुरपुरा गांव के पेठकर परिवार की सराहना की। इस परिवार ने अनोखा फैसला लिया। परिवार ने 3 हजार लोगों के लिए दुर्घटना बीमा की व्यवस्था की।*

### सफलताएं सभी भारतीयों के सामूहिक प्रयास का परिणाम

*पीएम मोदी ने कहा कि ये सफलताएं देश की आत्मनिर्भर भारत की यात्रा को और मजबूत करती हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत लगातार विभिन्न क्षेत्रों में नई ऊंचाइयों को छू रहा है और देश के नागरिकों की मेहनत तथा नवाचार इसकी सबसे बड़ी ताकत हैं। उन्होंने कहा कि ये उपलब्धियां सरकार की नहीं, 140 करोड़ भारतीयों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम हैं ।*

### योग ने पूरी दुनिया को जोड़ा

*प्रधानमंत्री ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस ने एक बार फिर पूरी दुनिया को जोड़ने का काम किया है। उन्होंने बताया कि इस बार दुनिया के 2500 से अधिक स्थानों पर योग के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जबकि भारत* ▶▶ शेष पेज 5 पर

### नगालैंड की जमीनी स्तर की खेल पहलों को सराहा

*प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में नगालैंड की जमीनी स्तर की खेल पहलों की सराहना की। उन्होंने कहा कि 'नगालैंड बेबी लीग' और 'नगालैंड विमेन फुटसल लीग' युवा खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने का बेहतरीन मंच प्रदान कर रही हैं। पीएम मोदी ने बताया कि 'नागालैंड बेबी लीग' की शुरुआत बच्चों को फुटबॉल से जोड़ने के लिए की गई थी।*

### 'ब्रह्मकमल डोमिनिकाना' समूह को प्रेरणादायी बताया

*प्रधानमंत्री ने डोमिनिकन रिपब्लिक के 'ब्रह्मकमल डोमिनिकाना' समूह की सराहना की। पीएम मोदी ने कहा कि यह पहल दुनिया भर में भारतीय संस्कृति और परंपराओं के बढ़ते प्रभाव को दर्शाती है। स्पेनिश भाषी लोगों के इस समूह के सदस्य मिलकर वैदिक साहित्य का अध्ययन कर रहे हैं और वैदिक मंत्रों का उच्चारण भी सीख रहे हैं। आज वे पुरुष सूक्तम, श्री सूक्तम, श्री रुद्रम, दुर्गा सूक्तम और देवी महात्म्यम जैसे कई मंत्रों का सटीक जाप कर रहे हैं। उनका प्रयास बेहद प्रेरणादायक है।*

### सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का जिक्र किया

*प्रधानमंत्री ने सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि सस्ती बीमा योजनाएं देश के करोड़ों परिवारों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान कर रही हैं। 'प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना' के तहत केवल 20 रुपए के सालाना प्रीमियम पर 2लाख रुपए तक का दुर्घटना बीमा उपलब्ध कराया जाता है। योजना से 58 करोड़ से अधिक लोग जुड़ चुके हैं। 'प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना' का भी उल्लेख किया। और कहा कि इस योजना के तहत किसी व्यक्ति की मृत्यु होने पर उसके परिवार को दो लाख रुपए का बीमा कवर मिलता है। इस योजना का वार्षिक प्रीमियम केवल 436 रुपए है। ये आर्थिक संबल प्रदान कर रही हैं।*

### पर्यावरण के अनुकूल मिट्टी के गणेशजी ही खरीदें

*प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में देशवासियों से आगामी गणेश उत्सव के दौरान पर्यावरण के अनुकूल मिट्टी की मूर्तियां खरीदने और स्थानीय कुम्हारों व कलाकारों को प्रोत्साहित करने की अपील की। पीएम मोदी ने कहा कि गणेश प्रतिमाओं को बनाने का काम काफी पहले शुरू हो जाता है और इस काम से जुड़े कारीगर अभी से तैयारियों में जुट जाते हैं।लोगों से आग्रह किया कि वे घर, सोसायटी या आसपास स्थापित की जाने वाली गणपति बप्पा की मूर्तियां देश की मिट्टी से बनी और स्थानीय कलाकारों के हाथों तैयार की गई ही खरीदें।*


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### चंबा में कार नदी में गिरने से चार की मौत




**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में नकरोड़-हिमगिरी मार्ग पर एक कार बैरा सिउल नदी में गिर गई, जिससे उसमें सवार चार लोगों की मौत हो गई। यह घटना नदी पर बने एक बांध के पास हुई। चुराह उपमंडल में शनिवार देर रात हुए इस हादसे में कार में सवार चारों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इस दुर्घटना की जानकारी सुबह मिली।

### 3.7 टन से अधिक जब्त मादक पदार्थ नष्ट



**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के सांबा जिले में एक निस्तारण केंद्र पर पुलिस द्वारा उधमपुर में जब्त की गई 1.318 किलोग्राम हेरोइन सहित 3.7 टन से अधिक मादक पदार्थों को नष्ट कर दिया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की अगुवाई में मादक पदार्थों को सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया। दोबारा समाज में नहीं पहुंचेगा।

### डेटा चोरी को लेकर जारी की एडवाइजरी



**नई दिल्ली।** व्हाट्सऐप वेब और डेस्कटॉप उपयोगकर्ताओं को मैलवेयर के जरिए बड़े पैमाने पर निशाना बनाया जा रहा है, जिससे लोगों के उपकरणों तक अनधिकृत पहुंच बनाने तथा संवेदनशील जानकारी चुराने की कोशिश की जा रही हैं। राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा एजेंसी भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया दल ने यह जानकारी दी।

**एक दशक बाद जब मैं यहां वापस आया हूं, तो मेरा यह विश्वास पहले से कहीं ज़्यादा मज़बूत हुआ**

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेशेल्स की संसद को संबोधित करते हुए बताया कि भारत से दोस्ती की शुरुआत 1770 में हुई

# हिंद महासागर भारत-सेशेल्स को अलग नहीं करता, दोस्त बनाता है

### पीएम मोदी ने कहा कि हमारे बीच के रिश्ते सरकारों ने नहीं बनाए थे। ये रिश्ते लोगों ने बनाए, परिवारों ने इन्हें संवारा और पीढ़ियों ने इन्हें कायम रखा

एजेंसी ▶▶ विक्टोरिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेशेल्स की संसद को संबोधित करते हुए कहा कि इस नेशनल असेंबली को संबोधित करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री के तौर पर आपके सामने खड़ा होना मेरे लिए एक खास सम्मान की बात है। मैं अपने साथ भारत के 1.4 अरब लोगों की ओर से गर्मजोशी भरी शुभकामनाएं और बधाई लेकर आया हूं। प्रधानमंत्री के तौर पर हिंद महासागर क्षेत्र में मैंने जिस पहले देश का दौरा किया था, वह 2015 में सेशेल्स ही था।



नरेंद्र मोदी

हिंद महासागर हमारा साझा घर है। सेशेल्स और भारत दोनों एक ऐसी दुनिया चाहते हैं, जहां विकास अधिक समावेशी हो। पीएम मोदी ने कहा कि यह हमें याद दिलाता है कि हमारे बीच के रिश्ते सरकारों ने नहीं बनाए थे। ये रिश्ते लोगों ने बनाए, परिवारों ने इन्हें संवारा और पीढ़ियों ने इन्हें कायम रखा। हिंद महासागर ने इसे मुमकिन बनाया। हिंद ▶▶ शेष पेज 5 पर

**सेशेल्स और भारत दोनों एक ऐसी दुनिया चाहते हैं, जहां विकास अधिक समावेशी हो**



प्रधानमंत्री मोदी सेशेल्स की संसद में

- ***नेशनल असेंबली को संबोधित करने वाले वे पहले भारतीय प्रधानमंत्री***
- ***भारत का लक्ष्य हिंद महासागर को 'अवसरों का महासागर' बनाना***

### प्रधानमंत्री ने की द्विपक्षीय वार्ता

प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को सेशेल्स के राष्ट्रपति पैट्रिक हर्मिनी के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत-सेशेल्स संबंधों के सभी प्रमुख पहलुओं की व्यापक समीक्षा की और आपसी हितों से जुड़े क्षेत्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर विस्तार से विचार-विमर्श ▶▶ शेष पेज 5 पर

### राष्ट्रीय दिवस समारोह में होंगे मुख्य अतिथि

राष्ट्रपति पैट्रिक हर्मिनी के निमंत्रण पर सेशेल्स पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी सोमवार को देश के राष्ट्रीय दिवस की स्वर्ण जयंती समारोह में 'गेस्ट ऑफ ऑनर' के रूप में शामिल होंगे।

**यह सम्मान बेहद खास माना जाता है**

### सेशेल्स ने दी मोदी को 'गार्जियन ऑफ द ब्लू होराइजन' की उपाधि

सेशेल्स के गोल्डन जुबिली नेशनल डे समारोह में शामिल होने राजधानी विक्टोरिया पहुंचे जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्टेट हाउस में औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर के साथ स्वागत किया गया। इसके बाद सेशेल्स ने पीएम मोदी को 'गार्जियन ऑफ द ब्लू होराइजन' उपाधि दी। गार्जियन ऑफ द ब्लू होराइजन का ▶▶ शेष पेज 5 पर



**यह सम्मान क्यों मिला?**

मोदी को यह उपाधि समुद्री पर्यावरण संरक्षण, ब्लू इकोनॉमी को बढ़ावा देने, हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा और सहयोग मजबूत ▶▶ शेष पेज 5 पर

**अकाल तख्त की सर्वोच्चता सर्वोपरि,जो भी फैसला आएगा उसे सरकार और पार्टी सिर झुकाकर स्वीकार करेगी: भगवंत मान**

## पंजाब के मुख्यमंत्री, मंत्री और आम आदमी पार्टी विधायक आज श्रीअकाल तख्त साहिब के सामने होंगे पेश

- **सीएम मान ने अरविंद केजरीवाल के साथ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, सरकार और पार्टी का पक्ष पूरी मजबूती व विनम्रता से रखेंगे**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा है कि सभी आम आदमी पार्टी विधायक और मंत्री सोमवार 29 जून को सामूहिक रूप से श्री अकाल तख्त साहिब के सामने पेश होंगे। सीएम मान ने अकाल तख्त की सर्वोच्चता को सर्वोपरि बताते हुए कहा कि जो भी फैसला आएगा, उसे सरकार और पार्टी सिर झुकाकर स्वीकार करेगी। मीडिया के एक सवाल का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री भगवंत मान ने साफ किया कि फिलहाल उन्हें पर्सनल लेवल पर अकाल तख्त साहिब द्वारा तलब नहीं किया गया है। चूंकि यह बुलावा पार्टी के दूसरे मंत्रियों और विधायकों के लिए है, इसलिए वे सभी वहां जाकर सरकार और पार्टी का पक्ष पूरी मजबूती व विनम्रता से रखेंगे। श्री अकाल तख्त साहिब द्वारा तलब किये जाने पर मुख्यमंत्री भगवंत मान ने आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल की मौजूदगी में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस यह बात कही। मान ने कहा कि 29 जून को पंजाब सरकार के सभी कैबिनेट मंत्री और आम आदमी पार्टी के सभी विधायक अमृतसर स्थित सिखों की सर्वोच्च धार्मिक संस्था 'श्री अकाल तख्त साहिब' के सामने पेश होंगे। ज्ञात हो कि श्री अकाल तख्त साहिब की ओर से 'आप' के मंत्रियों और विधायकों को कुछ वैचारिक मुद्दों पर अपना पक्ष रखने के लिए तलब किया गया था, जिसके बाद पार्टी ने यह फैसला लिया है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने साफ किया कि आम आदमी पार्टी और पंजाब सरकार श्री अकाल तख्त साहिब की सर्वोच्चता का दिल से आदर करती है। उन्होंने कहा, श्री अकाल तख्त साहिब की ओर से हमारे विधायकों और मंत्रियों को कुछ विचारों के लिए, अपना पक्ष रखने के लिए बुलाया गया है। हमारे सभी विधायक और मंत्री तय समय पर वहां जाएंगे। हम अकाल तख्त साहिब की सर्वोच्चता को सबसे महान मानते हैं। सीएम ने अपनी एक पुरानी बात याद दिलाते हुए कहा कि उन्हें भी जब पहले बुलाया गया था, तो वे राष्ट्रपति जी का प्रोग्राम बीच में छोड़कर अकाल तख्त साहिब पर नतमस्तक होने पहुंचे थे। मान ने आगे कहा कि जो भी निर्देश या फैसला अकाल तख्त साहिब की तरफ से आएगा, उसे पूरी श्रद्धा, मर्यादा और सम्मान के साथ माना ▶▶ शेष पेज 5 पर

## सांसद सैलजा की मांग पर सिरसा-हनुमानगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग प्रस्ताव पर गडकरी का सकारात्मक आश्वासन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सिरसा सांसद कुमारी सैलजा ने रविवार को बताया कि केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने पत्र लिखकर उनके द्वारा उठाई गई सड़क परियोजनाओं पर सकारात्मक आश्वासन दिया है। अपने पत्र में केंद्रीय मंत्री ने कुमारी सैलजा के पूर्व में भेजे गए पत्रों का उल्लेख करते हुए बताया कि सिरसा–ऐलनाबाद–रावतसर मार्ग को चार लेन राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने तथा सिरसा–ऐलनाबाद–हनुमानगढ़ मार्ग की फिजिबिलिटी स्टडी एवं डीपीआर तैयार कर उसे बीकानेर–चंडीगढ़ कॉरिडोर और भारतमाला नेटवर्क से जोड़ने संबंधी प्रस्तावों पर मंत्रालय गंभीरता से विचार कर रहा है। गडकरी ने अपने पत्र में कहा है कि राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने और नई परियोजनाओं को स्वीकृति देने में यातायात घनत्व, माल परिवहन, क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास, पर्यटन, ▶▶ शेष पेज 5 पर

**सेल्फ लोडिंग व कई देशी बंदूकें बरामद**

## ओडिशा-आंध्र सीमा से 70 किलो आईईडी और हथियार बरामद

एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

ओडिशा के मलकानगिरि जिले में पुलिस ने रविवार को नक्सलियों के एक ठिकाने का भंडाफोड़ करते हुए भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया। पुलिस अधीक्षक विनोद पाटिल एच ने बताया कि आत्मसमर्पण कर चुके नक्सलियों से मिली खुफिया सूचना के आधार पर ओडिशा-आंध्र प्रदेश सीमा क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इस दौरान आंध्र-ओडिशा बॉर्डर स्पेशल जोनल कमेटी के नक्सलियों का संदिग्ध हथियार भंडार मिला। जिसमें दो सेल्फ-लोडिंग राइफल, कई देशी बंदूकें और लगभग 70 किलोग्राम आईईडी सहित अन्य विस्फोटक सामग्री बरामद की गई। जून महीने में मलकानगिरि में यह तीसरा बड़ा नक्सली डंप पकड़ा गया है। इससे पहले 9 और 15 जून को भी तलाशी अभियान के दौरान हथियार और विस्फोटक जब्त किए गए थे। पुलिस का कहना है कि नक्सलियों के छिपाए गए हथियारों और ▶▶ शेष पेज 5 पर

**मोदी कैबिनेट में फेरबदल होगा!**

## कुछ मंत्रियों की होगी छुट्टी कुछ का विभाग 'बदलेगा'

- *संगठन में भी बड़े बदलाव की तैयारी में भाजपा*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद के मानसून सत्र से पहले केंद्रीय राजनीतिक गलियारों में मोदी कैबिनेट के विस्तार और फेरबदल की चर्चाएं तेज हो गई हैं। कयास लगाए जा रहे हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विदेशी दौरों से लौटते ही जुलाई के मध्य तक केंद्रीय मंत्रिमंडल का नया स्वरूप सामने आ सकता है। कैबिनेट के साथ-साथ भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन भी अपनी नई टीम (संगठन पदाधिकारियों) का ऐलान कर सकते हैं। इस फेरबदल में कई मंत्रियों की छुट्टी होने और कुछ के विभाग बदले जाने की प्रबल संभावना है। हाल ही में नीट-यूजी पेपर लीक और सीबीएसई डिजिटल मार्किंग विवादों के बाद शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को लेकर अटकलें सबसे तेज हैं। उन्हें कैबिनेट से हटाया जा सकता है या उनका विभाग बदला जा सकता है।




इसके अलावा, पंकज चौधरी और हर्ष मल्होत्रा को क्रमशः उत्तर प्रदेश और दिल्ली भाजपा की जिम्मेदारी मिलने के बाद मंत्रिमंडल से मुक्त किया जा सकता है। जॉर्ज कुरियन पहले ही इस्तीफा दे चुके हैं, जबकि रवनीत सिंह बिट्टू को आगामी पंजाब विधानसभा चुनावों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कहा गया है। चूंकि अगले साल उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और पंजाब में विधानसभा चुनाव होने हैं, इसलिए कैबिनेट फेरबदल में इन राज्यों के जातीय और क्षेत्रीय समीकरणों को विशेष तरजीह मिलने की उम्मीद है।

**डीआरडीओ ने भारतीय वायुसेना को सौंपा**

## बाज की निगाहें, चीते जैसी फुर्ती, भारत के 'नेत्रा' एयरबोर्न अर्ली वॉर्निंग सिस्टम जंग-ए-मैदान में जाने को तैयार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आखिरकार डीआरडीओ यानी डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन ने भारतीय वायुसेना को बाज की निगाह और चीते जैसी फुर्ती वाला नेत्रा एयरबोर्न अर्ली वॉर्निंग सिस्टम पूरी तरह से सौंप दिया। पूरी तरह से इसलिए, क्योंकि इस स्वदेशी सिस्टम का फाइनल ऑपरेशनल क्लीयरेंस अब तक बाकी था। ये सर्टिफिकेट ट्रायल और वैलिडेशन पूरा होने के बाद ही दिया जाता है। अब ये सर्टिफिकेट भी एयरफोर्स को



मिल गया है, जिसके बाद नेत्रा अब जंग के मैदान में जाने के लिए तैयार है। नेत्रा एईडब्ल्यू एंड सी अपने प्लेटफॉर्म के तौर पर ब्राजील के एम्ब्रेयर -145 एयरफ्रेम का इस्तेमाल करता है, जिसके ऊपरी हिस्से (डॉर्सल फिन) में एक एक्टिव इलेक्ट्रॉनिकली स्कैन्ड ऐरे रडार लगा होता है। ऐसे तीन विमान पहले शुरुआती ऑपरेशनल मंजूरी के साथ आईएएफ को सौंपे गए थे। इन्होंने फरवरी 2019 में बालाकोट एयरस्ट्राइक में आईएएफ को गाइड करने वाले 'ऑपरेशनल ब्रेन' के तौर पर अहम भूमिका निभाई थी। रडार लंबी दूरी के खतरे पता करने में सक्षम : नेत्रा के अलावा भारत रूस के आईएल-76 विमान पर आधारित तीन फाल्कन एयरबोर्न वार्निंग एंड कंट्रोल सिस्टम का भी इस्तेमाल करता है। बेहतर इंजन वाले रूसी आईएल-76 विमान पर लगे फाल्कन सिस्टम में एडवांस्ड रडार लगा है। ▶▶ शेष पेज 5 पर

**केंद्रीय पर्यावरण मंत्री ने राजस्थान के अलवर में बाघों के पुनर्वास पर राष्ट्रीय कार्यशाला का उद्घाटन किया**

**भारत में बाघों के सक्रिय प्रबंधन की योजना, भारत में बाघों के पुनर्वास और पुनःस्थापित करने पर पुस्तिका और प्रोजेक्ट चीता की वार्षिक रिपोर्ट जारी की**

## बाघों का संरक्षण वनों, जलक्षेत्रों और समृद्ध जैव विविधता की भी रक्षा करता है: भूपेंद्र यादव

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने रविवार को राजस्थान के अलवर में 'बाघों का पुनर्वास अवसर और चुनौतियां' विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला का उद्घाटन किया और बाघ संरक्षण और प्रोजेक ट चीता पर तीन प्रकाशनों का विमोचन किया। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए), पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा राजस्थान सरकार के सहयोग से आयोजित इस कार्यशाला में भारत के बाघ बहुल क्षेत्रों के क्षेत्रीय निदेशकों, मुख्य वन्यजीव वार्डन और वन्यजीव विशेषज्ञों को बाघों के पुनर्वास और सक्रिय प्रबंधन के लिए विज्ञान-आधारित रणनीतियों पर विचार-विमर्श करने के लिए



एक साथ आए। सरिस्का टाइगर रिजर्व में बाघों के पुनर्वास के 18 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए मंत्री यादव ने कहा कि बाघ संरक्षण केवल एक प्रजाति की रक्षा करने के बारे में नहीं है, बल्कि वनों, जलक्षेत्रों और समृद्ध जैव विविधता के संरक्षण के बारे में भी है जो बाघों के आवास का हिस्सा है। उन्होंने सरिस्का बाघ पुनर्वास कार्यक्रम को वन्यजीव संरक्षण में एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह विश्व में बाघों का पहला सफल वैज्ञानिक पुनर्वास है जो उस क्षेत्र में किया गया है जहां यह प्रजाति स्थानीय रूप से विलुप्त हो गई थी। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम वैज्ञानिक प्रबंधन, समर्पित संरक्षण प्रयासों और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से प्रजातियों के पुनर्वास का एक सफल वैश्विक उदाहरण है। यादव ने कहा कि सरिस्का ने 2005 में स्थानीय विलुप्ति की स्थिति से उबरते हुए आज 56 बाघों को आश्रय प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि सरिस्का आज प्रजातियों के सफल पुनर्वास का एक वैश्विक उदाहरण है और भविष्य के संरक्षण प्रयासों के लिए बहुमूल्य सबक प्रदान करता है। मंत्री ने बाघ संरक्षण में देश की ▶▶ शेष पेज 5 पर

## संत कबीर दास की जयंती पर दिल्ली सरकार का राज्य स्तरीय समारोह आयोजित

# संत कबीर के नाम पर प्रतियोगिताएं और पुरस्कार शुरू करेगी दिल्ली सरकार: रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार संत कबीर के नाम पर प्रतियोगिताएं एवं पुरस्कार शुरू करेगी। इस दौरान युवा पीढ़ी तक उनका अमर संदेश पहुंचेगा। यह बात दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने नजफगढ़ में रविवार को संत कबीर दास के प्रकटोत्सव के अवसर पर दिल्ली सरकार के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय समारोह के अवसर पर कही।

इस अवसर पर भारत सरकार में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय में केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा, दिल्ली के मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह, विधायक नीलम पहलवान, निगम पार्षद अमित खरखड़ी सहित जनप्रतिनिधि, संत समाज, विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि, विद्वान, वरिष्ठ अधिकारी तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।




इस अवसर पर रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली भारत की विविधता, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है, जहां प्रत्येक व्यक्ति को समान अवसर और सम्मान मिलता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र को आत्मसात करते हुए दिल्ली सरकार बिना किसी भेदभाव के समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए कार्य कर रही है तथा जनसेवा को ही अपना सर्वोच्च दायित्व मानती है। संत कबीर के प्रकटोत्सव के अवसर पर मुख्यमंत्री ने उनके जीवन और विचारों को सामाजिक समरसता, समानता और मानवता का कालजयी संदेश बताते हुए कहा कि आज भी उनके दोहे और शिक्षाएं समाज को सही दिशा प्रदान करती हैं।

### जाति और ऊंच-नीच से ऊपर उठकर दिया एकता का संदेश

रेखा गुप्ता ने कहा कि संत कबीर ने जाति, पंथ और ऊंच-नीच से ऊपर उठकर प्रेम, भाईचारे और एकता का संदेश दिया, जो आज भी उतना ही प्रासंगिक है। संत कबीर के विचार आज के समय में भी उतने ही प्रासंगिक हैं और उनके संदेशों को नई पीढ़ी तक पहुंचाना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि दिल्ली सरकार संत कबीर के नाम पर प्रतियोगिताएं एवं पुरस्कार प्रारंभ करेगी, जिससे उनके विचारों, दोहों और मानवता के संदेश को विशेष रूप से युवाओं तक पहुंचाया जा सके तथा सामाजिक समरसता, राष्ट्रीय एकता और मानवीय मूल्यों को और अधिक सशक्त बनाया जा सके।

### संत कबीर के विचार आज भी प्रदान करते हैं प्रेरणा : इंद्राज

रविंद्र इंद्राज सिंह ने कहा कि संत कबीर ने विचार आज भी सामाजिक समरसता, सामाजिक न्याय और मानवीय मूल्यों को सुदृढ़ करने की प्रेरणा प्रदान करते हैं। दिल्ली सरकार समाज के सभी वर्गों के कल्याण और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार महापुरुषों की शिक्षाओं और आदर्शों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने तथा सामाजिक समरसता और जनजागरण को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। संत कबीर दास जयंती का यह आयोजन समाज में प्रेम, सद्भाव, सामाजिक समानता और राष्ट्रीय एकता की भावना को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

## तेज रफ्तार ऑडी कार ने एसयूवी और बाइक को टक्कर मारी, एक घायल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के उत्तम नगर इलाके में तेज गति से गुजर रही ऑडी कार ने पहले एक अन्य कार (एसयूवी) को टक्कर मारी और फिर एक मोटरसाइकिल से टकरा गई जिससे मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा शनिवार रात करीब आठ बजे विकासपुरी में मछली बाजार के पास हुआ। पुलिस के अनुसार ऑडी ने पहले होंडा एलिवेट (एसयूवी) को टक्कर मारी और फिर मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी जिससे मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि रात 8:02 बजे एक पीसीआर कॉल मिली जिसमें बताया गया कि एक कार ने दो वाहनों को टक्कर मारी है और एक मोटरसाइकिल सवार को घायल कर दिया है। सूचना मिलने पर पुलिस की एक टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। जब जांच अधिकारी दुर्घटना स्थल पर पहुंचे, तो उन्होंने ऑडी, होंडा एलिवेट और मोटरसाइकिल को क्षतिग्रस्त हालत में पाया। विकास नगर निवासी 31 वर्षीय घायल मोटरसाइकिल सवार राहुल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारी ने आगे कहा कि टीमों ने एक चश्मदीद का बयान दर्ज किया है। उसके बयान और शुरुआती जांच के आधार पर पुलिस टीम को पता चला कि दुर्घटना के समय ऑडी (कार) की गति बहुत अधिक थी और उसे लापरवाही से चलाया जा रहा था।

## खबर संक्षेप

### लापता 12 वर्षीय बच्चा परिवार से मिला

नई दिल्ली। पश्चिमी दिल्ली से करीब एक महीने से लापता 12 वर्षीय एक बच्चे को गुरुद्वारा बंगला साहिब के पास से सकुशल बरामद कर उसके परिवार से मिला दिया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। इंद्रपुरी का रहने वाला यह बच्चा पुलिस दल को नियमित गश्त और क्षेत्र की निगरानी के दौरान दिखाई दिया था। अधिकारी ने बताया कि बच्चे ने अपनी पहचान बताई, जिसके बाद पुलिस ने उसके विवरण का सत्यापन किया। जांच में पता चला कि इंद्रपुरी इलाके से इस बच्चे के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज थी और इस संबंध में दो जून को मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि बाद में बच्चे को सुरक्षित उसके माता-पिता को सौंप दिया गया।

### आवासीय इमारत की 10वीं मंजिल से गिरकर बच्ची की मौत

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के कालकाजी एक्सटेंशन में स्थित एक आवासीय इमारत की 10वीं मंजिल से कथित तौर पर गिरने से पांच वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मामले के सभी संभावित पहलुओं की जांच की जा रही है और घटना के क्रम का पता लगाने के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। बच्ची अपने परिवार के साथ दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारा विकसित 14 मंजिला आशा किरण अपार्टमेंट में रहती थी। यह घटना शनिवार रात करीब साढ़े 10 बजे हुई। प्रारंभिक जांच के अनुसार बच्ची शाम को पहले सो गई थी, लेकिन बाद में उसकी नींद खुल गई। उस समय उसके माता-पिता घरेलू कामकाज में व्यस्त थे। पुलिस के मुताबिक मां को अपने पास नहीं पाकर बच्ची कथित तौर पर बालकनी की ओर चली गई और नीचे देखने के लिए रेलिंग पर झुकी, तभी उसका संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे गिर गई।

## दिल्ली न्यायाधिकरण ने सड़क हादसे के पीड़ित को 23 लाख रुपये का मुआवजा दिया

**एजेंसी. नई दिल्ली।** दिल्ली के एक मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण (एमएसीटी) ने वर्ष 2020 में सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने और स्थायी रूप से दिव्यांग होने वाले एक व्यक्ति को 23 लाख रुपये से अधिक का मुआवजा देने का निर्देश दिया है। पीठासीन अधिकारी सुदीप राज सैनी परमानंद राय द्वारा दायर एक दावा याचिका पर सुनवाई कर रहे थे।

एमएसीटी ने नौ जून के अपने आदेश में कहा कि संबंधित दुर्घटना प्रथम प्रतिवादी देवेंद्र द्वारा लापरवाही और तेज गति से कार चलाने के कारण हुई थी। इसके अनुसार, राय 29 फरवरी, 2020 की रात नजफगढ़ में सड़क पार कर रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी थी। अदालत की कार्यवाही के अनुसार, दुर्घटना के समय राय सब्जी विक्रेता के रूप में काम कर रहे थे। न्यायाधिकरण ने राय की शारीरिक अक्षमता और कमाई की क्षमता के नुकसान का आकलन 30 प्रतिशत किया और विभिन्न मदों के तहत उन्हें मुआवजे के रूप में 23.16 लाख रुपये देने का आदेश दिया। न्यायाधिकरण ने संज्ञान लिया कि दुर्घटना के समय कार का बीमा था और उसने बीमा कंपनी को मुआवजे की राशि पीड़ित के खाते में जमा करने का निर्देश दिया।

## जलेबी देने में देरी से नाराज होकर मिठाई विक्रेता को गोली मारने वाले को उम्रकैद

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में कतार में लगे दूसरे लोगों से पहले 'जलेबी' नहीं देने से नाराज होकर मिठाई विक्रेता को गोली मारने के जुर्म में अदालत ने एक व्यक्ति को उम्रकैद की सजा सुनाई है। यह घटना 12 वर्ष पहले की है। बंगला साहिब गुरुद्वारे के पास एक मिठाई की दुकान पर,18 फरवरी 2014 को जब विक्रेता ने क्रम तोड़ने से मना किया, तो आरोपी ने उसे थप्पड़ मारा, अपनी पिस्तौल निकाली और बेहद नजदीक से उसके सिर में गोली मार दी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश धीरेन्द्र राणा, नीरज को सजा सुनाने के मामले में दलील सुन रहे थे। नीरज को इसी महीने की शुरुआत में भारतीय दंड विधान (आईपीसी) की धारा 302 (हत्या) और हथियारों के गैर-कानूनी इस्तेमाल के लिए हथियार अधिनियम के तहत दोषी ठहराया गया था।



न्यायाधीश ने आठ जून के आदेश में कहा कि रिकॉर्ड देखने से पता चलता है कि दोषी का विक्रेता के साथ झगड़ा हुआ था क्योंकि वह चाहता था कि लाइन में खड़े दूसरे ग्राहकों से पहले उसे जलेबी दी जाए। जब विक्रेता ने ऐसा करने से मना किया, तो दोषी ने उसे थप्पड़ मारा, पिस्तौल निकाली और बहुत पास से उसके सिर में गोली मार दी। उन्होंने बताया कि विक्रेता को अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई, नीरज को घटनास्थल के पास से पकड़ा गया साथ ही उसके पास से हथियारों का एक नकली लाइसेंस भी बरामद हुआ। न्यायाधीश ने कहा कि मैंने इस मामले से जुड़ी नरमी बरतने वाली परिस्थितियों पर विचार किया है। दोषी किसी दूसरे मामले में शामिल नहीं है। वह पूरी सुवनाई के दौरान हिरासत में रहा।

वह समाज के लिए खतरा नहीं है और उसके सुधरने की संभावना है। उन्होंने कहा कि इसलिए, यह मामला 'दुर्लभतम' मामलों की श्रेणी में नहीं आता। दोषी 2014 से सुनवाई का सामना कर रहा है और उसके परिवार में उसकी पत्नी और दो बेटे हैं। इसके बाद उन्होंने दोषी को हत्या के लिए उम्रकैद की सज़ा सुनाई।

### ब्रुसेल्स में मिला डीएमआरसी को यूआईटीपी द्वारा ऑपरेशनल एक्सीलेंस अचीवमेंट अवार्ड

नई दिल्ली। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) को सार्वजनिक परिवहन के क्षेत्र के अंतरराष्ट्रीय संगठन इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ पब्लिक ट्रांसपोर्ट (यूआईटीपी) द्वारा परिचालन उत्कृष्टता (ऑपरेशनल एक्सीलेंस) श्रेणी में अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया है। डीएमआरसी कॉर्पोरेट संचार के प्रधान कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल ने बताया कि यह पुरस्कार 23 जून 2026 को ब्रुसेल्स, बेल्जियम, में आयोजित यूआईटीपी अवार्ड समारोह के दौरान प्रदान किया गया। यूआईटीपी का परिचालन उत्कृष्टता अवार्ड उन सार्वजनिक परिवहन संस्थाओं को प्रदान किया जाता है जो दैनिक सार्वजनिक परिवहन सेवाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन, नवाचार और प्रभाव का परिचय देती हैं। दयाल के अनुसार यह पुरस्कार डॉ. अमित कुमार जैन, निदेशक, परिचालन एवं सेवाएँ, डीएमआरसी तथा रजनीश राणा, अपर महाप्रबंधक, परिचालन, डीएमआरसी द्वारा प्राप्त किया गया। उन्होंने बताया कि सतत शहरी परिवहन को बढ़ावा देने में डीएमआरसी के उत्कृष्ट योगदान को मान्यता देते हुए यह पुरस्कार यात्रियों के लिए उपलब्ध कराई गई उसकी स्मार्ट डोर-टू-डोर यात्रा सेवा के लिए प्रदान किया गया है। यह सेवा प्रथम एवं लास्ट माइल कनेक्टिविटी, रीयल-टाइम सूचना तथा निर्बाध टिकटिंग को एकीकृत कर यात्रियों की यात्रा को अधिक सुगम, सुविधाजनक एवं पर्यावरण-अनुकूल बनाती है। दयाल ने बताया कि यह सुविधा दिल्ली मेट्रो सारथी ऐप के माध्यम से उपलब्ध है, जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर आधारित एकीकृत प्लेटफॉर्म है। यह प्लेटफॉर्म मेट्रो और प्रथम, लास्ट माइल परिवहन सेवाओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करता है।

## यादव ने युवा खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह, खेलों से जोड़ने पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने बुराड़ी में आयोजित बुराड़ी प्रीमियर लीग में क्रिकेट पर हाथ आजमाए और युवा खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए उन्हें खेलों से जोड़ने पर जोर दिया जोर। बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा युवाओं की प्रतिभा को आगे बढ़ाने और उन्हें बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के पक्ष में रही है। बुराड़ी प्रीमियर लीग का आयोजन करावल नगर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मंगेश त्यागी ने किया। इस अवसर पर यादव के अलावा पी के मिश्रा, लक्ष्मण रावत, लोकेंद्र चौधरी, आदेश भारद्वाज, ईश्वर बागड़ी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, खेल प्रेमी, कांग्रेस कार्यकर्ता और युवा उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों और टीमों को सम्मानित किया गया तथा आयोजकों के प्रयासों की सभी ने सराहना की। इस अवसर पर युवाओं को संदेश देते हुए यादव ने कहा कि



खेल केवल प्रतियोगिता का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और स्वस्थ जीवनशैली का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा युवाओं की प्रतिभा को आगे बढ़ाने और उन्हें बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के पक्ष में रही है। कांग्रेस पार्टी भविष्य में भी ऐसे खेल और सामाजिक आयोजनों को प्रोत्साहित करती रहेगी।

## दिल्ली सरकार की एसीबी ने करोड़ों रुपये के खरीद घोटाले में पूर्व डीजीएचएस को किया गिरफ्तार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) ने दवाओं, शल्य चिकित्सा संबंधी सामग्री और चिकित्सा उपकरणों की खरीद में कथित करोड़ों रुपये के घोटाले के सिलसिले में स्वास्थ्य सेवाओं की पूर्व महानिदेशक (डीजीएचएस) डॉ. वत्सला अग्रवाल को गिरफ्तार किया है।

अधिकारियों ने यह जानकारी दी। शनिवार को हुई डॉ. अग्रवाल की गिरफ्तारी, इसी मामले में कुछ दिन पहले डॉ. विजय कुमार रंगा की गिरफ्तारी के बाद हुई है। बाद में दिल्ली की एक अदालत ने रंगा को चार दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया था। एसीबी के अनुसार, यह मामला डीजीएचएस के अधीन कार्यरत केंद्रीय खरीद एजेंसी (सीपीए) द्वारा करोड़ों रुपये की खरीद में



कथित बड़े पैमाने पर आर्थिक अनियमितताओं से जुड़ा है। जांच की शुरुआत सतर्कता निदेशालय द्वारा संदिग्ध लेन-देन और संभावित प्रक्रियागत उल्लंघनों की ओर ध्यान दिलाए जाने के बाद की गई। जांचकर्ताओं का आरोप है कि पोर्टेबल एक्स-रे मशीनों, बेडशीट और लिनेन, सी-आर्म रेडियोलॉजिकल उपकरणों, एनेस्थीसिया वर्कस्टेशन, ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन (ओआरएस), शल्य चिकित्सा में उपयोग होने वाली सामग्री तथा दवाओं की खरीद में निविदा प्रक्रिया में हेरफेर कर अत्यधिक बढ़ी हुई कीमतों पर खरीदारी की गई। एसीबी का आरोप है कि कुछ चुनिंदा आपूर्तिकर्ताओं को लाभ पहुंचाने के लिए निविदा की शर्तें विशेष रूप से उनके अनुरूप तैयार की गईं, जिससे वास्तविक बोलीदाताओं को प्रक्रिया से बाहर कर दिया गया और सैकड़ों करोड़ रुपये के सार्वजनिक धन का दुरुपयोग हुआ।

शिकायत के आधार पर एजेंसी ने दो जून को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम तथा भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की आपराधिक षड्यंत्र संबंधी धाराओं के तहत मामला दर्ज किया। अधिकारियों ने बताया कि जांच के तहत खरीद संबंधी अभिलेखों, निविदा फाइलों और अन्य संबंधित दस्तावेजों की जांच की जा रही है। डॉ. अग्रवाल को 21 मई को डीजीएचएस के पद से हटाकर नई नियुक्ति की प्रतीक्षा में रखा गया था। इसके बाद उनका तबादला गुरु तेग बहादुर अस्पताल कर दिया गया। बाद में अनुशासनात्मक कार्रवाई को सुगम बनाने के लिए दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू के निर्देश पर उन्हें निलंबित कर दिया गया। दिल्ली सरकार ने आंतरिक जांच में दवाओं की खरीद, भंडारण और प्रबंधन में गंभीर अनियमितताएं पाए जाने के बाद पांच फार्मासिस्ट और सीपीए के दो अधिकारियों को भी निलंबित कर दिया है। एसीबी ने कहा कि कथित घोटाले में अन्य अधिकारियों और निजी आपूर्तिकर्ताओं की भूमिका का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है।

## 'दिल्ली सरकार में 'ई-ऑफिस' का एक वर्ष : कागजी फाइलों पर निर्भरता कम हुई'

# ई-ऑफिस से बदली सरकारी कामकाज की प्रक्रिया : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

ई-ऑफिस से सरकार की प्रशासनिक कार्यप्रणाली में व्यापक बदलाव स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। पहले अधिकांश काम कागजी फाइलों के माध्यम से होता था, जबकि अब फाइलों का संचालन, पत्राचार और अनुमोदन ऑनलाइन होने लगा है।

इससे फाइलों के निस्तारण में तेजी आई है, कामकाज अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बना है और लोगों को सरकारी सेवाएं समय पर उपलब्ध कराने में मदद मिली है। यह बातें रविवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कही। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि 1 जुलाई को दिल्ली सरकार में ई-ऑफिस व्यवस्था लागू होने का एक वर्ष पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि ई-ऑफिस व्यवस्था के माध्यम से अब यह आसानी से पता चल जाता है कि कोई फाइल किस अधिकारी के पास लंबित है और उस पर क्या कार्रवाई हुई है। इससे रिकॉर्ड सुरक्षित रहता है, अनावश्यक देरी कम होती है और विभागों के बीच कामकाज पहले की तुलना में अधिक सुचारु ढंग से होता है। यही कारण है कि दिल्ली सरकार लगातार अधिक से अधिक विभागों और संस्थानों को इस व्यवस्था से जोड़ रही है। उन्होंने बताया कि 8 मार्च 2025 तक दिल्ली सरकार के 198 विभागों एवं कार्यालयों के 5 हजार 5 अधिकारी



और कर्मचारी ई-ऑफिस के माध्यम से सरकारी फाइलों और कार्यालयी कामकाज का ऑनलाइन निस्तारण कर रहे थे। 27 जून 2026 तक यह संख्या बढ़कर 235 विभागों एवं कार्यालयों के 15 हजार 748 अधिकारी और कर्मचारी हो गई है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि सभी विभागों और संस्थानों की कार्यप्रणाली एक जैसी नहीं होती। इसी कारण दिल्ली सरकार ने ई-ऑफिस व्यवस्था को तीन अलग-अलग श्रेणियों में विकसित किया है। पहली श्रेणी पूर्ण रूप से सरकारी विभागों के लिए, दूसरी सार्वजनिक उपक्रमों, बोर्डों, निगमों, आयोगों, समितियों, स्वायत्त व स्थानीय निकायों के लिए तथा तीसरी विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों और अन्य शैक्षणिक संस्थानों के लिए बनाई गई है। इससे प्रत्येक श्रेणी की आवश्यकताओं के अनुरूप कामकाज अधिक प्रभावी ढंग से हो रहा है। इसी के मद्देनजर 1 जुलाई 2025 से दिल्ली सरकार के सभी सरकारी विभागों में ई-ऑफिस का उपयोग अनिवार्य किया गया था। वर्तमान में 132 शुद्ध सरकारी विभाग इस व्यवस्था से जुड़ चुके हैं, जहां 11,940 सक्रिय उपयोगकर्ता कार्य कर रहे हैं।

### अब तक 4,672 ई-फाइलों और 55,132 ई-रसीदों का हुआ निस्तारण

मुख्यमंत्री ने बताया कि 1 जुलाई 2025 से 12 अप्रैल 2026 के बीच सरकारी विभागों में 1,14,603 ई-फाइलों और 7,14,091 ई-रसीदों का निस्तारण किया गया। वहीं नई ई-ऑफिस व्यवस्था शुरू होने के बाद 13 अप्रैल 2026 से 27 जून 2026 के बीच ही लगभग 23,767 ई-फाइलों और 1.53 लाख ई-रसीदों का निस्तारण किया गया, जिससे स्पष्ट है कि विभागों में इस व्यवस्था का उपयोग तेजी से बढ़ा है। उन्होंने बताया कि सार्वजनिक उपक्रमों, बोर्डों, निगमों, आयोगों, समितियों और अन्य स्वायत्त एवं स्थानीय निकायों की 55 संस्थाओं में 3,090 सक्रिय उपयोगकर्ता ई-ऑफिस के माध्यम से काम कर रहे हैं। इन संस्थाओं में 15 अप्रैल 2026 से 27 जून 2026 के बीच 4,672 ई-फाइलों और 55,132 ई-रसीदों का निस्तारण किया गया। इसी प्रकार विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों एवं अन्य शैक्षणिक संस्थानों की 48 संस्थाओं में 718 सक्रिय उपयोगकर्ता ई-ऑफिस का उपयोग कर रहे हैं। 17 अप्रैल 2026 से 27 जून 2026 के बीच इन संस्थानों में 1,267 ई-फाइलों और 3,051 ई-रसीदों का निस्तारण किया गया।

### नियमों के खिलाफ डॉ. वत्सला अग्रवाल को बनाया गया था डीजीएचएस : भारद्वाज

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने 650 करोड़ रुपए के स्वास्थ्य घोटाले में दिल्ली के स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक डॉ. वत्सला अग्रवाल की गिरफ्तारी को लेकर ईडी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि मैंने अगस्त 2025 में ही कहा था कि योग्य व वरिष्ठ डॉक्टरों की अनदेखी कर ईडी पार्टी की सरकार ने नियमों के खिलाफ डॉ. वत्सला अग्रवाल को डीजीएचएस बनाया है। अब उनकी गिरफ्तारी ने साबित कर दिया कि मेरे दावों में सच्चाई थी। डॉ. वत्सला अग्रवाल पर विजिलेंस जांच चल रही थी। इसके बाद भी सीएम के कहने पर उन्हें डीजीएचएस बनाया गया। अब यह जांच की जानी चाहिए कि तब कोई डीजीएचएस क्यों नहीं बनना चाहता था और डॉ. वत्सला अग्रवाल के नाम सिफारिश क्यों की गई। सौरभ ने कहा कि 650 करोड़ रुपए के स्वास्थ्य घोटाले में डीजीएचएस डॉ. वत्सला अग्रवाल को गिरफ्तार कर लिया गया है। अगस्त 2025 में मौजूदा ईडी पार्टी की सरकार ने डॉ. वत्सला अग्रवाल को डीजीएचएस के पद पर तैनात किया था। मैंने अगस्त 2025 में ही यह पोस्ट साझा की थी कि यह नियुक्ति पूरी तरह से नियमों के खिलाफ थी। इस पद के लिए अधिक योग्य वरिष्ठ डॉक्टरों की अनदेखी की गई थी। भारद्वाज ने बताया कि डॉ. वत्सला अग्रवाल को इस संवेदनशील पद पर तब बैठाया गया था जब उनके खिलाफ विजिलेंस की जांच चल रही थी। यह जांच दिल्ली स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट में नियुक्तियों में हुए कथित भ्रष्टाचार को लेकर थी। मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि ये नियुक्तियां मुख्यमंत्री के कहने पर की गई थीं। आखिर ऐसे व्यक्ति को इतने संवेदनशील पद पर क्यों नियुक्त किया गया? भारद्वाज ने आगे बताया कि ईडी पार्टी की दिल्ली सरकार ने मई 2025 के आसपास डॉ. रति मक्कड़ को डीजीएचएस यानी स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक के पद पर नियुक्त किया था। वह काम नहीं करना चाहती थीं। इसलिए उन्होंने जुलाई 2025 में वीआरएस यानी स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के लिए आवेदन कर दिया। आखिर क्यों।

### यमुना सफाई अभियान में शामिल हुईं मुख्यमंत्री

# यमुना नदी है दिल्ली की स्मृति, संस्कृति और जीवनधारा : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



यमुना केवल एक नदी नहीं, बल्कि दिल्ली की स्मृति, संस्कृति और जीवनधारा है। इसे स्वच्छ, निर्मल और अविरल बनाना केवल सरकार का दायित्व नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। यह बातें रविवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने चिल्ला गांव स्थित यमुना घाट पर आयोजित 'क्लीन दिल्ली विद सीएम' स्वच्छता अभियान के तहत श्रमदान करने के दौरान कही। इस अभियान में बड़ी संख्या में युवाओं, स्वयंसेवकों, सामाजिक संगठनों एवं स्थानीय नागरिकों के साथ श्रमदान किया।

मुख्यमंत्री ने स्वयं घाट पर सफाई अभियान में भाग लेकर लोगों को स्वच्छ यमुना के लिए जनभागीदारी का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सदियों से करोड़ों लोगों की श्रद्धा का केंद्र रही यमुना आज प्रदूषण की चुनौती का सामना कर रही है, जिसे स्वच्छ और निर्मल बनाना सरकार के साथ-साथ समाज की भी साझा जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार वैज्ञानिक, स्थायी और व्यापक स्तर पर यमुना के पुनर्जीवन के लिए निरंतर कार्य कर रही है और स्वच्छ घाट उसी संकल्प का सजीव प्रमाण हैं। एक ओर दिल्ली सरकार वैज्ञानिक एवं स्थायी समाधान के तहत सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का आधुनिकीकरण, नए विकेंद्रीकृत सीवेज ट्रीटमेंट प्लांटों की स्थापना, सीवर नेटवर्क के विस्तार और यमुना में गिरने वाले सभी नालों को चरणबद्ध तरीके से टैप करने का कार्य तेजी से कर रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में कोई भी नाला बिना उपचार के सीधे यमुना में नहीं गिरेगा। वहीं दूसरी ओर यमुना स्वच्छता के प्रति सामाजिक जागरूकता को जनआंदोलन का स्वरूप दे रही है।

#### समाज में जागरूकता ही ला सकती है परिवर्तन

मुख्यमंत्री ने उपस्थित युवाओं और स्वयंसेवकों की सराहना करते हुए कहा कि समाज में जागरूकता ही सबसे बड़ा परिवर्तन ला सकती है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि पूजा सामग्री, प्लास्टिक, निर्माण मलबा और अन्य कचरे को यमुना में प्रवाहित न करें और स्वच्छता को जनआंदोलन बनाने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं। दिल्ली सरकार पूजा सामग्री एवं खंडित मूर्तियों के सम्मानजनक निस्तारण के लिए विभिन्न क्षेत्रों में विशेष संग्रह केंद्र (पोर्टा केबिन) स्थापित कर रही है, जहां से इनका वैज्ञानिक एवं व्यवस्थित पुनर्चक्रण सुनिश्चित किया जाएगा। इससे धार्मिक भावनाओं का सम्मान भी होगा और प्रभावी अपशिष्ट प्रबंधन भी सुनिश्चित होगा।

#### अब 'हर रविवार' चलेगा स्वच्छता अभियान

मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि दिल्ली सरकार जनसहभागिता को और अधिक मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक रविवार को स्वच्छता अभियान, यमुना सफाई अभियान या वृक्षारोपण जैसे जनहित अभियानों का आयोजन करेगी। उन्होंने नागरिकों से इन अभियानों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान करते हुए कहा कि सरकार और समाज के संयुक्त प्रयासों से ही स्वच्छ, निर्मल और अविरल यमुना का संकल्प साकार होगा।

#### सीएम ने पर्यावरण संरक्षण से जुड़े युवाओं से किया संवाद

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने स्वच्छता अभियान के दौरान स्वयंसेवकों एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े युवाओं से संवाद भी किया। स्वयंसेवकों ने उन्हें बताया कि अभियान के दौरान एकत्रित प्लास्टिक कचरे का रिसाइकल कर स्कूलों के लिए बेंच, डस्टबिन और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े अन्य उपयोगी उत्पाद तैयार किए जा सकते हैं। मुख्यमंत्री ने इस इनोवेटिव आइडिया की सराहना करते हुए कहा कि दिल्ली सरकार ऐसे नवाचारों और सर्कुलर इकोनॉमी आधारित प्रयासों को हरसंभव सहयोग देगी।

## दिल्ली में भीषण गर्मी, पारा 41 डिग्री पार



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मानसून के दिल्ली से मुंह फेरने के चलते भीषण गर्मी और पसीना पसीना करने वाली उमस ने रविवार यानी वीकेंड कस मजा किरकिरा कर दिया। हालांकि शाम के समय आसमान पर गहरे बादल छाने से उम्मीद बंधी की झमाझम बारिश होगी। लेकिन देर रात तक कहीं कहीं बूंदाबांदी की ही खबरें मिली।

जबकि भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बारिश व तेज हवाओं को लेकर येलो अलर्ट जी किया था। आईएमडी के अनुसार रविवार को अधिकतम तापमान 41.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 4.6 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। जबकि न्यूनतम तापमान 31.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 3.2 डिग्री सेल्सियस अधिक है। आईएमडी ने बताया कि सबसे ज्यादा तापमान रिज एरिया में 42.6 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं लोधी रोड 42.1 डिग्री सेल्सियस और पालम में 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। आईएमडी का कहना है कि पिछले 24 घंटे में हवा में आद्रता का अधिकतम स्तर 70 प्रतिशत व न्यूनतम आद्रता का स्तर 37 प्रतिशत दर्ज हुआ। आईएमडी ने ताजा अनुमान में कहा है कि सोमवार के लिए ग्रीन अलर्ट जारी करते हुए कहा है कि आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे।

आसमानी चमक के साथ बहुत हल्की से हल्की बारिश की संभावना हो सकती है। आईएमडी ने मंगलवार व बुधवार के लिए येलो अलर्ट जारी करते हुए कहा है कि आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। आसमानी चमक के साथ बहुत हल्की से हल्की बारिश की संभावना हो सकती है। बता दें कि संभावित तारीख 27 जून से मानसून आगे खिसक गया है। ऐसे में दिल्ली वाले भीषण गर्मी और दम घोटू उमस से बेहाल हो रहे है। प्री मानसून की बारिश ने भी एक तरह से दिल्ली से दूरी ही बना रखी है।

## सीएम का चिल्ला गांव का दौरा केवल दिखावा, यमुना सफाई पर जवाब दे सरकार: यादव

नई दिल्ली। दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा है कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा चिल्ला गांव में स्वच्छता अभियान में हिस्सा लेने और बस्ती के बच्चों से मुलाकात को केवल एक दिखावा बताते हुए कहा कि इससे दिल्ली की वास्तविक समस्याओं का समाधान नहीं होने वाला। मुख्यमंत्री का चिल्ला गांव दौरा केवल दिखावा है। क्योंकि भाजपा सरकार यमुना सफाई के नाम पर लगातार सिर्फ और सिर्फ प्रचार ही कर रही है, जबकि जमीनी स्तर पर प्रदूषण और गंदगी की स्थिति में अपेक्षित सुधार दिखाई नहीं दे रहा। यादव ने कहा कि रेखा सरकार को चाहिए कि वह सबसे पहले यमुना की सफाई और बस्तियों की बदहाली पर जनता को सच जवाब दे। यदि सरकार वास्तव में यमुना की सफाई और बस्तियों के विकास के लिए गंभीर होती, तो आज भी यमुना में गिरते गंदे नालों, प्रदूषण, कूड़े के ढेर और सीवर की समस्याओं से दिल्ली के लोग जूझने को मजबूर नहीं होते। सरकार को प्रतीकात्मक कार्यक्रमों के बजाय ठोस कार्रवाई और उसके परिणाम जनता के सामने रखने चाहिए। यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री का बस्ती के बच्चों से मिलना स्वागत योग्य है, लेकिन उन बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए स्वच्छ वातावरण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं, साफ पेयजल और सुरक्षित जीवन उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी है। केवल मुलाकात और तस्वीरें खिंचवाने से इन समस्याओं का समाधान नहीं होगा। यादव ने मांग की है कि की सरकार प्रचार पर ध्यान देने के बजाय यमुना की सफाई, बस्तियों में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार और दिल्ली को स्वच्छ एवं प्रदूषण-मुक्त बनाने के लिए ठोस और जवाबदेह कदम उठाए।

## 'अलका की मेहनत से दिल्ली में ओबीसी वर्ग भी हमारे परंपरागत वोट बैंक में जुड़ा'

### पूर्वी दिल्ली कार्यकर्ताओं ने राज्यसभा सांसद चुने जाने पर डा. अलका गुर्जर का किया अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



डा. अलका गुर्जर ने विगत लगभग 4 वर्ष में दिल्ली भाजपा के कार्यकर्ताओं को भलीभांति समझा है और अभिभावक की तरह दिल्ली भाजपा संगठन को मजबूत किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा एवं डा. अलका गुर्जर की मेहनत से दिल्ली में ओबीसी वर्ग भी हमारे परंपरागत वोट बैंक में जुड़ा है। यह बात रविवार को दिल्ली भाजपा अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने डा. अलका गुर्जर के राज्य सभा सदस्य चुने जाने पर ओबीसी मोर्चा के पूर्वी दिल्ली कार्यकर्ताओं द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए कही। इस अभिनंदन समारोह की अध्यक्षता ओबीसीमोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष सुनील यादव ने की। इस अवसर पर सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने समारोह में बड़ी संख्या में उपस्थित ओबीसी मोर्चा कार्यकर्ताओं और शाहदरा जिला भाजपा पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए डा. अलका गुर्जर द्वारा विगत 4 साल में दिल्ली भाजपा को दिये सफल संगठनात्मक मार्गदर्शन के लिए आभार प्रकट किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक नसीब सिंह के साथ 360 गांव पंचायत अध्यक्ष सुरेंद्र सोलंकी, राम खिलाड़ी यादव, महिला मोर्चा अध्यक्ष ऋचा पांडे आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे। सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि आजादी के बाद इतिहास में पहला अवसर है कि गुर्जर समाज से चार सांसद है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओबीसी समाज के लिए कई ऐसे काम किये हैं जो समाज को एक नेतृत्व देता है और आज विधानसभा से लेकर लोकसभा तक ओबीसी समाज के ऊपर भरोसा करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि जब पिछली बार दिल्ली में भाजपा 8 विधायक के साथ विधानसभा में पहुंचे तो मैं अकेला पिछड़े वर्ग से था लेकिन पार्टी ने मुझे नेता विपक्ष बनाने का काम किया।

## सभी झुग्गी बस्तियों में बनाए जा रहे हैं जन सुविधा परिसरः बिधूड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली की सभी झुग्गी-झोंपड़ी कॉलोनियों में जन सुविधा परिसर बनाए जा रहे हैं। यह बात रविवार को दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने तुगलकाबाद विधानसभा क्षेत्र में झुग्गी कैंप इंदिरा कल्याण विहार ओखला फेज-1 में 66 लाख रुपए की लागत से बने सबसे बड़े जन सुविधा परिसर का शिलान्यास करते हुए कही।

बिधूड़ी ने बताया कि इस जन सुविधा परिसर में कुल 60 सीटें बनाई गई हैं जिनमें से 30 पुरुषों के लिए और 30 महिलाओं के लिए हैं। बिधूड़ी ने सबसे बड़े जन सुविधा परिसर के लिए फंड उपलब्ध कराने के लिए क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता प्रति आभार व्यक्त किया। बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली में भाजपा सरकार ने झुग्गी बस्तियों में विकास कार्यों के लिए 700 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं। इस राशि से इन झुग्गी बस्तियों में वे तमाम सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी जिनसे वे सुविधाजनक और सम्मानजनक जीवन व्यतीत कर सकें। इस अवसर पर निगम पार्षद श्रीमती ममता पवन प्रताप सिंह भी उपस्थित रहीं। बिधूड़ी ने मोलडबंद विस्तार में मेन खजूर रोड पर दिल्ली नगर निगम द्वारा 1.5 करोड़ रुपए की लागत से बनाई जा रही सड़क और नालियों के निर्माण कार्य का विधायक रामसिंह नेताजी और निगम पार्षद हेमचंद गोयल के साथ शिलान्यास किया।

## पहले राजघाट पहुंचे फिर सीजेपी के मंच से सोनम वांगचुक ने शुरू की बेमियादी भूख हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के समर्थन में लद्दाख के पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने 28 जून 2026 को जंतर मंतर पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू कर दी। सीजेपी के नौवें दिन भूख हड़ताल पर बैठने से पहले वांगचुक और सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दिपके व अन्य सहयोगी राजघाट पहुंचे और महात्मा गांधी की समाधि पर फूल माला चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

बाद में सभी जंतर मंतर पहुंचे और मंच से भूख हड़ताल की शुरुआत करने का आह्वान किया। इस अवसर पर वांगचुक ने कहा कि मैं खुशी से नहीं मजबूरी में अनशन पर बैठा हूं। भूख हड़ताल शुरू करते हुए सोनम वांगचुक ने कहा कि जिनेवा से सीधे दिल्ली पहुंचा हूं। पहले ही सरकार को संदेश दिया गया था कि अगर शिक्षा व्यवस्था में जवाबदेही तय करने और पर्यावरण से जुड़े मुद्दों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई तो लोकतांत्रिक तरीके से शांतिपूर्ण प्रतिरोध करना पड़ेगा। उन्होंने कहा, मैं खुशी से नहीं, मजबूरी में अनशन पर बैठ रहा हूं। क्योंकि लोकतंत्र में जब सरकार कोई जवाब नहीं देती, तब शांतिपूर्ण प्रतिरोध ही आखिरी रास्ता बचता है।

पूरे तन, मन और धन की शक्ति से मैं शिक्षा और पर्यावरण दोनों मुद्दों के समर्थन में यह अनशन कर रहा हूं। वांगचुक ने कहा कि शिक्षा मेरे जीवन का सबसे बड़ा मिशन रहा है। इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने के बावजूद कभी इंजीनियर की नौकरी नहीं की। देश की अधिकांश समस्याओं का समाधान शिक्षा सुधार से ही निकलेगा। जब युवाओं और छात्रों ने शिक्षा व्यवस्था में गड़बड़ियों के खिलाफ आवाज उठाई, तो चुप रहना संभव नहीं था। उन्होंने कहा कि इसी वजह से मैं कॉकरोच जनता पार्टी के आंदोलन का हिस्सा बना हूं। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल बच्चों का भविष्य नहीं बनाती, बल्कि देश की दिशा तय करती है. उन्होंने कहा कि हिमालय और लद्दाख का पर्यावरण पूरे देश की साझा जिम्मेदारी है। क्योंकि करोड़ों लोग वहां से निकलने वाले जल स्रोतों पर निर्भर हैं। उन्होंने कहा कि मेरे साथ 6 छात्र नेता भी भूख हड़ताल पर बैठे है। यह भूख हड़ताल केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) को खत्म करने और नई शिक्षा नीति 2020 को वापस लेने की मांग को लेकर की जा रही है।

### 'विकसित भारत संकल्प सम्मेलन' में शामिल हुईं मुख्यमंत्री

# मन की बात' जनसेवा को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने का है सशक्त माध्यम : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'मन की बात' कार्यक्रम जनसेवा को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। यह बात रविवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पीतमपुरा में जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं और भारी संख्या में उपस्थित नागरिकों के साथ कार्यक्रम का श्रवण करते हुए कही।

इसके बाद मुख्यमंत्री रविवार को राजधानी के विभिन्न स्थानों पर आयोजित तीन 'विकसित भारत संकल्प सम्मेलन' में शामिल हुईं। यह सम्मेलन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन, विकास और जनकल्याण के 12 गौरवशाली वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत ने विकास और जनहितैषी योजनाओं में अभूतपूर्व और ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने बिना किसी अवकाश के निरंतर राष्ट्र सेवा करते हुए भारत को वैश्विक स्तर पर एक नई और सुदृढ़ पहचान दिलाई है। मुख्यमंत्री ने शालीमार बाग विधानसभा स्थित पीतमपुरा, शकूरबस्ती विधानसभा के वेस्ट एन्क्लेव और मुस्तफाबाद विधानसभा के महालक्ष्मी विहार में भी 'विकसित भारत संकल्प सम्मेलन' में भागीदारी की। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सम्मेलनों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में देश डिजिटल इंडिया, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, रेलवे, एक्सप्रेस-वे, एयरपोर्ट, रक्षा उत्पादन, पारदर्शी शासन और डीबीटी जैसे अनेक क्षेत्रों में भी अभूतपूर्व प्रगति कर रहा है। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' आज देश के विकास का मूल आधार बन चुका है और दिल्ली सरकार भी इसी सेवा भाव के साथ लगातार आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार प्रधानमंत्री जी के जल संरक्षण (कैच द रेन अभियान), 'वोकल फॉर लोकल' और प्रकृति संरक्षण जैसे विजन को धरातल पर उतारने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## दिल्ली भाजपा ने नियुक्त किए पश्चिम जिले के नए पदाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा एवं वरिष्ठ नेतृत्व की अनुमति से दिल्ली भाजपा के पश्चिम दिल्ली जिला अध्यक्ष चंद्रपाल बख्शी ने नये जिला संगठन पदाधिकारियों के साथ ही दो नए मंडल अध्यक्षों की सूची आज जारी की है। जारी सूची के अनुसार आनंद त्यागी, मुकुल अग्रवाल, संतोष गुप्ता, कुणाल साहनी, रमेश चोला, सरदार इंद्रजीत सिंह बल्ली को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं संदीप जैन, स्वेता सैनी, सरदार चरणजीत सिंह लवली को जिला महामंत्री नियुक्त किया गया जबकि सुरेंद्र चौधरी को कोषाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया। वहीं अवधेश अत्रिश, रेनू रतवाया, स्वाति शर्मा, सुंदर लाल निगम, अनमोल कत्याल, कविता वर्मा को मंत्री पद प्रदान किया गया है। इसके अलावा नितिन भाटिया को कार्यालय मंत्री, जबकि विनोद चावला और अजय कपूर को प्रवक्ता नियुक्त किया गया। इसके साथ अमरजीत सिंह अमर को मीडिया प्रभारी, मनीष लूथरा को सोशल मीडिया प्रमुख जबकि वीरेंद्र कुमार भल्ला को आईटी प्रमुख नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त अविनाश बहल को चौखंडी नगर और महेश बक्शी को जनकपुरी वेस्ट का मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

## खबर संक्षेप

### ठगों पर कार्रवाई जारी, एक सप्ताह में 41 पकड़ाएं

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में फरीदाबाद पुलिस की साइबर थानों की टीम द्वारा ठगों पर लगातार



प्रभावी कार्रवाही की जा रही है। जिसके चलते 20 से 26 जून के बीच फरीदाबाद पुलिस के तीनों साइबर थानों की टीम ने 41 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर 19,56,500 बरामद किये हैं। पुलिस अनुसार फरीदाबाद पुलिस की साइबर थानों की टीम ने 11 मुकदमों में कार्रवाई करते हुए 41 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। जिसमें साइबर थाना एनआईटी के 6 व सेंट्रल के 3 व बल्लभगढ साइबर थाना के 2 एक मामला शामिल है। साइबर थाना की टीमों ने 19,56,500 बरामद किये हैं। इसी प्रकार 391 शिकायतों का निस्तारण कर 6,82,758 खातों में फ्रिज कराये हैं। कार्रवाई 20 से 26 जून के बीच एक सप्ताह के दौरान की गई है। आरोपियों में विश्वास उर्फ जाय, सुजीत कुमार मंडल, अमित कुमार आदि।

### ठगी के मामले में दो और आरोपी धराए

**फरीदाबाद।** साइबर थाना एनआईटी की टीम ने एक साइबर ठगी के मामले में 27 जून को 2



खाता उपलब्ध करवाने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान अभिषेक बंसल व अमित कुमार निवासी भोपाल मध्य प्रदेश को गिरफ्तार किया है। जिनको अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है। जांच में सामने आया कि आरोपी अभिषेक ने तेजस का खाता प्रिंस से लेकर आगे अमित को दिया था वहीं अमित ने यह खाता आगे टेलीग्राम पर ठगों को दिया था। अभिषेक बीएए पास है व कैनोपी लगाकर सिम बेचता है वहीं अमित बीएससी नर्सिंग की पढाई कर रहा है। पुलिस के अनुसार जीवन नगर-2 गौच्छी फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 5 जनवरी 2026 को उसने गूगल पर इलेक्ट्रिक स्कूटर की संबंधी जानकारी खोजी थी।


---

जलभराव पर रियल टाइम निगरानी के लिए एमसीजी की स्मार्ट पहल

# जलभराव की समस्या से अब हाईटेक होगा गुरुग्राम का मानसून प्रबंधन

धर्मेंद्र कौशिक ▶▶ गुरुग्राम

मानसून के दौरान जलभराव की समस्या से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए नगर निगम गुरुग्राम एमसीजी ने अत्याधुनिक तकनीक का सहारा लिया है। नगर निगम ने आईआईटी गांधीनगर और एआईआरइएसक्यू के सहयोग से विकसित फ्लड डिसीजन सपोर्ट सिस्टम



(डीएसएस) को लागू करने की दिशा में विस्तृत समीक्षा की और अधिकारियों को इसके संचालन का विशेष प्रशिक्षण दिया। अतिरिक्त निगमायुक्त यश जालुका की अध्यक्षता में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में नगर निगम की जीआईएस टीम तथा मानसून मॉनिटरिंग सेल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सिस्टम के व्यावहारिक उपयोग की जानकारी दी गई।

### आंकड़ों का रियल टाइम डेटा उपलब्ध कराएंगे

विशेषज्ञों ने अधिकारियों को सिस्टम से प्राप्त रिपोर्टों के विश्लेषण, फील्ड टीमों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा रियल टाइम डेटा को लगातार अपडेट करने की प्रक्रिया से भी अवगत कराया। प्रो. उदित भाटिया और पद्मश्री प्रो. अशोक झुनझुनवाला की अगुवाई में आईआईटी गांधीनगर की विशेषज्ञ टीम ने शहर में लगाए गए विभिन्न सेंसरों का फील्ड निरीक्षण भी किया। ये सेंसर वर्षा, जलस्तर और अन्य महत्वपूर्ण आंकड़ों का रियल टाइम डेटा उपलब्ध कराएंगे। इस डेटा को फ्लड डिसीजन सपोर्ट सिस्टम से जोड़कर संभावित जलभराव वाले क्षेत्रों की लगातार निगरानी की जाएगी, जिससे समय रहते राहत एवं बचाव संबंधी आवश्यक कदम उठाए जा सकेंगे। अतिरिक्त निगमायुक्त यश जालुका ने कहा कि यह प्रणाली केवल मानसून के दौरान त्वरित निर्णय लेने तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि भविष्य में जल निकासी परियोजनाओं की वैज्ञानिक योजना तैयार करने, संसाधनों के बेहतर उपयोग और नागरिकों को अधिक सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराने में भी अहम भूमिका निभाएगी। ननि आयुक्त प्रदीप दहिया ने कहा नगर निगम का लक्ष्य अत्याधुनिक तकनीक, वैज्ञानिक विश्लेषण और डेटा आधारित निर्णय प्रणाली के माध्यम से शहरी प्रशासन को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और नागरिक-केंद्रित बनाना है। गुरुग्राम में मानसून प्रबंधन को नई मजबूती मिलेगी और शहर को स्मार्ट, सुरक्षित तथा भविष्य की चुनौतियों के लिए बेहतर तरीके से तैयार किया जा सकेगा।

---

## अब मरीजों को घर के नज़दीक मिलेगी विशेषज्ञ कैंसर चिकित्सा

# एमओसी कैंसर केयर ने फरीदाबाद में नया केंद्र शुरू कर एनसीआर में बढ़ाई अपनी मौजूदगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

एमओसी कैंसर केयर ने फरीदाबाद में अपने नए ऑन्कोलॉजी (कैंसर उपचार) केंद्र का उद्घाटन किया है। इस नए केंद्र के साथ संस्था ने उत्तर भारत में अपनी उपस्थिति और मजबूत करते हुए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में विशेषज्ञ कैंसर सेवाओं की पहुंच का विस्तार किया है। इस केंद्र का उद्घाटन डा. वाई.के. गुप्ता अध्यक्ष एम्स कल्याणी पश्चिम बंगाल एवं प्रिंसिपल एडवाइजर, इंडिया स्ट्रैटेजी डेवलपमेंट ग्लोबल एंटीबायोटिक्स रिसर्च एंड डेवलपमेंट पार्टनरशिप ने किया। यह भारत में एमओसी कैंसर केयर एंड रिसर्च सेंटर का 31वां कैंसर केंद्र है।

एमओसी कैंसर केयर अब तक 5 लाख से अधिक कैंसर मरीजों के जीवन को प्रभावित कर चुका है तथा हर वर्ष 85000 से अधिक कीमोथेरेपी उपचार प्रदान करता है। फरीदाबाद केंद्र संस्था के बढ़ते कम्युनिटी कैंसर सेंटर नेटवर्क का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य विशेषज्ञ कैंसर उपचार को अधिक सुलभ और किफायती बनाना है।




### कैंसर का उपचार पहले की तुलना में कही अधिक

दिल्ली-एनसीआर में लगातार बढ़ते कैंसर मामलों के बीच मरीजों के घर के नजदीक समय पर जांच और उपचार की आवश्यकता पहले से अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। लंबी दूरी तय करने की मजबूरी और विशेषज्ञ उपचार तक देर से पहुंचना अक्सर मरीजों और उनके परिवारों के लिए अतिरिक्त कठिनाइयां पैदा करता है, डॉ. आदित्य विदुषी मेडिकल ऑन्कोलॉजी, एमओसी कैंसर केयर फरीदाबाद ने कहा कि आज कैंसर का उपचार पहले की तुलना में कहीं अधिक व्यक्तिगत हो गया है।

#### सेवाओं का विस्तार करने के लिए बधाई

फरीदाबाद केंद्र में हमारा उद्देश्य वैज्ञानिक प्रमाणों पर आधारित उपचार पद्धतियों को प्रिसिजन ऑन्कोलॉजी और व्यापक सहायक देखभाल के साथ जोडना है, ताकि प्रत्येक मरीज को उसकी आवश्यकता के अनुरूप व्यक्तिगत उपचार योजना उपलब्ध कराई जा सके और सर्वोत्तम परिणाम सुनिश्चित किए जा सकें। उद्घाटन समारोह में डा. वाईके गुप्ता अध्यक्ष, एम्स कल्याणी पश्चिम बंगाल एवं प्रिंसिपल एडवाइजर, इंडिया स्ट्रैटेजी डेवलपमेंट ग्लोबल एंटीबायोटिक्स रिसर्च एंड डेवलपमेंट पार्टनरशिप ने कहा कि उत्तर भारत में अपनी सेवाओं का विस्तार करने के लिए मैं एमओसी कैंसर केयर को बधाई देता हूं।

#### अधिक से अधिक लोगों को उनके घर पर कैंसर का उपचार मिल सके

ऐसे समय में जब देशभर में कैंसर के मामलों में तेजी से वृद्धि हो रही है, विशेषज्ञ कैंसर उपचार अवसंरचना और प्रशिक्षित विशेषज्ञ अभी भी सीमित क्षेत्रों तक ही केंद्रित हैं। इस मांग और उपलब्धता के बीच की खाई को पाटने के लिए समुदाय स्तर पर अधिक गुणवत्तापूर्ण कैंसर केंद्रों की आवश्यकता है। फरीदाबाद जैसे केंद्र यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं कि अधिक से अधिक लोगों को उनके घर के निकट समय पर कैंसर उपचार उपलब्ध हो सके।

#### *हमारा लक्ष्य कम्युनिटी कैंसर सेंटरों का एक मजबूत नेटवर्क तैयार करना*

*इस केंद्र में विशेषज्ञ परामर्श, कीमोथेरेपी, टार्गेटेड थेरेपी एवं इम्यूनोथेरेपी जैसे उन्नत उपचार, सहायक एवं उपशामक (पैलिएटिव, देखभाल) वेलनेस सेवाएं तथा व्यक्तिगत उपचार योजना सहित व्यापक ऑन्कोलॉजी सेवाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराई जाएंगी। आदित्य बहादुर सीओओ, एमओसी कैंसर केयर नॉर्थ ने कहा कि हमारा लक्ष्य कम्युनिटी कैंसर सेंटरों का एक मजबूत नेटवर्क तैयार करना है, ताकि मरीजों को प्रत्येक परामर्श या उपचार चक्र के लिए दूर स्थित तृतीयक अस्पतालों की यात्रा न करनी पड़े। फरीदाबाद केंद्र उत्तर भारत में हमारे विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और यह हमें पूरे एनसीआर में एक समन्वित कैंसर केयर नेटवर्क के माध्यम से मरीजों की बेहतर सेवा करने में सक्षम बनाएगा। हमारा मानना है कि घर के निकट उपलब्ध उपचार से मरीजों को अधिक सुविधा मिलती है उपचार की निरंतरता बनी रहती है और उनका समग्र अनुभव बेहतर होता है। फरीदाबाद केंद्र एमओसी कैंसर केयर के उत्तर भारत में जारी विस्तार का हिस्सा है। कम्युनिटी कैंसर सेंटरों के अपने नेटवर्क के माध्यम से संस्था उच्च गुणवत्ता वाली कैंसर चिकित्सा को अधिक सुलभ बनाने तथा मरीजों और उनके परिवारों पर यात्रा और उपचार में होने वाली देरी के बोझ को कम करने के अपने उद्देश्य की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है।*

---



समाज को शिक्षित करना ब्राह्मण का कर्म: विधायक

# ब्राह्मण समाज के 81 छात्रों को दिया गया विप्र विद्या रत्न पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जिला फरीदाबाद ब्राह्मण सभा द्वारा समाज के प्रतिभाशाली छात्रों को सम्मानित करने के लिए विप्र विद्या रत्न पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री व बल्लभगढ विधायक मूलचंद शर्मा ने शिरकत की। इस मौके पर जिला फरीदाबाद ब्राहमण सभा के प्रधान बृजमोहन बातिश ने मुख्य अतिथि मूलचंद शर्मा का फूलमाला से स्वागत किया। मंच का संचालन एडवोकेट महेश शर्मा ने किया। इस मौके पर मूलचंद शर्मा ने उपस्थित छात्रों व अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ब्राह्मण का आभूषण है और शिक्षा देना ब्राह्मण कर्म है। इसलिए अगर ब्राह्मण शिक्षित होगा तो सर्व समाज शिक्षित बनेगा। शर्मा ने कहा बिना शिक्षा के किसी भी व्यक्ति का कोई अस्तित्व नहीं होता।

**जिला फरीदाबाद ब्राह्मण ने आयोजित किया विप्र विद्या रत्न पुरस्कार समारोह**

उन्होंने कहा कि आज देश व प्रदेश में काबिलियत के दम नौकरी मिलती है नाकि सिफारिश के दम पर। श्री शर्मा ने कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों से अपील करते हुए कहा कि आज प्रतिस्पर्धा के दौर में सबसे आगे रहना है तो अव्वल दर्जे में शिक्षा ग्रहण करनी अनिवार्य होगी। शर्मा ने जिला ब्राह्मण सभा के द्वारा लगातार समाज के प्रतिभाशाली छात्रों के उत्साहवर्धन के लिए जो विप्र विद्या रत्न पुरस्कार देने का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है वह बेहद सराहनीय और प्रशसंनीय है।

**RUKMINI DEVI**
**Institute of Advanced Studies**
Rohini, Delhi-110085

Dated: 29.06.2026

**Admission under Management Quota Seats**

Institute offers management quota seats for BBA (G), B. Com. (H) and MBA Programmes as per norms of University/ State Government for the academic session 2026-27. Candidates who have qualified the entrance test (CET-2026/ CUET-2026 as per domain specific subjects mentioned in GGSIPU Admission Brochure for BBA and B. Com. (H) programme & CAT-2025/ CMAT-2026/ CET-2026/ CUET PG-2026 as per domain specific subjects mentioned in GGSIPU Admission Brochure for MBA programme) may submit duly filled prescribed Application Form available at the Reception/ Website of the Institute from June 30, 2026 to July 17, 2026 till 5.00 PM. The detailed schedule of counseling is available at www.rdias.ac.in. For further necessary updates, regarding admission under Management Quota seats candidates are required to visit institute website regularly. Details of the management quota seats are as follows:

| S. No. | Programme | Shift | Intake | Management Quota Seats Available | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Gen | SC | ST | Def | PWD | Total |
| 1 | BBA (G) | Ist | 180 | 12 | 3 | 1 | 1 | 1 | 18 |
| 2 | BBA (G) | 2nd | 180 | 12 | 3 | 1 | 1 | 1 | 18 |
| 3 | B. Com. (H) | Ist | 60 | 04 | 1 | 1 | 0 | 0 | 06 |
| 4 | B. Com. (H) | 2nd | 60 | 04 | 1 | 1 | 0 | 0 | 06 |
| 5 | MBA | Ist | 120 | 08 | 2 | 1 | 1 | 0 | 12 |
| 6 | MBA | 2nd | 60 | 04 | 1 | 1 | 0 | 0 | 06 |

Director

---

2027 के चुनाव की तैयारी में जुटी सुभास पार्टी रंगेश रंजन मंटू

# 2027 में मजबूती से लड़ेगी पार्टी चुनाव: सतेंद्र यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद



सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी (सुभास पार्टी) का मासिक चर्चा कार्यक्रम रविवार को पार्टी कार्यालय पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पार्टी के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र यादव ने भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए सत्येंद्र यादव ने आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव0 की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि चुनाव को देखते हुए संगठन को बूथ एवं वार्ड स्तर तक मजबूत करने की आवश्यकता है। उन्होंने 2 जुलाई 2026 को आयोजित होने वाले छात्र काउंसलिंग कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को करियर निर्माण हेतु उचित मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। साथ ही उन्होंने बताया कि पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वर्गीय अशोक श्रीवास्तव की जयंती 17 सितंबर को परिवार मिलन कार्यक्रम के रूप में मनाई जाएगी।

बैठक में राजेंद्र गौतम ने सुझाव दिया कि मासिक चर्चा कार्यक्रम केवल पार्टी कार्यालय तक सीमित न रहकर विभिन्न वार्डों में भी आयोजित किए जाएं तथा प्रत्येक कार्यकर्ता कम से कम पाँच नए सदस्यों को पार्टी से जोड़ने का प्रयास करे।

मनोज कुमार शर्मा होदिया ने कहा कि स्वर्गीय अशोक श्रीवास्तव की जयंती पर एक शाम अशोक श्रीवास्तव के नाम₹ शीर्षक से विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाए। उन्होंने विधानसभा चुनाव की रणनीति तय करने हेतु अलग से विशेष बैठक बुलाने का भी प्रस्ताव रखा। अनिल मिश्रा ने वाराणसी सहित विभिन्न क्षेत्रों में संगठन विस्तार एवं लक्ष्य प्राप्ति के लिए स्थानीय समितियों के गठन पर बल दिया। वहीं सुजीत तिवारी ने चुनाव संबंधी अलग बैठक आयोजित करने तथा परिवार मिलन कार्यक्रम में स्वर्गीय अशोक श्रीवास्तव के परिजनों को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित करने का सुझाव दिया।

---

प्रशासन ने हटाया लोनीऔद्योगिक क्षेत्र में भूमि पर बना मजार

# किसी भी व्यक्ति को सार्वजनिक या सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने की अनुमति नहीं दी जाएगी: जिला प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

पुलिस व जिला प्रशासन ने रविवार को सयुंक्त अभियान चलाकर ट्रोनिका सिटी औद्योगिक क्षेत्र सरकारी भूमि पर बना मजार को हटा दिया। यह मजार लोनी ट्रोनिका सिटी के सी-8 में बना था। प्रशासन कहना है कि यह मजार सरकारी जमीन पर अवैध रूप से बनाया गया था।




कार्रवाई के दौरान पूरे क्षेत्र को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए भारी पुलिस बल और पीएसी की तैनाती की गई थी। प्रशासन की मौजूदगी में अभियान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। प्रशासन के अनुसार सी-8 स्थित भूमि यूपीसीडा के अधिकार क्षेत्र की सरकारी भूमि है। जांच में पाया गया कि इस स्थान पर बना मजार राजस्व अभिलेखों में दर्ज नहीं था और भूमि पर किया गया निर्माण नियमानुसार स्वीकृत नहीं था। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। स्थानीय लोगों के अनुसार यह मजार कई वर्षों पुराना था। एडीएम सिटी विकास कश्यप ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया जा रहा है।

किसी भी व्यक्ति को सार्वजनिक या सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने की अनुमति नहीं दी जाएगी और आगे भी ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। एसडीएम लोनी दीपक सिंगनवाल ने बताया कि राजस्व अभिलेखों और संबंधित विभागों से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की गई है। पूरी प्रक्रिया नियमानुसार संपन्न कराई गई और अभियान के दौरान किसी प्रकार की बाधा नहीं आई। यूपीसीडा की परियोजना अधिकारी शर्मिला पटेल ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र की भूमि का उपयोग केवल निर्धारित उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है। अवैध निर्माण और अतिक्रमण के खिलाफ यूपीसीडा का अभियान आगे भी जारी रहेगा। डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्रनाथ तिवारी ने बताया कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था।

---

साइबर ठगी के मामले में बड़ी कार्रवाई

## 12 लैपटॉप, 150 सिम कार्ड इलेक्ट्रानिक साक्ष्य बरामद

# वजन घटाने के नाम पर करोड़ों की ठगी करने वाले फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़, तीन महिला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

साइबर क्राइम वेस्ट थाना पुलिस ने वजन कम करने के नाम पर लोगों से ऑनलाइन ठगी करने वाले एक फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ करते हुए तीन महिला आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह विभिन्न राज्यों के लोगों से करोड़ों रुपए की ठगी कर चुका है। साइबर ठगी के मामले में कार्रवाई करते हुए एसीपी साइबर क्राइम गौरव फोगाट के निर्देशन में साइबर क्राइम वेस्ट थाना प्रभारी इंस्पेक्टर संदीप कुमार के नेतृत्व में टीम ने उद्योग विहार फेज-5 स्थित एक कॉल सेंटर पर रेड की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने ठगी में इस्तेमाल किए जा रहे 102 मोबाइल फोन, 150 सिम कार्ड, 12 लैपटॉप और अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य बरामद कर जब्त कर लिए। वहीं मौके से तीन महिलाओं को काबू कर लिया।



#### *गुजरात समेत कई राज्यों में करोड़ों की ठगी*

*जांच में सामने आया है कि इस गिरोह ने गुजरात सहित कई राज्यों के लोगों को अपना शिकार बनाया और वजन घटाने की दवाइयों के नाम पर करोड़ों रुपए की ठगी की। पुलिस को आशंका है कि इस नेटवर्क का दायरा काफी बड़ा है और इसमें कई अन्य लोग भी शामिल हैं।*

#### फेसबुक-इंस्टाग्राम पर चलाते थे फर्जी विज्ञापन

पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी क्रस्ट साइंस एंड वेलनेस प्राईवेट लिमिटेड के नाम से फेसबुक और इंस्टाग्राम पर हर्बल वजन घटाने वाली दवाइयों के विज्ञापन चलाते थे। विज्ञापन देखकर संपर्क करने वाले लोगों को कॉल सेंटर से फोन किया जाता था और खुद को डाइटिशियन, ब्यूटीशियन या डॉक्टर बताकर महंगी दवाइयां खरीदने के लिए प्रेरित किया जाता था।

#### कंपनी प्रबंधन की भूमिका भी जांच के घेरे में

पुलिस के अनुसार ठगी में इस्तेमाल होने वाले मोबाइल नंबर कंपनी के कर्मचारियों को आवंटित किए गए थे। पूरे संचालन का नियंत्रण कंपनी के मैनेजर, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (सीएओ), डायरेक्टर, मालिक और अन्य सहयोगियों द्वारा किया जा रहा था। पुलिस अब इन सभी की भूमिका की भी गहन जांच कर रही है।

### निवेश के नाम पर ठगी, एनआईटी ने किया काबू

**फरीदाबाद।** स्टॉक मार्किट में निवेश के नाम पर 36.87 लाख रुपए की ठगी के मामले में खाता उपलब्ध करवाने वाला को साईबर थाना एनआईटी ने गिरफ्तार किया है। थाना साइबर अपराध एनआईटी में निवासी एनआईटी फरीदाबाद ने शिकायत में आरोप लगाया की उसको एक अनजान व्हाटसएप नबंर से कॉल प्राप्त हुआ।

जिसमें ठग ने स्टॉक मार्किट में पैसा निवेश करके मोटा मुनाफा कमाने का लालच दिया और फिर उसे एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा। जिसके बाद आरोपी ने लालच में आकर 36,87,000 रुपए निवेश कर दिए।

**पावरग्रिड POWERGRID**

**नोटिस**

1. उपरोक्त नामित याचिकाकर्ता ने **"400/220 केवी इलाहाबाद (पीजी) उपकेंद्र में 400/220 केवी, 1×500 एमवीए (चौथा) आईसीटी स्थापित पर रूपांतरण क्षमता वृद्धि"** योजना के अंतर्गत इलाहाबाद (पीजी) उपकेंद्र पर स्थापित 1×500 एमवीए, 400/220 केवी (चौथा) इंटर-कनेक्टिंग ट्रांसफॉर्मर (आईसीटी) परिसंपत्ति के लिए वर्ष 2024–29 की टैरिफ अवधि हेतु पारेषण शुल्क (Transmission Tariff) के निर्धारण के संबंध में सेंट्रल इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमीशन, नई दिल्ली के समक्ष याचिका–1 दायर की है।
2. उपर्युक्त पारेषण प्रणाली के लाभार्थी हैं: (i) अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, (ii) जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, (iii) जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, (iv) पंजाब राज्य विद्युत कार्पोरेशन लिमिटेड, (v) हरियाणा विद्युत क्रय केंद्र, (vi) जम्मू कश्मीर विद्युत कार्पोरेशन लिमिटेड, (vii) उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन लिमिटेड, (viii) बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड, (ix) बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड, (x) टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन, (xi) चंडीगढ़ विद्युत विभाग, (xii) उत्तरांचल पावर कार्पोरेशन लिमिटेड, (xiii) उत्तर मध्य रेलवे, (xiv) नई दिल्ली नगरपालिका परिषद, (xv) हिमाचल प्रदेश राज्य इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड, (xvi) सेंट्रल ट्रांसमिशन यूटिलिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड

| विवरण | परिसंपत्ति–1 |
|---|---|
| स्वीकृत परियोजना लागत (एफआर के अनुसार) (लाख रुपये में) | 5774.00 |
| परियोजना की पूंजीगत लागत का अनुमोदन | अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (CMD) द्वारा |
| परियोजना के वाणिज्यिक परिचालन (COD) की निर्धारित तिथि | 06.02.2025 |
| वास्तविक वाणिज्यिक परिचालन | 28.03.2026 (वास्तविक) |
| वाणिज्यिक परिचालन तिथि (COD) तक परिसंपत्ति पर व्ययित पूंजीगत लागत (लाख रुपये में) | 3809.11 |

3. 2019–2024 एवं 2024–29 ब्लॉक के लिए टैरिफ का विवरण:

रु. लाख में

| परिसंपत्ति | 2024-25 | 2025-26 | 2026-27 | 2027-28 | 2028-29 |
|---|---|---|---|---|---|
| परिसंपत्ति–1 | 0.00 | 8.31 | 857.11 | 1011.16 | 1069.11 |

4. टैरिफ निर्धारण करने हेतु दायर याचिका की एक कॉपी वेबसाइट www.powergrid.in पर उपलब्ध है।
5. याचिका में निहित टैरिफ निर्धारण के प्रस्तावों पर सुझाव एवं आपत्तियाँ, यदि कोई हो तो किसी भी व्यक्ति (जिसमें लाभार्थी भी शामिल हैं) द्वारा इस सूचना प्रकाश की तिथि से 30 दिनों के भीतर आयोग के ई–फाइलिंग पोर्टल के माध्यम से प्रस्तुत की जा सकती हैं। इसकी एक प्रति याचिकाकर्ता को भी उपलब्ध करानी आवश्यक होगी।

हस्ता./–
रमन कुमार
वरिष्ठ उप महाप्रबंधक

स्थान: गुरुग्राम
दिनांक: 29.06.2026

**पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम)
पंजीकृत कार्यालय: बी–9, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली 110 016
कॉर्पोरेट कार्यालय: सौदामिनी, प्लॉट नंबर 2, सेक्टर–29, गुड़गांव, हरियाणा – 122 001

PG/CC/Notice-31/Advt-34/2026-27

## खबर संक्षेप

### रिशुश्री टेंडर फिक्सिंगः तेजस्वी ने सवालों से घेरा



**पटना।** बिहार विधानसभा में नेताप्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने टेंडर फिक्सिंग कांड पर सम्राट चौधरी सरकार पर 20 सवालों से हमला किया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि रिशुश्री ने कई मंत्रियों और अधिकारियों को लाभ पहुंचाया। लेकिन सरकार उन्हें बचा रही है। राजद नेता ने पूर्व सीएम नीतीश कुमार पर निशाना साधा है। उन्होंने सीएम सम्राट चौधरी को केंद्र का रबड़ स्टांप करार दिया।

### तमिलनाडु से वापस लाए जाएंगे झारखंड के श्रमिक



**रांची।** तिरुवल्लूर के कन्निगैपैर गांव में अमोनिया गैस रिसाव की के बाद वहां फंसे झारखंड के 34 श्रमिकों की सुरक्षित घर वापसी सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार ने उनसे संपर्क किया है। राज्य प्रवासी नियंत्रण प्रकोष्ठ की प्रमुख शिखा लाकड़ा ने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन के निर्देश पर प्रकोष्ठ ने प्रवासी श्रमिकों से संपर्क किया है। श्रमिकों ने झारखंड के गृह जिलों में लौटने की इच्छा जताई थी।

### अवैध असलहा तस्करी गिरोह का पर्दाफाश

**गोरखपुर।** बिहार से हथियार लाकर यूपी में खपाने वाले तीन को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया है।



एसटीएफ , एम्स थाना पुलिस अंतरराज्यीय अवैध असलहा तस्करी गिरोह के कब्जे से असलहे, नकदी व बिना वैध कागजात की बुलेट बाइक व मोबाइल बरामद किए हैं। तीनों सिवान व गोपालगंज से हथियार खरीदकर गोरखपुर में ऊंचे दामों पर बेचते थे।

## महिलाओं को नियमित कैंसर स्क्रीनिंग की सलाह

# विकसित भारत-2047 में मातृशक्ति की भूमिका सबसे अहमः राज्यपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनऊ



अयोध्या में आयोजित 'मातृशक्ति कॉन्क्लेव अयोध्या-2026' में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मातृशक्ति को विकसित भारत-2047 की आधारशिला बताते हुए महिलाओं की सक्रिय भागीदारी पर जोर दिया। डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने मां-बेटी संवाद के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कार और महिला सशक्तिकरण से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से अपने विचार रखे। राज्यपाल ने माताओं से अपील की कि वे अपनी बेटियों को एचपीवी वैक्सीन अवश्य लगवाएं तथा 30 वर्ष से अधिक आयु की महिलाएं नियमित स्वास्थ्य जांच और कैंसर स्क्रीनिंग कराएं। उन्होंने गर्भवती महिलाओं के पोषण, बच्चों के पूर्ण टीकाकरण, पल्स पोलियो अभियान और संतुलित आहार को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की बात कही। साथ ही बच्चों को मोबाइल और सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों से बचाकर भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों और महापुरुषों के आदर्शों से जोड़ने का संदेश दिया।

# नक्सलियों को सप्लाई होती थीं बीएसएफ की गोलियां

एजेंसी ▶▶ रांची

*एनआईए की जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार, बीएसएफ फिरोजपुर, जालंधर और जैसलमेर जैसे कैंप से कारतूस को बचाकर उग्रवादियों को बेची जाती थी।*

एनआईए की जांच में बीएसएफ के फिरोजपुर, जालंधर और जैसलमेर कैंप से कारतूस की तस्करी कर आपराधिक गिरोहों और उग्रवादी समूहों को बेचे जाने का खुलासा हुआ है। जांच में यह बात सामने आई है कि बीएसएफ का पूर्व सिपाही अरुण कुमार सिंह उर्फ फौजी अपने सहयोगी रहे कार्तिक बेहरा के जरिए 100 रुपए में प्रति कारतूस हासिल कर इसे 400 रुपये के हिसाब से उग्र वादियों-अपराधी गैंग को बेचता था।



### इस्तेमाल दिखाकर बचा लिए जाते थे कारतूस

कार्तिक फायरिंग प्रैक्टिस के दौरान इस्तेमाल नहीं हुई गोलियों को रिकॉर्ड में इस्तेमाल दिखा देता था। इससे बचाए गए हजारों कारतूस को वह छिपाकर रख लेता था, बाद में फौजी को दे देता था। बेहरा ने 2016 में ही 9 एमएम और एके-47 के 945 राउंड कारतूस फौजी को सौंप दिए थे। फौजी कारतूस की खेप लेने सड़क व ट्रेन से बीएसएफ के जैसलमेर, फिरोजपुर, जालंधर व जम्मू जाता था। एनआईए ने इन शहरों के होटलों के इंट्री रजिस्टरों से फौजी के ठहरने और कार्तिक के साथ उसके नेक्सस की पुष्टि की है।

**एनआईए की जांच में बड़ा खुलासा**

### अरुण ने 2003 में स्वैच्छिक सेवा निवृत्ति ले ली

एनआईए की जांच के अनुसार, पूरे गिरोह का मुख्य सूत्रधार अरुण 1992 में बीएसएफ में भर्ती हुआ था। 2003 में उसने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली थी। सेवाकाल के दौरान मणिपुर में तैनाती के समय उसका संपर्क 116वीं बटालियन के एम्युनेशन एनसीयू कार्तिक बेहरा से हुआ था। कार्तिक ने अपने भाई की नौकरी के लिए फौजी से 2 लाख रुपए कर्ज लिए थे।

## हाथरस, सिकंदराराऊ व सादाबाद में 143 परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास

# सपा अध्यक्ष सच में धार्मिक हैं तो श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर खुलकर बोलेंः सीएम योगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हाथरस/आगरा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को हाथरस, सिकंदराराऊ व सादाबाद विधानसभा क्षेत्र में 548 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 143 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया। वहीं लाभार्थियों को आवास की चाभी, स्मार्ट फोन, युवा उद्यमी योजना के तहत चेक वितरित किए...

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर कड़ा प्रहार किया है। सीएम ने कहा कि अयोध्या को धार्मिक नगरी बनाने की बात करने वालों को पहले अपना इतिहास देखना चाहिए। जिस समाजवादी पार्टी की सरकार ने रामभक्तों पर गोलियां चलवाईं, राम जन्मभूमि आंदोलन का विरोध किया, कृष्ण जन्माष्टमी के आयोजनों पर रोक लगाई और कांवड़ यात्रा तक प्रतिबंधित कर दी, वह आज अयोध्या को धार्मिक नगरी बनाने की बात कर रही है।

सीएम ने रविवार को हाथरस, सिकंदराराऊ व सादाबाद विधानसभा क्षेत्र में 548 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 143 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया। वहीं लाभार्थियों को आवास की चाभी, स्मार्ट फोन, युवा उद्यमी योजना के तहत चेक वितरित किए। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों की प्रदर्शनियों का निरीक्षण किया। इस दौरान स्टॉल के पास एक नन्ही बच्ची को चम्मच से दूध पिलाया, गोद में लेकर दुलार किया।




### सड़क निर्माण में गड़बड़ी करने वाले जाएंगे जेल

हाथरस में सभा के बाद आगरा पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंडलायुक्त सभागार में अधिकारियों की बैठक ली। इसमें मुख्यमंत्री ने सख्त अंदाज में अधिकारियों को समझाया। उन्होंने कहा कि सीएम ग्रिड योजना के तहत विकास कार्यों को ठीक तरीके से कराया जाए। सड़कों के निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। किसी अधिकारी ने इसमें गड़बड़ी की तो उसके खिलाफ केवल मुकदमा दर्ज नहीं कराएंगे उसे जेल भी भेजा जाएगा। मुख्यमंत्री ने मेट्रो और खेरिया एयरपोर्ट का कार्य भी तेजी से पूरा करने के निर्देश भी दिए।

### रामलला के दर्शन कर लो, शायद सद्बुद्धि आ जाए

मुख्यमंत्री ने अखिलेश यादव को सलाह देते हुए कहा कि वे अयोध्या की चिंता छोड़ दें क्योंकि अयोध्या अपनी पहचान के लिए किसी की मोहताज नहीं है। अखिलेश जी, अयोध्या को रामभक्तों ने सजाया और संवारा है। आप उसकी चिंता मत करिए। पश्चाताप कर एक बार रामलला के दर्शन कर लीजिए, शायद सद्बुद्धि आ जाए। सपा वास्तव में धार्मिक आस्था का सम्मान करना चाहती है तो उसे खुलकर मथुरा-वृंदावन और श्रीकृष्ण जन्मभूमि के पक्ष में बोलना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तरह राम जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन चला था, उसी प्रकार श्रीकृष्ण जन्मभूमि की मुक्ति के लिए भी अभियान चलाने की बात समाजवादी पार्टी को खुलकर करनी चाहिए।

### *कब्रिस्तानों की नहीं, मंदिरों की आवश्यकता है*

*मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी की सरकार ने थानों और जेलों में होने वाले श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के कार्यक्रम तक बंद करा दिए थे। कांवड़ यात्रा पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया था। अब हाथरस में 22 से अधिक मंदिरों का सौंदर्यीकरण कराया गया है, लेकिन यह कार्य समाजवादी सरकार में कभी संभव नहीं था। तब यही पैसा कब्रिस्तानों की बाउंड्रीवाल बनाने में खर्च होता था। हमने वही पैसा मंदिरों की ओर डायवर्ट किया है।*



## मुंगेर में बोले सीएम सम्राट चौधरी

# जनता का काम 30 दिन में न हुआ तो 31वें दिन कोई बचा नहीं पाएगा

एजेंसी ▶▶ मुंगेर

सीएम सम्राट चौधरी ने एक बार फिर काम में लापरवाही बरतने वाले अफसरों को सख्त लहजे में चेताया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी मुंगेर पहुंचे और मौका था पंचायत विकास दिवस का। इस कार्यक्रम में सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि अगर अफसर 30 दिनों में जनता काम पूरा नहीं करेगें तो कोई भी आगे उन्हें बचा नहीं पाएगा।

बिहार के गांवों को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने के लिए रविवार को मुंगेर का टेटिया बंबर एक ऐतिहासिक बदलाव का गवाह बना। जगन्नाथ उच्च विद्यालय के मैदान में आयोजित भव्य समारोह में मुख्यमंत्री ने पूरे राज्य के लिए महत्वाकांक्षी 'पंचायत विकास दिवस' और 'जनसहयोग शिविर' अभियान का शंखनाद किया। उन्होंने करोड़ों की विकास योजनाओं की सौगात देते हुए बिहार को अग्रणी राज्य बनाने का ब्लूप्रिंट पेश किया।

### *महिला रोजगार योजना : जल्द आएगी खाते में राशि*

*बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी रविवार को मुंगेर जिले में आयोजित पंचायत विकास दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान जीविका दीदियों को संबोधित करते हुए उन्होंने एक बड़ा ऐलान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत जिन महिलाओं को अब तक लाभ नहीं मिल पाया था या जो इस योजना से छूट गई थीं, उनके बैंक खाते में बहुत जल्द राशि भेज दी जाएगी।*

## पेज एक का शेष

### आज सागर से लेकर...

उपलब्धियां हासिल की हैं, जिन पर हर देशवासी को गर्व है। कोलकाता में आईएनएस दूनागिरी, आईएनएस संशोधक और आईएनएस अग्रय को भारतीय नौ-सेना के बेड़े में शामिल किया गया। इन जहाजों की डिजाइन और उत्पादन तक,सब कुछ स्वदेशी है। जून में ही एविएशन में भी देश ने एक बड़ी सफलता पाई। सी-295, ये विमान मेड इन इंडिया है और सी-295 विमान ने अपनी पहली उड़ान पूरी की है और ऐसे 40 विमान, भारत में ही बनाए जा रहे हैं। इससे देश सुरक्षित और आत्म निर्भर बन रहा है।

### योग ने पूरी दुनिया ...

में करोड़ों लोगों ने योग कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। पीएम मोदी ने अहमदाबाद में विश्व योगासन चैंपियनशिप का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि भारत ने इस प्रतियोगिता में कुल 114 पदक जीते, जिनमें 102 स्वर्ण पदक शामिल हैं। भारत पदक तालिका में पहले स्थान पर रहा।

### हिंद महासागर भारत...

महासागर भारत और सेशेल्स को अलग नहीं करता, बल्कि हमें जोड़ता है। इसीलिए हम अजनबियों की तरह नहीं, बल्कि पुराने दोस्तों की तरह मिलते हैं। मैं यहां इसलिए आया क्योंकि मेरा मानना है कि हिंद महासागर के लिए भारत के विजन में सेशेल्स की एक खास जगह है। एक दशक बाद जब मैं यहां वापस आया हूं, तो मेरा यह विश्वास पहले से कहीं ज़्यादा मज़बूत हुआ है। आपकी आजादी के 50 साल पूरे होने के जश्न में आपके साथ शामिल होकर मुझे बहुत खुशी हो रही है। हमारी दोस्ती 50 साल पहले हमारे राजनयिक संबंध बनने के साथ शुरू नहीं हुई थी। यह उससे कहीं पहले, अगस्त 1770 में शुरू हुई थी। सेंट ऐनी द्वीप पर थेलेमाक जहाज से आए लोगों में पांच भारतीय भी शामिल थे। उस यात्रा ने बाद में आने वाले कई लोगों के लिए रास्ता दिखाया। समय के साथ, उनकी कहानियाँ आधुनिक सेशेल्स की कहानी का हिस्सा बन गईं। गौर हो कि यह 20वीं संसद है, जिसे पीएम मोदी संबोधित कर रहे हैं। 2014 में प्रधानमंत्री का पद संभालने के तुरंत बाद पीएम मोदी ने भूटान, नेपाल, ऑस्ट्रेलिया और फ़िजी की संसदों को संबोधित किया। अगले साल, उन्होंने मॉरीशस की नेशनल असेंबली और श्रीलंका, मंगोलिया, यूनाइटेड किंगडम और अफ़गानिस्तान की संसदों को संबोधित किया।

### प्रधानमंत्री ने की...

किया। तीन दिन की यात्रा पर शनिवार को सेशेल्स पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी का राष्ट्रपति हर्मिनी ने स्टेट हाउस में औपचारिक स्वागत किया। इसके बाद दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडलों के बीच उच्चस्तरीय वार्ता भी हुई। हिंद महासागर क्षेत्र में महत्वपूर्ण समुद्री पड़ोसी होने के कारण सेशेल्स, भारत के 'विज़न महासागर' (क्षेत्रों में सुरक्षा और विकास के लिए आपसी एवं समग्र प्रगति) और 'ग्लोबल साउथ' के प्रति उसकी प्रतिबद्धता का प्रमुख साझेदार है। प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा दोनों देशों के रणनीतिक संबंधों को नई दिशा देने के साथ-साथ हिंद महासागर क्षेत्र में सहयोग को और मजबूत करने की दृष्टि से महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

### सेशेल्स ने दी ...

मतलब है नीले क्षितिज का संरक्षक। यह एक विशेष सम्मानजनक उपाधि है, जो उन नेताओं या व्यक्तियों को दी जाती है जिन्होंने समुद्र, समुद्री पर्यावरण, जलवायु संरक्षण और समुद्री संसाधनों के सतत उपयोग को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया हो। सेशेल्स जैसे द्वीपीय देश के लिए महासागर उसकी जीवनरेखा हैं, इसलिए यह सम्मान उसके लिए बेहद खास माना जाता है।

### यह सम्मान क्यों ....

करने तथा जलवायु परिवर्तन से जुड़े वैश्विक प्रयासों में भारत की सक्रिय भूमिका के सम्मान में प्रदान की है। यह सम्मान दोनों देशों के मजबूत संबंधों और पर्यावरण संरक्षण के प्रति साझा प्रतिबद्धता का भी प्रतीक माना जा रहा है।

### पंजाब के मुख्यमंत्री...

जाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि अकाल तख्त साहिब की तरफ से कुछ मंत्रियों से खास विषयों पर लिखित में स्पष्टीकरण भी मांगा गया है। ऐसे में सभी संबंधित मंत्री पूरी तैयारी के साथ सोमवार को होने वाली इस पेशी के दौरान अपना जवाब लिखित रूप में वहां सौंपेंगे।

### सांसद सैलजा की मांग...

पीएम गतिशक्ति योजना तथा राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क की आवश्यकता जैसे सभी पहलुओं को ध्यान में रखा जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि कुमारी सैलजा द्वारा उठाए गए प्रस्तावों के महत्व को देखते हुए संबंधित अधिकारियों को इन मार्गों पर नए राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण कार्यक्रम के तहत आवश्यक कार्रवाई एवं परीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। कुमारी सैलजा ने कहा कि इन परियोजनाओं के साकार होने से सिरसा, ऐलनाबाद, रावतसर, हनुमानगढ़ तथा आसपास के क्षेत्रों के विकास को नई गति मिलेगी, व्यापार और परिवहन को बढ़ावा मिलेगा तथा लोगों को बेहतर सड़क संपर्क उपलब्ध होगा।

**हरियाणा सरकार युवाओं की आवाज़ को दबाने के बजाय संवाद करे : सैलजा :** सिरसा लोकसभा क्षेत्र से सांसद, कुमारी सैलजा ने पंचकूला में एचपीएससी पीजीटी भर्ती से जुड़े ओबीसी एवं पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के धरने को लेकर हरियाणा सरकार के रवैये पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यदि अभ्यर्थी लंबे समय से शांतिपूर्ण ढंग से अपनी मांगों को लेकर आमरण अनशन पर बैठे थे, तो सरकार का पहला दायित्व उनसे संवाद स्थापित कर समाधान निकालना होना चाहिए था। कुमारी सैलजा ने कहा कि आधी रात पुलिस कार्रवाई कर धरना स्थल खाली कराना तथा महिला अभ्यर्थियों सहित प्रदर्शनकारियों के साथ कथित बल प्रयोग और हिरासत में लेने की घटनाएं लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप नहीं हैं। ऐसे मामलों में सरकार को संवेदनशीलता दिखाते हुए बातचीत का रास्ता अपनाना चाहिए। सांसद ने कहा कि रोजगार, भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता और आरक्षण से जुड़े मुद्दे लाखों युवाओं के भविष्य से जुड़े हैं।

### ओडिशा-आंध्र सीमा...

विस्फोटकों की बरामदगी के लिए इलाके में नियमित रूप से कॉम्बिंग ऑपरेशन जारी रहेगा।

### बाज की निगाहें, चीते जैसी...

यह रडार लंबी दूरी से हवा और जमीन से जुड़े खतरों–जैसे क्रूज मिसाइल और विमान का पता लगाने में सक्षम है। वीडियो मैसेज में इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ के चीफ, एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने कहा कि तेजी से बदलते जियोपॉलिटिकल माहौल में यह उपलब्धि और भी अहम हो जाती है। दीक्षित ने छह और एयरक्राफ्ट शामिल करके 'नेत्रा' प्रोग्राम के प्रस्तावित विस्तार का भी स्वागत किया और भरोसा जताया कि भविष्य के प्रोजेक्ट्स भी स्वदेशी एयरबोर्न अर्ली वार्निंग सिस्टम जैसी ही सफलता हासिल करेंगे।

### बाघों का संरक्षण वनों...

उपलब्धियों के बारे में बताते हुए कहा कि पिछले एक दशक में बाघ अभ्यारण्यों की संख्या 46 से बढ़कर 58 हो गई है। उन्होंने यह भी बताया कि भारत ने 2022 तक वनों में बाघों की आबादी को दोगुना करने के सेंट पीटर्सबर्ग घोषणा के लक्ष्य को सफलतापूर्वक प्राप्त कर लिया है। यादव ने कहा कि पन्ना और सरिस्का में बाघों का सफल पुनर्वास स्थानीय समुदायों के सहयोग और भागीदारी के कारण ही संभव हो पाया है। उन्होंने उल्लेख किया कि ओडिशा के सतकोसिया बाघ अभ्यारण्य में सामुदायिक सहयोग की कमी के कारण ऐसी सफलता प्राप्त नहीं की जा सकी। प्रोजेक्ट चीता की सफलता में स्थानीय समुदायों की सक्रिय भागीदारी का भी बड़ा योगदान रहा है। मंच पर उपस्थित लोगों में राजस्थान के वन मंत्री संजय शर्मा, इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस (आईबीसीए) के महानिदेशक एसपी यादव, वन महानिदेशक और विशेष सचिव, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, सुशील कुमार अवस्थी और एनटीसीए के सदस्य सचिव संजय कुमार शामिल थे।

## उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा-

# फिटनेस व बेहतर जीवनशैली में फिजियोथेरेपी की अहम भूमिका




हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनऊ

लखनऊ के मेदांता हॉस्पिटल में द इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजियोथेरेपिस्ट्स उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित 'फिजियो समिट-2026' में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

बृजेश पाठक ने कहा कि फिजियोथेरेपी आज बिना दवा के दर्द से राहत, फिटनेस और बेहतर जीवनशैली का प्रभावी माध्यम बन चुकी है। उन्होंने युवाओं से नियमित व्यायाम अपनाने और मोबाइल व रील्स की दुनिया से बाहर निकलकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में मेदांता अस्पताल के विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को सीपीआर और बेसिक लाइफ सपोर्ट का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया तथा आधुनिक फिजियोथेरेपी तकनीकों, मैनुअल थेरेपी और उन्नत उपचार पद्धतियों की जानकारी विशेष रूप से साझा की।

## राम मंदिर दान चोरी पर अखिलेश ने कसा तंज

# अब नेशन भूल गए, डोनेशन पर हैं भाजपा की निगाहें

एजेंसी ▶▶ लखनऊ



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा की निगाहें नेशन नहीं, डोनेशन पर है। रविवार को पत्रकारों से बातचीत में अखिलेश ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव के पहले नेशन फर्स्ट का नारा दिया था। अब नेशन भूल गए और डोनेशन फर्स्ट हो गया। समाजवादी पार्टी मानती है कि राम मंदिर में चढ़ावा चोरी करने वालों ने सीधे तौर पर आस्था और श्रद्धा से खिलवाड़ किया।

भाजपा 4 सी पर काम कर रही है, यह है चंदा, चोरी, चतुराई और चालाकी। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा के धर्मकोष में न धर्म है और न शर्म। सीसीटीवी कैमरा बंद कर राम मंदिर में चढ़ावा चोरी की गई। इससे प्रभु श्रीराम का हर भक्त आहत है। सपा मानती है कि राम मंदिर में चढ़ावा चोरी करने वालों ने सीधे तौर पर आस्था और श्रद्धा से खिलवाड़ किया है, उन्हें कड़ी सजा मिले। डोनेशन चोरी का मामला कर्नाटक से जुड़ा है। सपा प्रमुख ने सवाल किया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री अक्सर अयोध्या जाते रहते हैं। इसके बाद भी डोनेशन चोरी की उनको भनक नहीं लगी। इसको लेकर कई बड़े संत-महात्मा नाराज हैं, लेकिन उनकी कोई नहीं सुन रहा है। सपा प्रमुख ने पेपर लीक के साथ भर्ती घोटाले का आरोप लगाते हुए कहा कि अब तक प्रदेश में 22 पेपर लीक हुए हैं। हाईस्कूल और इंटर का पेपर भी लीक हो रहा है।

## जांच में लापरवाही उजागर, 18 पर कार्रवाई की संस्तुति

**बिल्डिंग पर चलेगा बुलडोजर**

# अलीगंज अग्निकांडः एलडीए के 5 और अधिकारी कर्मचारी निलंबित, कुल 7 पर गिर चुकी गाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनऊ

राजधानी लखनऊ के अलीगंज अग्निकांड मामले में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लखनऊ विकास प्राधिकरण के पांच और अधिकारी-कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है। इस कार्रवाई के साथ अब तक कुल सात अधिकारियों और कर्मचारियों पर गाज गिर चुकी है।

निलंबित अधिकारियों में सहायक अभियंता संजय शुक्ला, अधीक्षण अभियंता आनंद मिश्रा, अधिशासी अभियंता शिवेंद्र शुक्ला, अवर अभियंता हेमंत कुमार और सुपरवाइजर बेलदार हरपाल शामिल हैं।

प्रशासन ने हादसे वाली इमारत के खिलाफ भी सख्त रुख अपनाते हुए बिल्डिंग मालिक वीरेंद्र शुक्ला को जेल में ध्वस्तीकरण का नोटिस सौंप दिया है। अब भवन को गिराने की कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। गौरतलब है कि 22 जून को हुए भीषण अग्निकांड में 15 बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई थी, जिसके बाद


फाइल फोटो

शासन ने उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिए थे।जांच में निर्माण स्वीकृति, निरीक्षण और निगरानी से जुड़ी गंभीर अनियमितताएं और लापरवाही सामने आने के बाद कार्रवाई का दायरा लगातार बढ़ाया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक 18 अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की संस्तुति की गई है, जबकि संदिग्ध अधिकारियों पर विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। प्रशासन का कहना है कि हादसे के लिए जिम्मेदार किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

### चिनहट के हिमालयन कोल्ड स्टोरेज में लगी आग पर पाया काबू, जनहानि नहीं

राजधानी लखनऊ के चिनहट थाना क्षेत्र स्थित हिमालयन कोल्ड स्टोरेज में लगी भीषण आग पर दमकल विभाग ने कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद पूरी तरह काबू पा लिया है। आग कोल्ड स्टोरेज परिसर में बने उस गोदाम में लगी थी, जहां खाना बनाने में इस्तेमाल होने वाले मसालों का भंडारण किया गया था। आग लगने के बाद इलाके में



अफरा-तफरी का माहौल बन गया था और धुएं का गुबार दूर-दूर तक दिखाई दे रहा था। राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि या कोई कैजुअल्टी नहीं हुई। हालांकि गोदाम में रखे मसालों और अन्य सामान को नुकसान पहुंचने की आशंका है। फिलहाल फायर विभाग और पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रहे हैं तथा नुकसान का आकलन किया जा रहा है।



# बेटियों के साथ भेदभाव के मुद्दे को उजागर करेगी 'रेवा'

**मुंबई।** 'रेवाः द अनसीन वुंड' एक ऐसी शॉर्ट फिल्म है। यह फिल्म समाज में लड़कियों के साथ होने वाले भेदभाव के गंभीर मुद्दे को सामने लाती है। निर्देशक पराग चापेकर एक शॉर्ट फिल्म लेकर आए हैं। इस फिल्म का नाम 'रेवा' है। यह फिल्म सच्ची घटना पर आधारित बताई जा रही है। इसमें रावी कौर लुबाना ने रेवा का किरदार निभाया है। फिल्म के निर्माताओं ने बताया कि यह कहानी सच्ची घटनाओं से प्रेरित है। यह एक ऐसी मासूम लड़की की दर्दनाक कहानी है, जिसे उसके अपने ही परिवार ने भेदभाव की वजह से मार डाला था। कई साल बाद, एक आध्यात्मिक जुड़ाव के जरिए उसका सच सबके सामने आता है, जो न्याय और पुनर्जन्म को दर्शाता है।

लाइफ Style

# ईशा

## काम के प्रति ईमानदार होने की जरूरत

अभिनेत्री ईशा सिंह ने अपनी फिल्म 'आब्सेस' में सभी एक्शन सीन खुद किए और अब और एक्शन फिल्में करने को तैयार है। हिंदी सिनेमा में इन दिनों अभिनेत्रियों को भी केंद्र में रखकर कई बड़ी एक्शन फिल्में बनाई जा रही हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

आगामी दिनों में प्रदर्शन की कतार में शामिल अल्फा तथा शक्ति शालिनी जैसी फिल्में इसका प्रत्यक्ष उदाहरण हैं। इस चलन को हिंदी सिनेमा की अभिनेत्रियां एक सकारात्मक बदलाव की तरफ देख रही हैं। साल 2022 में फिल्म मिडिल क्लास लव से फिल्मों में कदम रखने वाली अभिनेत्री ईशा ने अपनी हालिया प्रदर्शित फिल्म आब्सेस के लिए सारे एक्शन सीन स्वयं किया। आगे वह और भी एक्शन फिल्में करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि उसे अपनी बेवकूफी की वजह से चोट लगी थी। ईशा ने टीवी धारावाहिकों से शुरुआत के बाद फिल्मों में अपनी राह बनाई। टीवी से फिल्मों के लिए प्रयासरत कई कलाकारों की शिकायत होती है कि टीवी कलाकार वाली छवि पीछा नहीं छोड़ती है। ईशा कहती हैं, 'मैंने तो टीवी में काम करने के बाद अनुभव सिन्हा के साथ एक फिल्म (मिडिल क्लास लव) की। फिर टीवी धारावाहिक किया और उसके बाद फिर फिल्म की। मुझे छवि जैसी कोई बात नहीं लगती है। बस कलाकार को अपने काम के प्रति ईमानदार होने की आवश्यकता है। मैंने अब तक अपनी तरफ से कठिन परिश्रम करने में कुछ भी बाकी नहीं छोड़ा है, बाकी तो ऊपरवाला देख ही रहा है।'



हॉलीवुड मसाला




# 10 साल बाद अलग हुए कोर्टनी-जॉनी

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर अमेरिकी टीवी शो 'फ्रेंड्स' की अभिनेत्री कोर्टनी कॉक्स और 'स्नो पेट्रोल' बैंड के म्यूजिशियन जॉनी मैकडैड का रिश्ता अब खत्म हो गया है। दोनों 10 साल से भी ज्यादा समय से साथ थे। कोर्टनी कॉक्स और जॉनी मैकडैड की मुलाकात साल 2013 के आखिर में एक हाउस पार्टी में हुई थी, जिसके बाद उन्होंने डेटिंग शुरू की। रिश्ते के 9 महीने बाद ही दोनों ने सगाई कर ली थी, लेकिन 2015 के आखिर में उनकी सगाई टूट गई। साल 2016 में दोनों फिर से साथ आ गए, लेकिन इस बार उन्होंने दोबारा सगाई नहीं की।



# टायरेस ने की शिव की पूजा चढ़ाया दूध; मार्टिन को किया याद

**मुंबई।** हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता और सिंगर टायरेस गिब्सन हाल ही में भारत आए। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक बेहद भावुक संदेश शेयर करते हुए अपनी भारत की यात्रा को 'जिंदगी बदलने वाला' और एक आध्यात्मिक सफर बताया। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि भारत का यह सफर उनके जीवन के एक बड़े और प्रेरणादायक बदलाव की शुरुआत है। टायरेस गिब्सन ने इंस्टाग्राम पर मुंबई के एक मंदिर की तस्वीरें और वीडियो शेयर किए, जिसमें वह शिवलिंग पर दूध चढ़ाते और आरती करते नजर आ रहे हैं। अपनी पोस्ट में उन्होंने साल 1959 में डॉ. मार्टिन लूथर किंग जूनियर की भारत यात्रा का जिक्र किया। टायरेस ने लिखा, 'डॉ. मार्टिन लूथर किंग भी गांधी जी के विचारों को समझने भारत आए थे। उन्होंने कहा था कि ईसा मसीह ने उन्हें प्यार करना सिखाया, लेकिन महात्मा गांधी ने उन्हें अहिंसा का रास्ता दिखाया। उस यात्रा ने इतिहास बदल दिया था।'



# उर्वशी पर चढ़ा फुटबॉल वर्ल्ड कप का बुखार

**मुंबई।** इन दिनों देश और दुनिया भर के फुटबॉल फैंस खुशी से झूम रहे हैं। फीफा वर्ल्ड का खुमार उनके सिर चढ़कर बोल रहा है। बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला भी फीफा वर्ल्ड कप के रंग में रंग गई है। एक्ट्रेस ने डांस वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें वह फुटबॉल के दिग्गज खिलाड़ियों को अपना सपोर्ट दिखा रही हैं। उर्वशी ने रविवार को एक डांस वीडियो पोस्ट किया, इसमें वह कई चर्चित फुटबॉलर के सिग्नेचर स्टेप्स को डांस फॉर्म में कर रही हैं। जहां तक सपोर्ट की बात है तो उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट के कैप्शन में लिखा, 'यूआर7 (उर्वशी रौतेला) की तरफ से रोनाल्डो यूआर 7 के लिए...।' इस तरह उर्वशी ने बता दिया कि उनके पसंदीदा फुटबॉल प्लेयर क्रिस्टियानो रोनाल्डो हैं। उनका जर्सी नंबर 7 हैं। उर्वशी रौतेला पिछले दिनों कान फेस्टिवल में अपने अलग-अलग लुक के लिए चर्चा में रहीं।



# भगवान राम व हनुमान से प्रेरित हैं रोल

**मुंबई।** 'मुन्नाभाई' फ्रैंचाइजी को दर्शकों का काफी प्यार मिला। इसकी दोनों फिल्में हिट रहीं। सर्किट और मुन्नाभाई की जोड़ी खूब पसंद की गई। हाल ही में राजकुमार हिरानी ने खुलासा किया कि ये दोनों किरदार भगवान राम और प्रभु हनुमान से प्रेरित हैं। मशहूर फिल्म निर्माता राजकुमार हिरानी का कहना है कि मुन्ना और सर्किट के किरदारों के बीच का रिश्ता ही उनकी 'मुन्नाभाई' फ्रैंचाइजी की लोकप्रियता की वजह है। राजू हिरानी ने हाल ही में तीसरे पार्ट पर बात की और कहा कि तीसरी फिल्म तभी आएगी, जब उन्हें कोई जबर्दस्त आइडिया मिलेगा। बता दें कि राजकुमार हिरानी ने साल 2003 में 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' से बतौर डायरेक्टर डेब्यू किया। साल 2006 में इसका सीक्वल 'लगे रहो मुन्नाभाई' आया। दोनों फिल्मों को दर्शकों से खूब प्यार मिला।

टीवी मसाला



# सुनीता ने खटपट की खबरों के बीच गोविंदा पर फिर कसा तंज

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो 'लॉकअप 2' के पहले ही एपिसोड में टीवी एक्ट्रेस आकांक्षा चमोला ने अपने अलगाव की खबर सुनाई। वहीं, हर्षद चोपड़ा ने गर्लफ्रेंड से मिले धोखे की कहानी को बयां किया। इनके अलावा गोविंदा की पत्नी सुनीता ने भी इस शो पर ऐसी बातें कहीं, जो सुर्खियों में आ गई हैं। लॉकअप 2 के होस्ट फराह खान और रितेश देशमुख ने सुनीता के सामने एक खबर पढ़कर सुनाई। यह बयान सुनीता का ही था। खबर में लिखा था, 'जब तक पति पत्नी साथ हों तो अंखियों से गोली मारे। जब थर्ड पार्टी आ जाए तो घुटनों पर गोली मारे।'इस पर सुनीता ने जवाब दिया, 'सुन रहे हो चीची (गोविंदा) तो सुन लेना। घुटनों पर गोली तभी लगती है जब कोई लाइफ में आ जाती है। वो भी मैंने झूठ नहीं बोला।'वह आगे कहती हैं, 'वैसे मेरा निशाना मिस नहीं होता है।' इस बात पर फराह भी कहती हैं कि सुनीता ने कहा था कि वह घुटनों पर नहीं सीने पर गोली मारती। बता दें कि गोविंदा को घर पर बंदूक साफ करते हुए घुटनों पर गोली लग गई थी। वह कई दिन हॉस्पिटल में रहे। इसी बात पर अब सुनीता ने तंज कसा है। कुछ महीने पहले सुनीता आहूजा ने एक पॉडकास्ट में अपने और गोविंदा के रिश्ते को लेकर खुलकर बात की है। इस बातचीत में उन्होंने गोविंदा पर धोखा देने का आरोप लगाया। पत्नी सुनीता के आरोपों पर गोविंदा ने खुलकर बात की है। अपने ऊपर लगाए गए आरोपों को गलत बताया था।

## तलाक की खबर को लेकर ट्रोल्स के निशाने पर गौरव-आकांक्षा

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 19' विनर और टीवी के चर्चित एक्टर गौरव खन्ना की पत्नी आकांक्षा ने रियलिटी शो 'लॉकअप 2' में अपने अलगाव की बात सामने रखी। इस खबर को सुनकर फैंस चौंक गए। इस वजह से गौरव और आकांक्षा को ट्रोल भी कर रहे हैं। रियलिटी शो 'लॉकअप 2' के शुरुआती एपिसोड में आकांक्षा चमोला ने बताया कि वह लगभग एक साल से पति गौरव खन्ना से अलग रह रही हैं। दोनों अलग होने की सोच रहे हैं। बीते दिनों इस कपल को जिस तरह से फैंस ने एक साथ देखा था, उससे अंदाजा लगाना मुश्किल था कि इनका डिवोर्स होने वाला है। वहीं, कुछ यूजर्स इस पूरे मामले को एक पब्लिसिटी स्टंट करार दे रहे हैं। एक यूजर ने गौरव और आकांक्षा के डिवोर्स की खबर पर कमेंट करते हुए लिखा, 'कोई डिवोर्स नहीं हो रहा है, टीआरपी और लाइमलाइट में आने के लिए हो रहा है।



# 'गुलाबी साड़ी' गाने में रितेश और अंजलि का तगड़ा डांस...

**मुंबई।** अजय देवगन, अरशद वारसी, रितेश देशमुख जैसे कलाकारों से सजी फिल्म 'धमाल 4' का एक और गाना रिलीज हो गया है। संजू का 'गुलाबी साड़ी' नया ट्रैक है जिस पर फैंस भी झूम रहे हैं। गाने में अंजलि आनंद और रितेश ने कमाल का डांस किया है। 'धमाल 4' के रिलीज होने में दो हफ्ते से भी कम समय बचा है और इसका प्रमोशन जोर-शोर से चल रहा है। इसका ट्रेलर लॉन्च 12 जून को मुंबई के बाहरी इलाके में मौजूद मशहूर एम्यूजमेंट पार्क, 'इमैजिका' में हुआ था। अब हम आपके लिए 'धमाल 4' का एक और नया गाना लेकर आए हैं जो रविवार को ही रिलीज हुआ है और फैंस को ये खूब पसंद भी आ रहा है। 27 जून को रितेश देशमुख और अंजलि आनंद मुंबई के एक मॉल में 'धमाल 4' के गाने 'साड़ी' को बड़े शानदार तरीके से लॉन्च करने आए। दोनों कलाकारों ने मिलकर इस गाने पर लाइव परफॉर्मेंस दी और स्टेज पर धूम मचा दी। 'धमाल 4' का नया गाना है 'गुलाबी साड़ी', जिसे संजू ने गाया है जिन्होंने अपना ही ओरिजिनल वर्जन भी गाया था। उन्होंने इस गाने में भी मस्ती का तड़का लगाया है। गाने में अंजलि आनंद और रितेश देशमुख डांस करते हुए दिखाई दे रहे हैं। संजीदा शेख और अरशद वारसी भी इसमें हैं। अजय देवगन के सीन्स भी गाने में दिखाए गए हैं। 'साड़ी' मशहूर मराठी गाने 'गुलाबी साड़ी' का एक जोशीला, रीक्रिएटेड हिंदी वर्जन है, जिसे संजू राठौड़ ने गाया, कंपोज और लिखा है। इस गाने को भी उन्होंने ही आवाज दी है और वो वीडियो में दिखे भी हैं। इंद्र कुमार के डायरेक्शन में बनी 'धमाल 4' में इस फ्रैंचाइजी की कास्ट – अजय देवगन, रितेश देशमुख, अरशद वारसी, संजय मिश्रा और जावेद जाफरी की वापसी हो रही है।

# वाराणसी में रामायण के देवता, प्राकृतिक आपदाएं और बाप-बेटे की कहानी



नई दिल्ली। फिल्ममेकर एसएस राजामौली अभी फिल्म 'वाराणसी' की चल रही शूटिंग से ब्रेक लेकर यूरोप के दौरे पर हैं। फ्रांस में हुए एनेसी इंटरनेशनल एनिमेशन फिल्म फेस्टिवल में उनकी फिल्में 'आरआरआर' और 'ईगा' दिखाई गईं। डायरेक्टर ने एक मास्टरक्लास में अपनी आने वाली फिल्म के बारे में बात की और कन्फर्म किया कि 'बाहुबली' के उलट, यह फिल्म किसी फ्रेंचाइजी का हिस्सा नहीं, बल्कि एक स्टैंडअलोन फिल्म होगी।

बातचीत के दौरान, राजामौली ने बताया कि दर्शक 'वाराणसी' से क्या उम्मीद कर सकते हैं। उन्होंने कहा, 'आप अंटार्कटिका की ठंड और बर्फ का अनुभव करेंगे। रामायण के देवता, प्राकृतिक आपदाएं और शानदार फैक्ट्स - यही सब अनुभव आपको मिलेगा, लेकिन इन सबके केंद्र में पिता और पुत्र की भावनाएं हैं। यही सब मिलकर आपके लिए 'वाराणसी' बनाते हैं।' जब राजामौली से पूछा गया कि यह प्रोजेक्ट एक ही फिल्म होगी या कोई फ्रेंचाइजी, तो उन्होंने जवाब दिया, 'एक फिल्म। हां, एक फिल्म।' जब टीजर रिलीज हुआ, तो राजामौली ने यह भी बताया कि महेश बाबू फिल्म के एक सीन में भगवान राम का किरदार निभाएंगे। बाद में, राइटर विजयेन्द्र प्रसाद ने फिल्म के 30 मिनट के एक सीन के बारे में हिंट देते हुए कहा, 'यह राम और कुंभकर्ण के बीच की लड़ाई है। आपने ट्रेलर में देखा होगा, है ना? आपने राम और कुंभकर्ण को देखा। आपने भगवान हनुमान की पूंछ और उस पर एक रथ देखा। मैं उसी की बात कर रहा हूं... जो हैरान कर देने वाला है।'

'वाराणसी' हाल के सालों की सबसे ज्यादा इंतजार की जाने वाली भारतीय फिल्मों में से एक है। राजामौली ने हाल ही में बताया कि फिल्म के मेन एक्शन सीन पहले ही पूरे हो चुके हैं और अक्टूबर तक शूटिंग पूरी होने की उम्मीद है। यह फिल्म अप्रैल 2027 में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। एसएस राजामौली के निर्देशन और विजयेन्द्र प्रसाद की लिखी कहानी वाली 'वाराणसी', 'आरआरआर' की ग्लोबल सफलता के बाद इस फिल्ममेकर की पहली फीचर फिल्म है।

## हॉलीवुड को टक्कर देती है लव-क्राइम की ये कॉकटेल!

# 75 साल पहले गुरुदत्त ने बनाई थी भारत की पहली क्राइम नॉयर

*मुंबई। गुरुदत्त का नाम आते ही प्रेम और विरह, दर्द और संवेदना, दया और करुणा, मासूमियत और बेबसी जैसे शब्दों को परदे पर उतारनेवाले दृश्य याद आने लगते हैं। याद आती है उनकी फिल्में साहिब बीबी और गुलाम, प्यासा और कागज के फूल। ऐसा लगता है कि कम ही लोग इस बारे में जानते होंगे कि गुरुदत्त ने सिर्फ दर्द और संवेदना वाली फिल्में ही नहीं बनाई बल्कि उनकी शुरुआती फिल्में क्राइम स्टोरीज पर आधारित थीं।*

### गुरुदत्त की पहली फिल्म



जब गुरुदत्त फिल्मों में काम करने आए थे तो उन्होंने क्राइम स्टोरीज पर फिल्म बनाने वाले ज्ञान मुखर्जी के साथ काम किया था। फिल्म निर्देशन की बारीकियां उनसे ही सीखीं। देवानंद की फिल्म कंपनी नवकेतन के लिए गुरुदत्त को पहली बार फिल्म निर्देशित करने का अवसर मिला। फिल्म थी 'बाजी',जो 1 जुलाई 1951 को प्रदर्शित हुई थी। गुरुदत्त 39 की उम्र में दुनिया से चले गए । कम उम्र में ही उन्होंने कई कल्ट फिल्में बनाईं जिनका विश्लेषण अब भी होता रहता है। इन कल्ट मानी जाने वाली फिल्मों के अलावा गुरुदत्त ने क्राइम पर आधारित चार फिल्में बनाई - बाजी, जाल, बाज और सैलाब।

### न्वार मूवमेंट का हिस्सा मानी गई बाजी

यह वही दौर था जब देश में क्राइम स्टोरीज को लेकर एक खास किस्म की उत्सुकता का वातावरण था। अपराध कथाओं पर आधारित उपन्यास खूब बिक रहे थे। उधर हॉलीवुड में फिल्म न्वार मूवमेंट शुरू हो चुका था। इस तरह की फिल्मों का नायक कुटिल भी होता था, उसका कैरेक्टर संदेहास्पद होता था लेकिन जो दिखता था वो उससे अलग होता था। इन फिल्मों में ब्लैक एंड व्हाइट फ्रेम का यूज होता था। फ्लैशबैक और वायस ओवर के साथ नैरेशन इस तरह की फिल्मों में एक अलग ही तरह का प्रभाव पैदा करता था। द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद के वैश्विक परिदृश्य में इस तरह की फिल्में बननी शुरु हुई थी। हिंदी फिल्मों की दुनिया पर भी इसका असर दिखा। गुरुदत्त की फिल्म 'बाजी' को भी न्वार मूवमेंट का हिस्सा माना गया।

### प्रेम कथाओं के समांतर एक अपराध कथा

डा. रजनी के पिता को ये मंजूर नहीं था। बदलते घटनाक्रम में रजनी का एक पुलिस इंस्पेक्टर से विवाह हो जाता है। बहन के इलाज के लिए पैसों की जरूरत मदन को लीना के पास ले जाती है। लीना से मिलकर वो उसके बॉस के लिए काम करने की हामी भर देता है। दोनों एक-दूसरे से अपना सुख-दुख बतियाते हैं। कहानी आगे बढ़ती है और एक दिन लीना की हत्या हो जाती है। जिस रिवाल्वर से उसकी हत्या होती है उसपर मदन की अंगुलियों के निशान पाए जाते हैं। 'बाजी' की कहानी बेहद कसावट के साथ घटनाओं में पिरोई गई है। दो छोटी प्रेम कथाओं के समांतर एक अपराध कथा चलती है जो दर्शकों को बांधे रखती है। गुरुदत्त प्रेम और अपराध का ऐसा कॉकटेल बनाते हैं जिसमें दर्शक बंधे रहते हैं। गुरुदत्त शताब्दी वर्ष में एक बार फिर से गुरुदत्त की उन फिल्मों पर भी चर्चा होनी चाहिए जो विश्लेषक और फिल्म इतिहासकारों की दृष्टि से ओझल हैं। 75 साल पहले बनी फिल्म 'बाजी' उनमें से एक है।

### रोंगटे खड़े करने वाली है कहानी

फिल्म की कहानी बहुत अलग नहीं थी। फिल्म का नायक मदन (देव आनंद) एक संपन्न परिवार से आता है लेकिन परिस्थितियों के कारण जीवनयापन कठिन हो जाता है। वो छोटी बहन मंजू (रूपा वर्मन) के साथ रहता है। रोजगार की तलाश में भटकते-भटकते जुआ खेलने लगता है। एक दिन एक होटल में उसकी भेंट डांसर लीना (गीता बाली) से होती है। लोग लीना की अदाओं के दीवाने हैं। मदन को अपने होटल में देख लीना उसको अपने बॉस के लिए काम करने का ऑफर देती है। मदन के अंदर बची-खुची नैतिकता उसको ऐसा करने से रोक देती है। वो लीना के ऑफर को ठुकरा कर घर लौट आता है। अपनी बहन के इलाज के लिए वो डा. रजनी (कल्पना कार्तिक) से मिलता है और दोनों में नजदीकियां बढ़ जाती हैं।



# मुख्यमंत्री ने विकसित औद्योगिक परिवेश का संदेश देती प्रदर्शनी का किया उद्घाटन अनेक उत्पादों की ली जानकारी


प्रदर्शनी का शुभारंभ करते सीएम डॉ. मोहन यादव।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को 10 वें अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस पर रवींद्र भवन में ही दो पवेलियन में विकसित औद्योगिक परिवेश का संदेश देती प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। प्रदर्शनी में मप्र के एमएसएमई एवं स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र की उद्यमिता, नवाचार तथा विनिर्माण क्षमताओं को प्रदर्शित किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अनेक उत्पादों की जानकारी ली और स्टार्टअप एवं सूक्ष्म,लघु मध्यम उद्यमियों से चर्चा कर उनका उत्साह वर्धन किया।

प्रदर्शनी में 60 से अधिक स्टाल लगाए गए थे। ड्रोन निर्माण समाधान, आईओटी-आधारित फिजियोथेरेपी उपकरण, सोलर वाटर हीटर एवं डीट पंप, रेलवे तथा रक्षा इंजीनियरिंग उत्पाद, पेटेंटयुक्त इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर्स एवं ईवी चार्जिंग समाधान, कृषि-अवशेष पैलेट्स तथा खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों के उत्पादों सहित विविध नवाचारी उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनी में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 'बाजार से' नामक एआई-आधारित प्लेटफॉर्म का उद्घाटन किया, जो ग्राहकों एवं व्यवसायों को जोड़ता है तथा इसे देश के पहले एआई-संचालित बाज़ार के रूप में स्थापित करता है। मुख्यमंत्री ने बांसकारी स्टॉल पर बांस से बनी अनेक वस्तुओं की जानकारी ली। एमएसएमई विभाग की ओर से मप्र के सात जिलों के वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए एक समर्पित पवेलियन (एमपी पवेलियन) भी स्थापित किया गया।

इसके साथ ही औद्योगिक नीतियों एवं योजनाओं संबंधी एमएसएमई की जिज्ञासाओं के निवारण संबंधी एक हेल्पडेस्क तथा उद्यमियों के लिए ईज ऑफ डूइंग बिजनेस फेसिलिटेशन डेस्क की भी स्थापना की गई। गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जेम), भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया (सीबीआई), एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर, पेंशन फंड रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी (पीएफआरडीए) सहित विभिन्न संस्थानों ने भी राज्य में एमएसएमई एवं स्टार्टअप्स के विकास के लिए इस प्रदर्शनी में सहभागिता की।

# एमएसएमई, स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र की उद्यमिता नवाचार तथा विनिर्माण क्षमताओं की अनूठी प्रदर्शनी

*अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस-2026 पर रवींद्र भवन में आयोजित विकसित औद्योगिक पर लगाई गई प्रदर्शनी में मप्र के उद्यमियों, स्टार्ट-अप क्रिएटर्स, कारीगरों एवं श्रमिकों ने अपने स्टॉल लगाए। प्रदर्शनी में ड्रोन निर्माण, आईओटी आधारित फिजियोथेरेपी उपकरण, सोलर वाटर हीटर एंड डीट पंप, रेलवे और रक्षा इंजीनियरिंग उत्पाद, इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर्स एवं ईवी चार्जिंग, कृषि यंत्र सहित नवाचारी उत्पाद खास रहे।*

## प्रदर्शनी में 60 से अधिक स्टॉल लगाए

### व्योम रोबोट करेगा फसलों की सुरक्षा

इंदौर से आई 'मॉडर्न विलेज फ्यूचर कंपनी के डिजिटल मार्केटिंग मैनेजर राहुल राठौर ने बताया कि उनकी कंपनी का ऑटोनोमस व्हीकल सेल्फ-ड्राइविंग करके सेंसर, कैमरों और एआई (एआई) की मदद से खुद को नेविगेट करने और चलाने में सक्षम हैं। व्योम नामक रोबोट का काम खेतो में लगी फसलों को स्प्रे करना है, इसको सेटेलाइट द्वारा संचालित किया जाएगा। इसे खास तौर पर फसलों की देखभाल के लिए बनाया गया है। यह घास,जमीन, फसलों की जड़ों को पहचान कर स्प्रे करता है। जो पूरी तरह से इको-फ्रेंडली है।



### खेतों के अवशेष से बन रहा ईंधन

एग्रो वंडर पावर (इंदौर) के मैनेजर प्रदीप जैन ने बताया कि उनकी कंपनी ने खेतों में फसल कटाई के बाद बचने वाले अवशेष, जैसे पराली, सरसों का भूसा और सोयाबीन के डंठलों का उपयोग कर बायोमास ब्रिकेट और पेलेट बनाए हैं। इनका इस्तेमाल ईंधन के रूप में किया जाता है। एनटीपीसी, डाबर, रिलायंस जैसी बड़ी कंपनियां और थर्मल पावर प्लांट भी कोयले के विकल्प के रूप में इन बायोमास पेलेट का उपयोग कर रहे हैं। इससे प्रदूषण कम होता है, किसानों को फसल अवशेष का बेहतर मूल्य मिलता है और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलता है।



### रौनक इंडस्ट्री की अहम भूमिका

रौनक इंडस्ट्री के मैनेजर राहुल चक्रवर्ती ने बताया कि उनकी कंपनी रेलवे ट्रैक पर ट्रेनों की शिफ्टिंग के लिए इस्तेमाल होने वाले रेलवे प्वाइंट्स का निर्माण करती है। इन उपकरणों की पूरी मेटल प्रोसेसिंग, मशीनिंग और निर्माण कंपनी के प्लांट में किया जाता है। उन्होंने कहा कि प्वाइंट्स की गुणवत्ता, सही फिटिंग और सुरक्षित संचालन पर विशेष ध्यान दिया जाता है। कंपनी की टीम रेलवे साइट पर जाकर इनकी फिटिंग भी करती है। बेहतर गुणवत्ता और सटीक निर्माण के कारण रेलवे संचालन को सुरक्षित और सुचारु बनाए रखने में कंपनी की महत्वपूर्ण भूमिका है।



# श्रीअन्न से बने बिना शक्कर के बिस्किट से मिलेगा स्वास्थ्य और स्वाद

एमएसएमई समारोह में मप्र से उद्यमिता, स्वरोजगार, स्टार्टअप, स्व-सहायता समूह तथा एक जिला, एक उत्पाद पर आधारित भव्य प्रदर्शनी और स्टॉल लगाए गए थे। 50 से अधिक स्वदेशी स्टॉलों पर ऊर्जा संरक्षण के लिए सोलर गीजर, श्रीअन्न से बने बिना शक्कर के बिस्किट, कच्ची घानी के तेल, मसाले, प्राकृतिक सौंदर्य उत्पाद, केले के तने के रेशों से बने बैग, बोतलें, टोकरियां तथा श्रम और समय बचाने वाली नवाचारी मशीनों का प्रदर्शन किया गया।

इस अवसर पर स्वदेशी जागरण मंच की मध्य भारत प्रांत प्रमुख सीमा भारद्वाज, लघु उद्योग भारती और स्वावलंबी भारत अभियान की प्रांत सह समन्वयक प्रतिभा शुक्ला और भोपाल विभाग की टीम सह प्रमुख संगीता तिवारी, रचना भार्गव, अंशिका सोनी, नंदनी व्यास, प्रज्ञा सेन, बिदिया खर्ब उद्यमी, केट की मंजरी श्रीवास्तव, हरिओम सेन, अभिनव, प्रणव पारे, दीपक वर्मा की उपस्थिति रहीं। सभी ने प्रदर्शनी एवं स्टॉल का अवलोकन किया। टीम ने उद्यमियों के नवाचारों की सराहना की। स्वदेशी पत्रक वितरित किए तथा उनके कार्यों को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर अतिथियों ने मिलेट्स के विभिन्न प्रकार के बिस्किट खरीदे और उद्यमियों को स्वदेशी जागरण मंच से जोड़ा।


प्रदर्शनी में स्वदेशी जागरण मंच की मध्य भारत प्रांत प्रमुख सीमा भारद्वाज और पदाधिकारियों ने स्टॉलों का अवलोकन किया।

### स्वदेशी और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के लिए एकजुट होने की जरूरत: सीमा भारद्वाज

स्वदेशी जागरण मंच की मध्य भारत प्रांत प्रमुख सीमा भारद्वाज ने कहा कि इस आयोजन में बैतूल, खरगोन सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से लोग अपने स्टॉल लगाकर स्थानीय उत्पादों को पहचान दिलाने का प्रयास कर रहे हैं। जब दूसरे जिलों से आए लोग अपने उत्पादों को आगे बढ़ाने के लिए प्रयास कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने से न केवल छोटे उद्यमियों को मजबूती मिलेगी, बल्कि प्रदेश की आर्थिक प्रगति में भी महत्वपूर्ण योगदान होगा।

## धरातल पर आया 9,300 करोड़ का निवेश

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य में विदेशी निवेश भी तेजी से बढ़ता जा रहा है। अब तक जो एमओयू हुए उनमें से 9,300 करोड़ का निवेश धरातल पर आया है। कनाडा की मैकमैन कंपनी आगर मालवा, यूके की दो बड़ी कंपनियां पीथमपुर, जापान, चीन, आयरलैंड और दक्षिण कोरियाई कंपनियां प्रदेश में निवेश कर रही है। उन्होंने कहा कि कपास पर मंडी शुल्क घटाकर आधा करने की मांग 25 साल से की जा रही थी। ऐसा नहीं होने से हमारे कपास उत्पादक किसान महाराष्ट्र और अन्य पड़ोसी राज्यों में अपनी उपज बेचने को मजबूर थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश कपास उत्पादक किसानों को मंडी शुल्क कम कर सौगात दी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रत्येक जिले के रेवेन्यू का मॉडल तैयार करने पर काम करेगी।

### जमीन पर दिखने लगा निवेश

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कहा कि मप्र की विकास यात्रा में 49 प्रतिशत निर्यात एमएसएमई सेक्टर से आता है। राज्य में जीआईएस के दौरान मिले निवेश प्रस्तावों में से 9 लाख करोड़ का निवेश जमीन पर दिखाई देने लगा है। निवेश से जीडीपी को गति मिलती है। मप्र ने एमएसएमई उत्पादों के निर्यात में एक वर्ष में 4 स्थानों की छलांग लगाई है। इस मामले में देश में मप्र का नंबर अब 11 वां है। मप्र वह राज्य है, जिसने भारत सरकार की ओर से तय 23 सुधारों को शत प्रतिशत लागू किया और देश में टॉप अचीवर बना। राज्य में पहली बार जनविश्वास बिल पारित किया गया। 900 से अधिक गैर-जरूरी कानूनों को शिथिल किया गया

# अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस पर आयोजित हुए विशेष सत्र

भोपाल। अंतराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस पर रवींद्र भवन में शनिवार को हुई समिट के दौरान नये बाज़ार, नई उड़ान और पूंजी की व्यवस्था सत्रों मे निवेशको, उद्यमियों और विभिन्न व्यावसायिक तथा बैंकिंग संस्थाओं के बीच सार्थक संवाद हुआ। इस सत्र में एमएसएमई के समक्ष आने वाली प्रमुख चुनौतियों, विशेषकर सीमित बाजार पहुंच, पर ध्यान केंद्रित किया गया तथा निर्यात, डिजिटल कॉमर्स, शोध एवं विकास, जोखिम कम करने तथा लॉजिस्टिक्स के क्षेत्रों में व्यावहारिक समाधानों पर विचार-विमर्श किया गया। सीनियर प्रोजेक्ट कंसल्टेंट एंड यंग एलएलपी (मॉडरेटर) अंकिता पांडे एवं विशेषज्ञों ने संस्थागत सहयोग के महत्व को रेखांकित किया, जिसमें फियो ने प्रथम बार निर्यात करने वाले उद्यमियों को दस्तावेजीकरण, बाजार चयन तथा वैश्विक व्यापार गतिकी के संबंध में मार्गदर्शन देकर निर्यात प्रक्रिया को सरल बनाने पर बल दिया। सीएसआईआर-एएमपीआरआई के डॉ. भास्कर ने कच्चे एवं अपशिष्ट पदार्थों को मूल्यवर्धित उत्पादों में परिवर्तित करने में नवाचार तथा सतत प्रक्रियाओं की भूमिका पर बल दिया तथा शोध एवं उद्योग के मध्य सुदृढ़ सहयोग की आवश्यकता को भी रेखांकित किया।

## पूंजी तक पहुंच, निरंतर क्षमता वृद्धि जरूरी, बाजार, नई उड़ान और पूंजी की व्यवस्था सत्रों में बड़ी संख्या में जुटे उद्यमी

### सुरक्षा के लिए निर्यात ऋण बीमा के लाभों को किया रेखांकित

ओएनडीसी तथा ईसीजीसी के प्रतिनिधियों ने बाजार पहुंच विस्तार के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म्स तथा विशेष रूप से छोटे एवं नवीन निर्यातकों के लिए भुगतान जोखिमों से सुरक्षा हेतु निर्यात्त ऋण बीमा के लाभों को रेखांकित किया। चर्चा में इंडिया पोस्ट के विस्तृत लॉजिस्टिक्स नेटवर्क को एक विश्वसनीय एवं किफायती समाधान के रूप में उजागर किया गया तथा यह निष्कर्ष निकाला गया कि एमएसएमई डिजिटल उपकरणों, नवाचार, वित्तीय संरक्षण तथा सुदृढ़ सप्लाई चेन सहायता का लाभ उठाकर प्रभावी रूप से अपने व्यवसाय का विस्तार कर सकते हैं।

### वित्त पोषण परिदृश्य पर की गई चर्चा

नई पीढ़ी के एमएसएमई के लिए वित्त-पोषण सत्र में मॉडरेटर ऋचा सिंह, सीनियर मैनेजर, अर्न्स्ट एंड यंग एलएलपी ने तकनीकी सत्र का संचालन किया। विकसित हो रहे वित्त पोषण परिदृश्य पर चर्चा की गई तथा डिजिटल एवं वैकल्पिक वित्त-पोषण माध्यमों के द्वारा ऋण प्राप्ति में आने वाली बाधाओं को कम करने पर बल दिया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि विभिन्न सरकारी योजनाओं के बावजूद, एमएसएमई को समय पर एवं सुलभ वित प्राप्त करने में कोलैटरल की कमी, अपूर्ण दस्तावेज़ीकरण तथा सीमित क्रेडिट इतिहास जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। चर्चा में डिजिटल लेनदेन के बढ़ते महत्व को रेखांकित किया गया, जिसमें यूपीआई डेटा को नकद प्रवाह तथा साख-योग्यता के आकलन हेतु एक उपयोगी उपकरण के रूप में प्रस्तुत किया गया।

### दोनों सत्रों में नव उद्यमियों के प्रश्नों और शंकाओं का समाधान भी किया गया

डेटा गोपनीयता सुनिश्चित करने पर भी बल दिया गया। बैंकिंग दृष्टिकोण से एमएसएमई की ओर से वित्तीय अनुशासन बनाए रखने, दस्तावेजीकरण में सुधार करने तथा ऋण पात्रता बढ़ाने के लिए सुदृढ साख प्रोफाइल विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया गया। इनवॉइस डिस्काउंटिंग के माध्यम से कार्यशील पूंजी की उपलब्धता सुनिश्चित करने में ट्रेड्स की भूमिका को भी रेखांकित किया गया, जिससे त्वरित नकदी प्रवाह तथा औपचारिक क्रेडिट ट्रेल स्थापित करने में सहायता मिलती है। सत्र में यह निष्कर्ष निकाला गया कि एमएसएमई को विकास के लिए पूंजी तक पहुंच तथा सतत विस्तार सक्षम बनाने में डिजिटल अंगीकरण, वित्तीय साक्षरता, वैकल्पिक वित्त पोषण तथा सुदृढ़ संस्थागत सहयोग को समाहित करने वाला एक व्यापक पारिस्थितिकी तंत्र आवश्यक है।

# संत कबीर का समरसता का अमर संदेश घर-घर पहुंचाना हमारा संकल्प : नायब



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि संत कबीर दास का समरसता, समानता और इंसानियत का संदेश आज भी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। हरियाणा सरकार संत कबीर की शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। रविवार को पंजाब के लुधियाना में धानक समाज द्वारा आयोजित संत कबीर के 628वें प्रकट दिवस राज्य स्तरीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने लुधियाना में संत कबीर भवन निर्माण के लिए 11 लाख रुपये देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि संत कबीर ने अंधविश्वास, पाखंड, छुआछूत और सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध आवाज उठाकर समाज को नई दिशा दी। उनके विचार आज भी सामाजिक समरसता और मानवता के मार्गदर्शक हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार जिला स्तर पर संत प्रकाश पर्व मना रही है और संत कबीर की वाणी को व्यवहार में उतारने का प्रयास कर रही है।

### मानवता के सबसे बड़े मार्गदर्शक : मुख्यमंत्री

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि संत कबीर मानव मात्र के सबसे बड़े मार्गदर्शक, सामाजिक चेतना के अग्रदूत और महान समाज सुधारक थे। उनके विचार आज भी समाज को सत्य, समरसता और मानवता का मार्ग दिखाते हैं। उन्होंने लोगों से संत कबीर के आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में पद्मश्री प्रहलाद सिंह टिपनिया ने कबीर वाणी की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब समाज रूढ़ियों, अंधविश्वास, जात-पात और बाहरी आडंबरों में जकड़ा हुआ था, तब संत कबीर ने अपनी वाणी और कर्म से समाज को नई दिशा दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि संत कबीर का संदेश आमजन तक पहुंचाया जा रहा है।

## जर्जर कच्ची दीवार भरभराकर गिरी, दो मासूम बच्चियों की मौत

ग्राम राउरपुर की घटना, एक महिला भी हादसे में घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा



जिले के ग्राम राउरपुर में रविवार को एक हृदयविदारक हादसे ने पूरे गांव को गहरे शोक में डुबो दिया।

जर्जर कच्ची दीवार अचानक भरभराकर गिर गई, जिसकी चपेट में आने से दो मासूम बच्चियों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद गांव में मातम का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार, परिवार के सदस्य भोजन करने के बाद घर के बाहर बर्तन साफ कर रहे थे। इसी दौरान शशिकला खंडेलवाल कच्ची दीवार के पास बैठकर बर्तन मांज रही थीं। उनके साथ 12 वर्षीय वंशिका कोशले और 10 वर्षीय राधिका कोशले भी मौजूद थीं।

## बाइक सवार को तेज रफ्तार ट्राले ने मारी टक्कर, युवक की मौत

आरोपी ट्राला चालक फरार, पुलिस कर रही तलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मरवाही



मरवाही थाना क्षेत्र अंतर्गत लोहारी मुख्य मार्ग पर स्थित पेट्रोल पंप के पास शनिवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्राला चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने ट्राले को जब्त कर मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान मयंक कुमार केवट, निवासी ग्राम लोहारी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि मयंक अपनी बाइक से सब्जी मंडी मनेंद्रगढ़ जाने के लिए घर से निकला था और वापसी के दौरान लोहारी पेट्रोल पंप के आगे तेज रफ्तार ट्राले ने कथित रूप से लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मयंक के सिर में गंभीर चोटें आईं और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

## नन्हें-मुन्ने बच्चों को हो रहा फायदा, गंभीर बीमारियों से मिल रहा छुटकारा

# 'मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान' के सुकमा जिले में मिल रहे बेहतर परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में 'मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान' के तहत कुपोषण से प्रभावी तरीके से निदान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान के तहत जिले की गुमडी गांव में आयोजित हेल्थ कैंप में जांच के दौरान चार बच्चों की हालत चिंताजनक पाई गई। गणेश नाम के छह महीने के बच्चे में गंभीर कुपोषण और एनीमिया की पहचान हुई।

जांच के समय बच्चे का वजन लगभग दो किलोग्राम था और उसका हीमोग्लोबिन 4.7 था, जिसके बाद उसे न्यूट्रिशन रिहैबिलिटेशन सेंटर भेजा गया, जिससे उसकी हालत में सुधार हुआ है। कुपोषण और एनीमिया से गंभीर रूप से पीड़ित छह महीने के गणेश को नया जीवन मिला है। कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर संध्या नाग ने बताया कि जब स्वास्थ्य विभाग की टीम 'मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान' के तहत गुमडी और उसके आस-पास के गाँवों में पहुँची, तो हेल्थ चेक-अप के दौरान गणेश समेत चार बच्चों की पहचान कुपोषित के तौर पर की गई।



### जिला अस्पताल के एनआरसी भेजे गए बच्चे

उन्होंने बताया कि जांच के नतीजों के बाद, सभी बच्चों को जिला अस्पताल के एनआरसी में भेजा गया। गणेश की गंभीर हालत को देखते हुए उसे विशेष निगरानी में रखा गया और उसका इलाज शुरू किया गया है। बेहतर परिणाम मिल रहे हैं। नाग ने बताया कि गंभीर एनीमिया के कारण उसे ब्लड ट्रांसफ्यूजन की जरूरत पड़ी। इसके बाद उसकी हालत तेजी से सुधरने लगी। जिले में लगातार की जा रही कोशिशों से कुपोषण और माताओं व बच्चों की मृत्यु दर में कमी नजर आ रही है। दूर-दराज के इलाकों में भी हेल्थकेयर सर्विस बढ़ाई जा रही है ताकि कोई भी बच्चा इलाज से वंचित न रहे।

### कुपोषण से निपटने में आंगनबाड़ियों की भूमिका

सीएचओ अंजलि बघेल का कहना है कि कुपोषण से निपटने के लिए हर मंगलवार और शुक्रवार को आंगनबाड़ी सेंटर्स में 'विलेज हेल्थ सैनिटेशन एंड न्यूट्रिशन डे' आयोजित किया जाता है। इन सेशन के दौरान बच्चों की लंबाई और वजन की नियमित रूप से जाँच की जाती है। इन मापों के आधार पर यह तय किया जाता है कि बच्चा स्वस्थ है या कुपोषित, और फिर इलाज का तरीका तय किया जाता है। जिला प्रशासन अब शिक्षा को सेहत और पोषण से जोड़ने पर काम कर रहा है। आंगनवाड़ी सेंटर्स को 'बालवाड़ी' से जोड़कर, प्राइमरी स्कूल के टीचरों के बच्चों के साथ समय बिताने की योजना बनाई जा रही है ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके। चीफ मेडिकल एंड हेल्थ ऑफ़िसर डॉ. आरके सिंह के अनुसार, ज़िले में सुकमा, कोंटा और छिंदगढ़ में तीन एनआरसी चल रहे हैं। गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों को पोषण सुधारने के लिए यहाँ लगभग 15 दिनों तक भर्ती किया जाता है। बच्चों को तय डाइट चार्ट के हिसाब से पौष्टिक खाना, साफ-सुथरा माहौल और नियमित हेल्थ चेक-अप की सुविधा दी जाती है। गणेश का इलाज भी इसी तरह किया गया।

## चिंतन

# अब देश में ही पूरा होगा विदेशी डिग्री का सपना

देश में उच्च शिक्षा के नए दौर की शुरूआत हो रही है। केंद्र सरकार द्वारा 15 प्रतिष्ठित विदेशी विश्वविद्यालयों को भारत में अपने कैंपस स्थापित करने की मंजूरी देना केवल एक प्रशासनिक फैसला नहीं, बल्कि शिक्षा क्षेत्र में एक ऐतिहासिक बदलाव की शुरुआत है। लंबे समय से लाखों भारतीय छात्र बेहतर शिक्षा और अंतरराष्ट्रीय डिग्री के लिए विदेश जाने को मजबूर रहे हैं। अब वही अवसर देश के भीतर उपलब्ध होंगे। इससे न केवल छात्रों और अभिभावकों पर आर्थिक बोझ कम होगा, बल्कि भारत को वैश्विक शिक्षा केंद्र बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम माना जाएगा। हर वर्ष लाखों भारतीय छात्र अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और यूरोप के अन्य देशों में उच्च शिक्षा के लिए जाते हैं। इस प्रक्रिया में करोड़ों डॉलर की विदेशी मुद्रा देश से बाहर जाती है। विदेश में पढ़ाई का कुल खर्च कई बार 80 लाख रुपये से लेकर एक करोड़ रुपये से अधिक तक पहुंच जाता है, जो अधिकांश परिवारों की पहुंच से बाहर होता है। ऐसे में यदि वही डिग्री, वही पाठ्यक्रम, वही मूल्यांकन प्रणाली और अंतरराष्ट्रीय फैकल्टी भारत में ही उपलब्ध हो जाए, तो यह लाखों छात्रों के लिए सुनहरा अवसर होगा। सरकार ने जिन विश्वविद्यालयों को मंजूरी दी है, उनमें यूनिवर्सिटी ऑफ एबरडीन, ब्रिस्टल, यॉर्क, लिवरपूल, इलिनोइस टेक और विक्टोरिया यूनिवर्सिटी जैसे प्रतिष्ठित संस्थान शामिल हैं। इन विश्वविद्यालयों में पढ़ाई का स्तर उनके मूल कैंपस के अनुरूप होगा। पाठ्यक्रम, परीक्षा, मूल्यांकन और डिग्री में कोई अंतर नहीं रखा जाएगा। यही नहीं, छात्रों को एक या दो सेमेस्टर विदेशी कैंपस में पढ़ने का अवसर भी मिलेगा। यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की उस सोच को भी मजबूत करती है, जिसमें भारतीय उच्च शिक्षा को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। हालांकि इस फैसले के साथ कुछ महत्वपूर्ण चुनौतियां भी जुड़ी हैं। सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि क्या विदेशी विश्वविद्यालय भारत में भी अपने मूल कैंपस जैसी गुणवत्ता बनाए रख पाएंगे? इसलिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) और अन्य नियामक संस्थाओं को नियमित निगरानी सुनिश्चित करनी होगी। फैकल्टी, शोध सुविधाएं, प्रयोगशालाएं, प्लेसमेंट और शैक्षणिक मानकों पर किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए। दूसरी चुनौती फीस को लेकर भी है। भले ही विदेश की तुलना में पढ़ाई का खर्च 30 से 40 प्रतिशत कम होगा, लेकिन यह अभी भी देश के अनेक विद्यार्थियों के लिए महंगा हो सकता है। इसलिए छात्रवृत्ति, शिक्षा ऋण और वित्तीय सहायता की मजबूत व्यवस्था जरूरी होगी। सरकार और विश्वविद्यालयों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली छात्र केवल फीस के कारण इन संस्थानों से वंचित न रहें। इस निर्णय का एक बड़ा सकारात्मक प्रभाव भारतीय अर्थव्यवस्था पर भी पड़ सकता है। यदि आने वाले वर्षों में बड़ी संख्या में छात्र विदेश जाने के बजाय भारत में ही पढ़ाई करेंगे, तो विदेशी मुद्रा की बड़ी बचत होगी। भारत केवल छात्रों का सबसे बड़ा स्रोत देश नहीं रहेगा, बल्कि अंतरराष्ट्रीय शिक्षा का आकर्षक गंतव्य भी बन सकता है। विदेशी विश्वविद्यालयों के भारत में कैंपस खुलना भारतीय शिक्षा व्यवस्था के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है। इससे लाखों छात्रों का विदेशी डिग्री हासिल करने का सपना अपने ही देश में पूरा हो सकेगा। साथ ही ब्रेन ड्रेन में कमी, विदेशी मुद्रा की बचत, वैश्विक स्तर की शिक्षा और रोजगार के बेहतर अवसर जैसे अनेक सकारात्मक परिणाम सामने आ सकते हैं।

# लोकतंत्र का एंकाउंटर हो रहा है



करवट
कुमार प्रशांत

> हैदराबाद का 2019 का वह मामला याद कीजिए जब वहां की पुलिस ने 4 लोगों का दिन–दहाड़े एंकाउंटर किया था और कारण यह बताया था कि ये अपराधी पुलिस से उसका हथियार छीन कर, उस पर हमला करने की कोशिश में थे। पुलिस ने बड़ी वाहवाही लूटी कि उसने ऐसे दुर्दांत अपराधियों का काम तमाम कर दिया। बाद में इस कहानी के दूसरे पन्ने खुले और खुलते चले गए। आखिरी पन्ना यह कहता है कि जिस तरह इन 4 अपराधियों का काम तमाम किया गया, उसे पुलिसिया गुंडागर्दी कहना चाहिए। आंध्रप्रदेश हाईकोर्ट की यह टिप्पणी किसी भी पुलिस संगठन को सर उठा कर चलने देगी क्या जिसमें वह कहती है कि पुलिस वर्दीधारी गुंडों की जमात है ?

बिहार की राजधानी पटना; पटना भोजपुर; और भोजपुर का नया चर्चित चेहरा भरत तिवारी ! कहानी की तरह जो बात हर कहीं कही व छापी जा रही है, वह कुछ यूं है कि कुछ लोग भरत तिवारी को अपराधी करार दे रहे हैं, कुछ उन्हें रॉबिनहुड का अवतार बता रहे हैं. लेकिन इन सारी आवाजों व शोर के बीच जो बात उभर ही नहीं पा रही है वह है राज्य द्वारा नागरिकों का शिकार..'! इसे एनकाउंटर कहिए या फेंक एनकाउंटर कहिए, हत्या कहिए या शिकार कहिए, सच्ची व ठोस हकीकत यह है कि एक कोई भरत तिवारी नाम का युवक था कि जो पुलिस के काबू में नहीं आ रहा था। पुलिस ने आत्मसमर्पण के बाद उसे घेर कर, खुले आसमान के नीचे गोली मार कर काबू में कर लिया। पुलिस के मुताबिक जो अपराधी था, वह नहीं रहा तो कहानी तमाम होती है. लेकिन क्या सच में कहानी तमाम होती है ?

2005 का गुजरात ! सारा देश सोहराबुद्दीन शेख नाम के आतंकी के एंकाउंटर की कहानी से गूंज रहा था। तब आलम ऐसा बनाया गया था मानो आतंकियों का कोई अंतरराष्ट्रीय गैंग है जिसने गुजरात में अपनी तमाम ताकत झोंक दी है, वहां से पुलिस-आतंकवादियों के मुठभेड़ की रोज एक-न-एक कहानी सामने आती ही थी, और कमाल यह था कि हर कहानी के अंत में 'आतंकवादी' मारे जाते थे, पुलिस को खरोंच तक नहीं आती थी. ऐसा कैसे होता है कि जान देने की पूरी तैयारी से आए आतंकवादी ताश के पत्तों से ढह जाते थे ? पुलिस लाशें गिनती थी, प्रशासन उनका प्रदर्शन करता था और कहता था कि सत्ता की सबसे ऊंची कुर्सी इनके निशाने पर थी। हमने उसका काम तमाम कर दिया। आज सोहराबुद्दीन शेख व एनकाउंटर के ऐसे तमाम मामले अदालतों में गहरे शक के घेरे में हैं; और कई मामले ऐसे भी हैं कि जिनमें अदालत ने तथाकथित अपराधियों को निर्दोष बता दिया है।

आतंकी कार्रवाईयों का चरम था मुंबई बमब्लास्ट ! उस केस में भी सालों मुकदमे के बाद भी पुलिस-प्रशासन अदालत को संतुष्ट नहीं कर सका कि वह जिन्हें आतंकवादी या आतंकी षड्यंत्र का सफरमैना कह रहा है, उसमें सत्य व तथ्य हैं। वर्षों जेल में रहने के बाद एक-एक कर वे सभी निरीह लोग रिहा होते गए जिनका जीवन बर्बाद हो चुका था। क्या ये सब निर्दोष थे ? कौन कहे ? पुलिस ने किसी को ऐसा कहने लायक़ नहीं छोड़ा! लेकिन यह बात दिन के उजाले की तरह साफ है कि पुलिस की अपनी भूमिका पर अदालत को गहरा संदेह है।

हैदराबाद का 2019 का वह मामला याद कीजिए जब वहां की पुलिस ने 4 लोगों का दिन-दहाड़े एंकाउंटर किया था और कारण यह बताया था कि ये अपराधी पुलिस से उसका हथियार छीन कर, उस पर हमला करने की कोशिश में थे। पुलिस ने बड़ी वाहवाही लूटी कि उसने ऐसे दुर्दांत अपराधियों का काम तमाम कर दिया। बाद में इस कहानी के दूसरे पन्ने खुले और खुलते चले गए। आखिरी पन्ना यह कहता है कि जिस तरह इन 4 अपराधियों का काम तमाम किया गया, उसे पुलिसिया गुंडागर्दी कहना चाहिए। आंध्रप्रदेश हाईकोर्ट की यह टिप्पणी किसी भी पुलिस संगठन को सर उठा कर चलने देगी क्या जिसमें वह कहती है कि पुलिस वर्दीधारी गुंडों की जमात है ?

हमारा संविधान कहता है कि आप इस तरह किसी की



कहानी तमाम नहीं कर सकते ! फिर संविधान आगे कहता है कि पुलिस का काम अपराध की रोकथाम करना है और जो अपराधी बेकाबू हो जाए उसे गिरफ्तार कर, न्यायालय में ला खड़ा करना है ताकि न्यायालय उसे संविधान के मुताबिक सजा दे सके. अदालत ने जो सजा दी, उसके साथ उस व्यक्ति को जेल तक पहुंचा देना पुलिस का काम है। संविधान इससे अधिक या इससे आगे पुलिस की किसी भूमिका को मान्य नहीं करता है। लेकिन यहीं एक पेंच खड़ा होता है कि संविधान ही यह भी कहता है कि आत्मरक्षा में किसी की जान चली जाए, तो उसे सामान्य अपराध नहीं माना जाएगा है। संविधान की इसी धारा की आड़ में वह सारी मनमानी चलती है कि जिसे हम यहां एंकाउंटर या फेंक एंकाउंटर या पुलिस-अपराधी मुठभेड़ कह रहे हैं।

ऐसा जाली मुकाबला सरकार व नागरिकों के बीच, संविधान व उसकी बनाई एजेंसियों के बीच भी इन दिनों ख़ूब चल रहा है। एसआईआर इसका सबसे ख़तरनाक उदाहरण है। संविधान को बाजू कर, जब आप निहत्थे नागरिकों को घेर कर, उनका तमाम कर देते हो तब इसे लोकतंत्र का एंकाउंटर कहते हैं। आप देखिए कि यहां बंदूक़ चुनाव आयोग के हाथ में है, ट्रिगर पर अंगुली सत्ताधारियों की है और संविधान न्यायपालिका के काले लबादे की जेब में धरा घुट रहा है।

संविधान या ऐसे तमाम दस्तावेजों की एक दिक्कत है- उनके शब्द और उनके हेतु के बीच एक खाई है। शब्द व अर्थ के बीच ऐसी खाई हर जगह है और यह एकदम स्वाभाविक भी है, क्योंकि शब्द हमेशा बेजान होते हैं। शब्द जो कहना चाहते हैं, वे तभी पूरी तरह कह पाते हैं जब कोई उन शब्दों को आचरण में उतारता है। शब्द आचरण में उतरते ही बला के शक्तिवान हो उठते हैं। लेकिन जब आप शब्दों को आचरण से दूर कर देते हैं तो वे बेजान व अर्थहीन हो जाते हैं। मसलन, संविधान ने कहा कि पुलिस अपराधी को पकड़कर अदालत के सामने खड़ा करे, यही उसका काम है। न आगे, न पीछे। अब पुलिस भी जानती है और हम भी जानते हैं कि अपराधी हाथ बांध कर तो सामने आएगा नहीं कि लो पुलिस भाई, हम यहां खड़े हैं, आओ और अपनी संवैधानिक जिम्मेवारी पूरी कर लो ! वह भागेगा, धोखा देगा, धमकी देगा, कभी हमला भी कर सकता है लेकिन पुलिस को अपनी संवैधानिक भूमिका यदि याद है, तो वह ऐसी तमाम कोशिशें को नाकाम करते हुए, बगैर उत्तेजित होते हुए उसे घेरती रहेगी, बांधती-साधती, निरुपाय करती रहेगी। चूहा-बिल्ली का यह खेल लंबा नहीं चल सकता है, क्योंकि अपराधी या आतंकी हमेशा कमजोर पिच पर खेलता होता है व उसका बल्ला भी खोखला होता है। नियमतः चलने वाली पुलिस के पीछे सारा देश, पूरे-का-पूरा संविधान खड़ा होता है. तो अंततः वह अपराधी टूटेगा ही। इधर वह टूटा, उधर पुलिस को अपना काम पूरा करने का मौका मिला. इसमें जितना वक्त लगेगा, पुलिस को जितना धैर्य रखना पड़ेगा, वह संविधान के पालन की कीमत है। लोकतंत्र की यह कम-से-कम क़ीमत है जिसे सबको अदा करनी चाहिए. पुलिस अपनी विफलता, भ्रष्ट आचरण, अपने ऊपर के अधिकारियों के अहं की तुष्टि याकि सत्ताधीशों के स्वार्थ को पूरा करने का औजार बन जाती है तब एंकाउंटर वाला रास्ता खुलता है।

वह स्वर्णाक्षरों में लिखी जाने वाली हिदायत याद रखें हम कि भले कई अपराधी छूट जाएं लेकिन एक निरपराध को सजा नहीं मिलनी चाहिए. यह हिदायत अपराधियों को नजरंदाज करने या उन्हें किसी तरह की छूट देने की बात नहीं करती है। यह बताना चाहती है कि अपराधी व निरपराधी के बीच एक अत्यंत पतली लकीर होती है जिसे कोई पार न कर जाए, इसकी सावधानी प्रशासन को, सरकार को रखनी ही चाहिए. ऐसा नहीं हुआ तो समाज एक ऐसे जंगल में बदल जाएगा जिसमें हर शक्तिवान अपने से कम शक्तिवान का शिकार खेलेगा. हम ऐसे जंगल में रहना चाहते हैं कि समाज में ? इसके जवाब में आप जो कहेंगे उससे निर्धारित होगा कि आप लोकतंत्र के नागरिक हैं या किसी के पोशीदा हेतु को पूरा करने के औजार ?

## दिवस विशेष

बाल मुकुन्द ओझा




# सांख्यिकी संख्याओं का खेल नहीं, विकास का आईना है

भारत में हर साल 29 जून को राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य रोजाना की जिंदगी और योजना एवं विकास की प्रक्रिया में सांख्यिकी के महत्त्व के प्रति लोगों को जागरुक करना है। यह दिन भारत के प्रख्यात सांख्यिकीविद प्रशांत चंद्र महालनोबिस की जन्मतिथि के अवसर पर मनाया जाता है। वे आंकड़ों के जादूगर थे। भारत सरकार ने वर्ष 2007 में आधिकारिक तौर पर प्रत्येक वर्ष 29 जून को राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी। पहला सांख्यिकी दिवस 29 जून 2007 को मनाया गया था। वर्ष 2026 का राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस भारत के लिए और भी महत्वपूर्ण है क्योंकि देश विकसित भारत @2047 के विजन की ओर तेजी से कदम बढ़ा रहा है, जहां डेटा-संचालित नीतियां देश की प्रगति का मुख्य आधार हैं। किसी भी योजना और परियोजना की सफलता उसके सांख्यिकीय महत्त्व पर निर्भर करती है। आंकड़े हमें नियोजित विकास की राह प्रदर्शित करते है। भारत सरकार सांख्यिकीय आंकड़ों के जरिये समय समय पर विकास का आइना दिखती है। यही हमारी प्रगति का अहसास कराती है। बाधाओं का ज्ञान भी कराती है। बिना आंकड़ों के हम किसी योजना की सफलता का अनुमान नहीं लगा पाते। सांख्यिकी केवल संख्याओं का खेल नहीं है, बल्कि यह देश के विकास की कहानी कहने वाली भाषा है। जैसा कि प्रोफेसर पी. सी. महालनोबिस ने कहा था, सांख्यिकी का उद्देश्य केवल डेटा एकत्र करना नहीं है, बल्कि उसके आधार पर सही निष्कर्ष निकालकर समाज का कल्याण करना है। पीसी महालनोबिस बंगाली साइंटिस्ट और अप्लाइड स्टैटिस्टीशन थे, जिनका जन्म 29 जून 1893 को कोलकाता में हुआ था। उन्हें पॉप्युलेशन स्टडीज की सांख्यिकी माप महालनोबिस डिस्टेंस देने के लिए जाना जाता है। वह स्वतंत्र भारत के पहले योजना आयोग के सदस्य भी थे। महालनोबिस ने इंडियन स्टैटिस्टिकल इंस्टिट्यूट की नींव रखी और बड़े पैमाने पर सैंपल सर्वे को तैयार करने में भी योगदान दिया। उनके इस योगदान के चलते उन्हें भारत में मॉडर्न स्टैटिस्टिक्स का पिता माना जाता है। प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने उन्हें स्वतंत्रता के बाद नवगठित केंद्रीय मंत्रिमंडल का सांख्यिकी सलाहकार भी नियुक्त किया था। पंडित जवाहरलाल नेहरू के काफी नजदीक रहने के बावजूद उन्होंने कभी कोई पद आधिकारिक तौर पर स्वीकार नहीं किया। सरकार ने महालनोबिस के विचारों का उपयोग करके कृषि और बाढ़ नियंत्रण के क्षेत्र में कई अभिनव प्रयोग किए। उनके द्वारा सुझाए गए बाढ़ नियंत्रण के उपायों पर अमल करते हुए सरकार को इस दिशा में अप्रत्याशित सफलता मिली। स्वतंत्र भारत में औद्योगिक उत्पादन की बढ़ोतरी तथा बेरोजगारी दूर करने के प्रयासों को सफल बनाने के लिए महालनोबिस ने ही योजना तैयार की थी। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत में राष्ट्रीय आय का अनुमान लगाने के उद्देश्य के लिए वर्ष 1949 में महालनोबिस की अध्यक्षता में ही एक श्राष्ट्रीय आय समितिश का गठन किया गया था। जब आर्थिक विकास को गति देने के लिए योजना आयोग का गठन किया गया तो उन्हें इसका सदस्य बनाया गया। महालनोबिस चाहते थे कि सांख्यिकी का उपयोग देशहित में हो। उन्होंने देश को आंकड़ा संग्रहण की जानकारी दी। साथ ही भारत सरकार की दूसरी पंचवर्षीय योजना का मसौदा तैयार करने में उन्होंने अपनी अहम भूमिका निभाई। पीसी महालनोबिस बहुआयामी प्रतिभा के धनी थे। एक वैज्ञानिक होने के साथ ही साहित्य में भी उनकी जबरदस्त रुचि थी। उन्होंने रवीन्द्रनाथ टैगोर की कृतियों पर अनेक लेख लिखे थे। शांति निकेतन में रहकर महालनोबिस ने टैगोर के साथ करीब 2 महीने का समय बिताया। इस दौरान टैगोर ने उन्हें आश्रमिका संघ का सदस्य बना दिया। बाद में जब टैगोर ने विश्व भारती की स्थापना की, तो महालनोबिस को संस्थान का सचिव भी नियुक्त किया। आज जब भारत विकसित भारत के लक्ष्य की ओर अग्रसर है, तब सटीक, पारदर्शी और समयबद्ध सांख्यिकीय आंकड़े नीति निर्माण, संसाधनों के बेहतर उपयोग और जनकल्याणकारी योजनाओं की सफलता के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। महालनोबिस का जीवन इस बात का प्रमाण है कि विज्ञान और सांख्यिकी का उद्देश्य केवल संख्याओं का संग्रह करना नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के हित में उनका सार्थक उपयोग करना है। डिजिटल युग में डेटा ही नई शक्ति बन चुका है और यही शक्ति भारत को आत्मनिर्भर व विकसित राष्ट्र बनाने में निर्णायक भूमिका निभाएगी। इसलिए सांख्यिकी को केवल विषय नहीं, बल्कि सुशासन, पारदर्शिता व राष्ट्र निर्माण के सबसे प्रभावी उपकरण के रूप में स्वीकार करने की आवश्यकता है।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## शरणागति के संत 'गोस्वामी तुलसीदास'



संकलित
दर्शन

भगवान शंकर जी ने भी विष पिया और गोस्वामी तुलसीदास जी ने भी। दोनों ने समाज को रामकथामृत देकर धन्य कर दिया। संसार में और समुद्र में अमृत-मंथन करने पर विष अवश्य निकलेगा, पर उसमें राम को जोड़ दिया तो वह विष भी अमृत हो जाएगा। यही तुलसीदास जी ने किया- ***गरल सुधा रिपु करहिं मिताई, गोपद सिंधु अनल सित लाई। गरुड़ सुमेरु रेनु सम ताही, राम कृपा करि चितवा जाही।।*** राम नाम के प्रति गोस्वामी जी की आस्था तो सावन मास के अंधे की तरह थी, जिन्हें राम प्रेम में सब हरा ही हरा दिखाई देता था। राम की कृपा के प्रति गोस्वामी तुलसीदास जी की यह जो दीनता और शरणागति है, यही उनका चरम पुरुषार्थ है। कृपा के मूल में पुरुषार्थ नहीं होता है, अपितु पुरुषार्थ के मूल में कृपा होती है। रामचरितमानस कृपासाध्य ग्रंथ है, साधन साध्य नहीं। कर्म, उपासना, साधन, अनुष्ठानादि सब ठीक हैं, पर यह सब पाने के साधन हैं, किंतु जिसके जीवन में प्राप्तव्य ही कृपा से प्राप्त हुआ हो, वह क्या करे? रामचरितमानस में पुरुषार्थ के चरम आदर्श श्री लक्ष्मण जी और कृपा के चरम आदर्श श्री भरत जी दोनों के आदर्श और सर्वस्व श्रीराम हैं। इसका तात्पर्य यह है कि गोस्वामी तुलसीदास जी ने वाल्मीकि जी, व्यास जी और जितने भी श्रेष्ठतम पुराणकार हुए सबकी वंदना की है, पर उन्होंने अपने ग्रंथ में न तो इतिहास को उठाया, न किसी ग्रंथ से कुछ लिया। इसीलिए श्रीरामचरितमानस भक्तों के हृदय सिंहासन पर विराजमान हो सका।

## बहरुपियों से हमेशा सतर्क व सावधान रहें



संकलित
प्रेरणा

एक कबूतर और एक कबूतरी एक पेड़ की डाल पर बैठे थे। उन्हें बहुत दूर से एक आदमी आता दिखाई दिया। कबूतरी के मन में कुछ शंका हुई और उसने कबूतर से कहा कि चलो जल्दी उड़ चले नहीं तो ये आदमी हमें मार डालेगा। कबूतर ने लंबी सांस लेते हुए आराम के साथ कबूतरी से कहाः भला उसे ध्यान से देखो तो सही, उसके कपड़े देखो, चेहरे से भोलापन टपक रहा है, ये हमें क्या मारेगा, बिलकुल सज्जन पुरुष लग रहा है। कबूतर की बात सुनकर कबूतरी चुप हो गई। जब वह आदमी उनके पास आया तो अचानक उसने अपने वस्त्र के अंदर से तीर कमान निकाला और झट से कबूतर को मार दिया। और बेचारे उस कबूतर के वहीं प्राण पखेरू उड़ गए। असहाय कबूतरी ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई और बिलखने लगी। उसके बाद वह कबूतरी रोती हुई अपनी फरियाद लेकर राजा के पास गई और राजा को उसने पूरी घटना बताई। राजा ने तुरंत अपने सैनिकों को उस शिकारी को पकड़कर लाने का आदेश दिया। तुरंत शिकारी को पकड़ कर दरबार में लाया गया। शिकारी ने डर के कारण अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। कबूतरी ने बहुत दुःखी मन से कहा किः हे राजन, मेरा जीवन साथी तो इस दुनिया से चला गया जो फिर कभी भी लौटकर नहीं आएगा, इसलिए मेरे विचार से इस क्रूर शिकारी को बस इतनी ही सजा दी जानी चाहिए कि अगर वो शिकारी है तो उसे हर समय शिकारी वाले कपड़े पहनना चाहिए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### चढ़ावे की चोरी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई हो

चार माह पहले मुझे अयोध्या, प्रयागराज व काशी जाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। मैंने नहीं सोचा था कि अयोध्या में राम मंदिर में चढ़ावे के पैसे पर ही डाका पड़ जाएगा। जो लोग चढ़ावे के नोट गिनते थे, उन्होंने ही हेराफेरी कर ली। बताया जाता है कि पिछले चार वर्षों में करोड़ों का घोटाला हो गया और यह हेराफेरी करने वालों के संबंध बड़े बड़े लोगों से हैं। लोगों द्वारा चढ़ाए गए करोड़ों रुपए के सोने-चांदी व हीरे के हार गायब हो गए हैं। इस संबंध में जनता चाहती है कि घोटाला करने वालों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई हो। प्रचार किया जाता है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भ्रष्टाचार के प्रति सख्त रवैया रखने वाले मुख्यमंत्री हैं, तो क्यों न इस घोटाले के आरोपियों को बेनकाब किया जाए। *- संजय साहू, दुर्ग*

## ट्रेंड

### मतदाताओं से बातचीत करेंगे



मैं जम्मू-कश्मीर की खूबसूरत वादियों के विभिन्न हिस्सों में रहने वाले मतदाताओं के साथ बातचीत करूंगा, खासकर बडगाम जिले के जमीनी स्तर पर कार्यरत बूथ-स्तरीय अधिकारियों के साथ, जो आयोग की नींव हैं। बीएलओ और अन्य संबंधित पक्षों के साथ संवाद करेंगे।
**-ज्ञानेश कुमार**, सीईसी

### अपने अंदर झांके पाक



हमने कराची में घटना के संबंध में भारत के खिलाफ निराधार आरोप लगाने वाली पाकिस्तानी रिपोर्ट देखी है। 'हम इन आरोपों को स्पष्ट रूप से खारिज करते हैं। दूसरों पर उंगली उठाने के बजाय, पाक को अपने अंदर झांकना चाहिए।
**-रणधीर जायसवाल**, प्रवक्ता, विदेश मंत्रालय

### सख्त कार्रवाई होगी



मुझे जानकारी मिली है कि पान मसाला व गुटखा जैसे उत्पादों में भी नशा मिलाया जा रहा है। यदि कोई इन उत्पादों में थोड़ी-सी मात्रा में भी कोई नशीला पदार्थ मिलाता पाया गया, तो कर्नाटक में ऐसे उत्पादों पर प्रतिबंध लगाने और ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। **-डीके शिवकुमार**, सीएम, कर्नाटक

### सबसे यादगार पल




विश्व चैंपियनशिप मेरे करियर के सबसे खास टूर्नामेंट में से एक है। कुछ सबसे यादगार पल, सबसे मुश्किल सबक और सबसे फक्र करने वाली उपलब्धियां इसी मंच पर मिली हैं। 'भारत में अपने प्रशंसकों के सामने विश्व चैंपियनशिप में खेलने का मौका और भी विशेष बनाता है।
**-पीवी सिंधू**, बैडमिंटन खिलाड़ी

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# वॉशिंगटन में भारतीय आमों का स्वाद चखने उमड़ी भीड़



अमेरिका के वॉशिंगटन स्थित 'ड्यूपॉन्ट सर्कल' में हजारों लोग भारतीय आमों की मिठास और लजीज बिरयानी का स्वाद लेने के लिए उमड़े। भारतीय दूतावास ने शनिवार को यहां एक कार्यक्रम का आयोजन किया था जिसमें भारतीय मूल के अमेरिकी वर्जीनिया और मैरीलैंड से ड्यूपॉन्ट सर्कल पहुंचे। उन्होंने पुरानी यादें ताजा कीं और केसर, लंगड़ा एवं मालदा सहित विभिन्न किस्मों के रसीले आमों का स्वाद चखा। अमेरिका में रहने वाली भारतीय मूल की दिशा ने केसर आम का लुत्फ उठाते हुए कहा, 'मुझे याद है कि गर्मियों में मेरी दादी हमें आम खिलाया करती थीं। मैं बस भारतीय आमों का स्वाद लेने के लिए ही यहां आई हूं।' फुटबॉल विश्व कप देखने के लिए अमेरिका की यात्रा कर रहे एंड्रयू ने कहा, 'मैंने पहले कभी इतना स्वादिष्ट आम नहीं खाया।' 'टेस्ट द ट्रॉपिकल मैजिक' नामक यह कार्यक्रम पिछले कई वर्षों से वॉशिंगटन में गर्मियों के दौरान प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता रहा है और इसका दायरा हर साल बढ़ता जा रहा है। अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने कहा, 'यहां केवल आम का की एक फांक या भारत की झलक ही नहीं, बल्कि भारत के विविध स्वाद उपलब्ध हैं।'

## ऑफ बीट

# आहार की नई सिफारिश में अधिक सब्जियों पर जोर



ईएटी-लैंसेट आयोग का कहना है कि पिछले सप्ताह जारी उनके 'प्लैनेटरी हेल्थ डाइट' को अपनाने से दुनिया भर में प्रतिदिन 40,000 समयपूर्व मौतों को रोका जा सकता है और 2050 तक कृषि से होने वाले मीथेन उत्सर्जन में 15 प्रतिशत की कमी लाई जा सकती है। इस आहार में अधिक सब्जियों, फल, साबुत अनाज, दालें और मेवे शामिल करने की सिफारिश की गई है, जबकि मांस, मछली, मुर्गी और दुग्ध उत्पाद को सीमित मात्रा में रखा गया है। यदि आप एक थाली की कल्पना करें, तो उसका आधा हिस्सा सब्जियों और फलों (जिनमें सब्जियां अधिक हों) से भरा होना चाहिए। बाकी आधे हिस्से में साबुत अनाज और वनस्पति आधारित प्रोटीन हों। इसमें थोड़ी मात्रा में पशु उत्पाद और स्वस्थ वसा के लिए स्थान है, लेकिन अतिरिक्त चीनी बहुत कम रखी जानी चाहिए। विशेष रूप से मक्खन का कहीं जिक्र नहीं किया गया। सबसे विवादास्पद सिफारिश है-मांस की मात्रा : केवल 14 ग्राम प्रतिदिन लाल मांस और 29 ग्राम प्रतिदिन चिकन। न्यूजीलैंड का पारंपरिक आहार इस सिफारिश से काफी अलग है। लेकिन देश भर में किशोर लड़कियों पर किए गए एक हालिया अध्ययन से संकेत मिलता है कि अब एक बदलाव आ रहा है।

## पुणे के रियल एस्टेट कारोबारी केतन की हत्या का केस

# पुलिस ने लोहागढ़ किले पर पुतले से सिया गोयल के अपराध घटनाक्रम को दोहराया, सटीक तथ्य मिले

### पुलिस ने देखा कि कैसे सिया ने केतन को धक्का दिया था, किस रास्ते से वह वहां गई थी?

एजेंसी ▶▶ पुणे

पुलिस पुणे के रियल एस्टेट कारोबारी केतन अग्रवाल की कथित हत्या की आरोपी एवं उनकी मंगेतर सिया गोयल को रविवार को लोहागढ़ किले लेकर गई जहां पुतले का इस्तेमाल कर अपराध स्थल पर घटनाक्रम दोहराया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बतया कि इस प्रक्रिया का उद्देश्य 18 जून के सटीक घटनाक्रम का पता लगाना है। आरोप है कि 20 वर्षीय सिया गोयल और उसके 'प्रेमी' चेतन चौधरी (22) ने 25 वर्षीय अग्रवाल को किले से धक्का देकर उनकी हत्या कर दी थी।

#### सिया ने रास्ता भी बताया

देहात पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अपराध स्थल पर घटनाक्रम दोहराया गया। आरोपी को उस वास्तविक स्थान पर ले जाया गया जहां घटना हुई थी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने एक पुतला तैयार किया और गोयल से यह दिखाने को कहा कि उसने केतन को उस स्थान से कैसे धक्का दिया था? इसके साथ ही गोयल ने अपराध स्थल तक पहुंचने के लिए उनके द्वारा इस्तेमाल किया गया रास्ता भी बताया।



घटना स्थल का रीक्रिएशन करती पुणे की पुलिस। सफेद टी शर्ट में सिया।

#### घटना से पहले और बाद के पहलुओं को जांचा

गोयल और चौधरी को अग्रवाल की हत्या की साजिश रचने और उन्हें पुणे जिले के लोहागढ़ किले से धक्का देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। गोयल ने पुलिस को कथित तौर पर बताया कि वह अग्रवाल से शादी नहीं करना चाहती थी और उसे लगा कि शादी तोड़ने से परिवार की बदनामी होगी इसलिए उसने चौधरी के साथ मिलकर अग्रवाल की हत्या की साजिश रची। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जांचकर्ता कथित अपराध की साजिश, घटना से पहले और बाद में आरोपियों की गतिविधियां, उनके डिजिटल रिकॉर्ड और हत्या के मकसद समेत मामले के विभिन्न पहलुओं की जांच कर रहे हैं।

#### मेरी बेटी दोषी तो उसे फांसी दें

केतन की मौत ने दो परिवारों को गहरे सदमे में डाल दिया है। जिस बेटी के लिए परिवार ने सपनों का घर बसाने की तैयारी की थी, आज वही परिवार उसके खिलाफ सख्त सजा की मांग कर रहा है। केतन हत्याकांड में गिरफ्तार सिया को अब सिर्फ केतन के परिवार ही नहीं, बल्कि उसके अपने माता-पिता का भी साथ नहीं मिल रहा है। सिया की मां औरपिता दोनों ने कहा है कि अगर उनकी बेटी दोषी साबित होती है तो उसे फांसी की सजा मिलनी चाहिए। दूसरी ओर, केतन का परिवार भी इस मामले में शामिल सभी लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहा है। इस बीच, तथ्यों ने मामले को और भी सनसनीखेज बना दिया है।

#### सिया और चेतन ने गूगल पर सर्च किया था डेथ पॉइंट

पुणे के कारोबारी केतन अग्रवाल की हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। केतन की हत्या से पहले सिया और चेतन ने गूगल से काफी मदद ली थी और अपनी पूरी तैयारी पुख्ता की थी। उन्होंने केतन की हत्या कैसे करनी है। उसका पूरा रिहर्सल किया था। इस घटना को अंजाम देने के बाद वह कैसे सुरक्षित निकल सकते हैं, इसकी भी प्लानिंग की थी। पुलिस ने बताया कि सिया ने गूगल पर यह सर्च किया था कि आखिर घटना को कैसे अंजाम दिया जाए?

## खबर संक्षेप

### छात्रा पर भड़का कोर्ट आपकी मर्जी नहीं चलेगी



**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने कम हाजिरी से परीक्षा में बैठने से रोकने के विवि के फैसले को चुनौती देने वाली लॉ की छात्रा को 'लापरवाह और गैर-जिम्मेदाराना बयान देने के लिए फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा न्याय का मतलब यह नहीं कि मैं जो चाहूं और जैसे चाहूं करूं। जस्टिस विभा कंकनवाड़ी,अजित कदेथंकर की बेंच ने यह कहा।

### टायर गोदाम में आग लाखों का माल खाक



**मुंबई।** मुंबई-नासिक हाइवे पर भिवंडी के निंबावली इलाके में टायर और लकड़ी के पैलेट के गोदाम में भीषण आग लग गई। आसमान में धुएं का गुबार छा गया। गोदाम को पूरी तरह आग ने अपनी चपेट में ले लिया है। जिससे गोदाम का सामान जलकर खाक हो गया।सभी कर्मचारियों को सुरक्षित निकाल लिया। कोई हताहत नहीं हुआ है।

### अनंत अंबानी ने तिरुपति में चढ़ाए बाल



**तिरुपति।** रिलायंस इंडस्ट्रीज़ के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अनंत अंबानी एक बार फिर गहरी धार्मिक आस्था और सामाजिक जिम्मेदारी को लेकर चर्चा में हैं। रविवार को उन्होंने आंध्र प्रदेश के विश्व प्रसिद्ध तिरुमला श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में भगवान के दर्शन किए। पवित्र सुप्रभात सेवा में भाग लिया। पारंपरिक केश दान किया।

### अमरावती में हादसे में 5 लोगों की मौत



**अमरावती।** समृद्धि महामार्ग पर एक और हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई। रविवार सुबह अमरावती के धामनगांव रेलवे तालुका में हुए इस हादसे में एक ही परिवार के 5 सदस्यों की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा तब हुआ जब चंद्रपुर से मुंबई जा रही वैगन-आर तेज रफ्तार ट्रक के पिछले हिस्से से टकरा गई।

## पूर्वोत्तर में बारिश और भूस्खलन बनी आफत, किसान भी परेशान

# असम में पुल बहा, अरुणाचल में भूस्खलन से हालात बिगड़े, कई इलाकों का संपर्क टूटा

### राष्ट्रीय राजमार्ग-13 के कई हिस्सों में यातायात बाधित हो गया

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

पूर्वोत्तर भारत में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। असम में बाढ़ के तेज बहाव में 300 मीटर लंबा लोहे का पुल बह गया, जिससे कई इलाकों का संपर्क टूट गया। वहीं, अरुणाचल प्रदेश में लगातार बारिश के कारण भूस्खलन और सड़क धंसने की घटनाओं से राष्ट्रीय राजमार्ग-13 के कई हिस्सों में यातायात बाधित हो गया है।असम के धेमाजी जिले में रविवार को केमी नदी का जलस्तर अचानक बढ़ने से केमी और ओयान को जोड़ने वाला करीब 300 मीटर लंबा लोहे का पुल बह गया। पुल के बहने से केमी-पुराना जेलोम क्षेत्र का जोनाई सदर से सड़क संपर्क पूरी तरह कट गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, अरुणाचल प्रदेश से भारी मात्रा में पानी आने के बाद नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ा और कुछ ही देर में पुल तेज बहाव में समा गया। बताया जा रहा है कि इस पुल का निर्माण करीब एक वर्ष पहले ही किया गया था।



#### विद्यार्थियों की परेशानी बढ़ी

पुल टूटने से क्षेत्र के विद्यार्थियों और किसानों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि नदी पार स्थित विद्यालय तक पहुंचने का यही प्रमुख रास्ता था। परीक्षाएं नजदीक होने के कारण छात्रों की पढ़ाई प्रभावित होने की आशंका है। वहीं, खेती के मौसम में किसानों के लिए खेतों तक पहुंचना भी चुनौती बन गया है। स्थानीय लोगों ने यह भी दावा किया कि पुल निर्माण के समय उन्होंने लोहे के बजाय स्थायी कंक्रीट पुल बनाने की मांग की थी।

#### कई हिस्सों में भूस्खलन

उधर, अरुणाचल प्रदेश में लगातार बारिश के चलते पसीघाट-पांगिन मार्ग पर राष्ट्रीय राजमार्ग-13 के कई हिस्सों में भूस्खलन, चट्टानें गिरने और सड़क धंसने की घटनाएं सामने आई हैं। रेंगिंग और येंबुंग के बीच कई स्थानों पर यातायात प्रभावित हुआ है।

#### कई लोगों की मौत

अरुणाचल प्रदेश में बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ के बाद तलाशी एवं बचाव अभियान में पापुम पारे जिले में एक और शव मिलने के साथ ही मरने वालों की संख्या बढ़कर तीन हो गई है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। राज्य के कई अन्य हिस्सों में भी लगातार बारिश के कारण बाढ़ और भूस्खलन की खबरें हैं, जिससे घर जलमग्न हो गए हैं और बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है। स्थानीय प्रशासन ने बचाव और निकासी अभियान शुरू किया है।

#### मलबा हटाने और यातायात बहाल करने के लिए युद्धस्तर पर अभियान शुरू

प्रशासन ने सड़कों से मलबा हटाने और यातायात बहाल करने के लिए युद्धस्तर पर अभियान शुरू किया है, लेकिन लगातार बारिश के कारण राहत कार्यों में बाधा आ रही है। राज्य सरकार ने लोगों से अत्यंत आवश्यक होने पर ही यात्रा करने और भूस्खलन संभावित इलाकों में विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। प्रशासन ने कहा है कि हालात सामान्य होने तक संवेदनशील मार्गों पर सतर्कता बरती जाए और स्थानीय प्रशासन के निर्देशों का पालन किया जाए।

#### विभाग ने बहुत भारी बारिश की संभावना जताई

मौसम विभाग ने पूर्वोत्तर के कई राज्यों में अगले कुछ दिनों तक भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना जताई है। इसके मद्देनजर प्रशासन ने निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने और किसी भी आपात स्थिति में स्थानीय प्रशासन से संपर्क करने की सलाह दी है।



## चढ़ावा चोरी में एसआईटी की कार्रवाई

# जेल भेजे गए आरोपियों के घर पर की छापेमारी, डिटेल खंगाला

### 8 आरोपियों के घर और प्रतिष्ठानों पर छापा



एजेंसी ▶▶ अयोध्या

राम नगरी में राम जन्मभूमि परिसर के मंदिरों से चढ़ावा सहित अन्य बेशकीमती वस्तुओं की चोरी के प्रकरण में जेल भेजे गए आठों आरोपितों के घर और प्रतिष्ठानों पर रविवार को पुलिस की टीमों ने ताबड़तोड़ छापा मारा है। एसआईटी की प्रारंभिक रिपोर्ट पर 8 नामजद और एक अज्ञात सहित 9 के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। चढ़ावा सहित अन्य बेशकीमती वस्तुओं की चोरी के प्रकरण में एसआईटी के बाद अब अयोध्या पुलिस ने मोर्चा संभाल लिया है। पुलिस की टीमें सबसे पहले रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू यादव के घर पहुंचीं। जांच अधिकारी सीओ आशुतोष त्रिपाठी के नेतृत्व में छापा मारने पहुंची पुलिस टीम से टिन्नू के रिश्तेदार की बहस भी हुई। अनुकल्प, लवकुश व अविनाश के के घरों पर छापे मारी की। जेल भेजे गए कुछ आरोपियों के घर पर भारी संख्या में फोर्स के साथ सुबह सात बजे से छापा मारा।

#### टिन्नू के आवास पर पुलिस का छापा, अन्य जगहों पर भी तलाशी

चढ़ावा चोरी मामले में आरोपितों को जेल भेजने के साथ ही पुलिस की जांच तेज हो गई है। रविवार सुबह ही पुलिस ने टिन्नू के आवास पर छापा मारा। उसके घर पर तलाशी ली। इस अन्य आरोपितों के घर और उनके संभावित ठिकानों पर पुलिस टीमें जांच कर रही हैं। अन्य आरोपियों के घरों पर भी छानबीन की जा सकती है। पुलिस की जांच का दायरा अब बढ़ रहा है। 8 ट्रस्ट कर्मियों ने चोरी की रकम कहां निवेश की है इसका पता करने के लिए भी पुलिस इनके बैंक खातों को खंगालने की तैयारी कर रही है। काल डिटेल से इस बात का पता लगाएगी कि आरोपी किन ट्रस्टियों और बैंककर्मियों के संपर्क में थे। गबन करने के बाद आरोपितों की तरफ से किससे अधिक लेन-देन किया गया यह भी सामने आ जाएगा।

#### बैंक खातों व कॉल डिटेल की छानबीन की

मंदिर व्यवस्था से जुड़े रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू के अलावा ट्रस्ट कर्मी अनुकल्प मिश्र, उसका बहनोई लवकुश मिश्र, टिन्नू का भतीजा मनीष यादव, करुणेश पांडेय, रमाशंकर मिश्र, अविनाश शुक्ल व रिटायर्ड बैंककर्मी सुभाष श्रीवास्तव शामिल हैं।जांच के बीच ही यह तथ्य उजागर हो चुके हैं कि इन लोगों ने विभिन्न जगहों पर महंगे भूखंड खरीदे हैं और अन्य मदों में निवेश किया है। बैंक खातों व काल डिटेल की की छानबीन शुरू हो गई है।

## भारत माला सड़क पर हादसा, 2 हादसों में 5 की मौत

# सैर पर निकले तीन ग्रामीणों को रौंदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

भारत माला सड़क पर तेज रफ्तार वाहन ने तीन ग्रामीणों को रौंद दिया। हादसे में तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों को टक्कर मारने के बाद वाहन समेत चालक फरार हो गया। घटना बलौदा थाना क्षेत्र के कोरबी की है। जानकारी के अनुसार डोंगरी और कोरबी के रहने वाले तीन ग्रामीण रविवार 28 जून की सुबह सैर के लिए निकले थे। सुबह करीब 6 बजे 62 वर्षीय दिलहरण दास वैष्णव, 52 वर्षीय केदार बरेठ और 70 वर्षीय संतु यादव भारत माला सड़क के किनारे टहल रहे थे। इसी दौरान तेज गति से आते वाहन ने कोरबी के पास तीनों को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना को अंजाम देकर वाहन समेत चालक फरार हो गया। ग्रामीणों को जब घटना की जानकारी मिली तो मौके पर भीड़ जुट गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों को अस्पताल पहुंचाया।



#### दीवार ढहने से दो सगी बहनों की गई जान


**बेमेतरा।** बेमेतरा जिले के ग्राम राउरपुर में कच्ची दीवार ढहने से रविवार को दो सगी बहनों की मौके पर ही मौत हो गई है। दीवार के पास बर्तन धो रही बुआ भी घायल हो गई है। घर के समीप बर्तन साफ कर रही दो सगी बहनें अचानक जर्जर कच्ची दीवार गिरने से मलबे में दब गईं। हादसे में वंशिक कोशले (12 वर्ष) और राधिका कोशले (10 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों बच्चियां घर के पास बर्तन मांज रही थीं। इसी दौरान वर्षों पुरानी कच्ची दीवार अचानक भरभराकर गिर पड़ी। ग्रामीण मौके पर पहुंचे मलबा हटाकर बच्चियों को निकाला।

### अनुसूचित जनजातियों पर लागू नहीं होगा यूसीसीः सीएम सुवेंदु



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की बीजेपी सरकार वर्तमान विधानसभा सत्र के दौरान राज्य में यूनिफ़ॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) लागू करने के लिए एक बिल लाने की योजना बना रही है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने साफ किया कि कोड में कुछ भी शेड्यूल्ड ट्राइब्स (एसटी) पर लागू नहीं होगा। समिक भट्टाचार्य ने कहा कि भाजपा का स्टैंड साफ है। यह पार्टी के इलेक्शन मैनिफेस्टो और राजनीतिक वादे का हिस्सा है।

### मुंबई-वड़ोदरा इंटरचेंज जंक्शन



पालघर। महाराष्ट्र के पालघर जिले के विरार में मुंबई-दिल्ली एक्सप्रेसवे कॉरिडोर पर मुंबई-वड़ोदरा इंटरचेंज जंक्शन का नज़ारा।

## बेंगलुरु में 'नशा मुक्त भारत सम्मेलन' को संबोधित किया

# उपराष्ट्रपति : नशा-मुक्त भारत बनाने के लिए लोगों का सामूहिक प्रयास जरूरी

### नशा उत्पादकता, परिवार कल्याण और विकास में बाधक

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने शिक्षण संस्थानों, परिवारों, स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों तथा कानून लागू कराने वाली एजेंसियों से नशा-मुक्त भारत बनाने के लिए मिलकर काम करने का रविवार को आह्वान किया। उन्होंने कहा यह अभियान सभी शैक्षणिक परिसरों, शहरों और पूरे देश में चलाया जाना चाहिए।बेंगलुरु में राजीव गांधी स्वास्थ्य विज्ञान विवि के स्थापना दिवस समारोह और 'नशा मुक्त भारत सम्मेलन' में राधाकृष्णन ने कहा कि मादक पदार्थों का सेवन न केवल व्यक्ति की सेहत के लिए, बल्कि शिक्षा, उत्पादकता, परिवार कल्याण का नाशक है।

#### खात्मे के लिए इच्छाशक्ति को अहम बताया

उन्होंने कहा कि नशा मुक्त भारत का दृष्टिकोण सिर्फ मादक पदार्थों का न होना नहीं है। स्वस्थ विकल्प, सोच-समझकर लिए गए फैसले, सहयोगी परिवार और मजबूत समुदाय।



उपराष्ट्रपति ने कहा कि विश्वविद्यालय ने स्वास्थ्य शिक्षा को मजबूत करने और स्वास्थ्य सेवा पेशेवर तैयार करने में अहम है। छात्र उपचार, जन-जागरूकता, नीति-समर्थन और साक्ष्य-आधारित समाधानों के जरिए मादक पदार्थों के खतरे से निपटने की कोशिशों में अगुवाई करेंगे।

## पूर्व राष्ट्रपति प्रणब की बेटी शर्मिष्ठा ने कहा

# राजनीति 365 दिन का काम, राहुल कुछ इवेंट्स के बाद गायब हो रहे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि राहुलजमीनी स्तर पर कुछ दिन सक्रिय रहने के बाद गायब हो जाते हैं। शर्मिष्ठा ने बताया कि 2014 से, लगभग उसी समय से जब राहुल कांग्रेस के चेहरे के रूप में उभरने लगे थे, पार्टी लगातार चुनाव हारती रही है। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा का अच्छा नतीजा मिला।

#### कुछ रैलियां की और फिर भागे



शर्मिष्ठा ने कहा कि अफसोस की बात है कि राहुल गांधी कुछ इवेंट्स करते हैं और फिर गायब हो जाते हैं। राजनीति 24 घंटे, 365 दिन का काम है। आप आते हैं और फिर 2 दिन बाद चले जाते हैं। आप कुछ रैलियां करते हैं और फिर चले जाते हैं। तो, मेरे हिसाब से राजनीति ऐसी नहीं होती।

### दिल्ली में लगे राहुल गांधी के 'गुमशुदा' वाले पोस्टर भाजपा ने उनके विदेश दौरों पर उठाया था सवाल



रविवार को दिल्ली में कई जगहों पर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ पोस्टर लगे हुए दिखाई दिए। यह पोस्टर मंडी हाउस, आईटीओ आदि इलाकों में लगे हुए थे। पोस्टर में राहुल गांधी की तस्वीर और उनका नाम लिखा हुआ था। तस्वीर के ऊपर बड़े शब्दों में लिखा था- गुमशुदा। यह पोस्टर किसने लगाए हैं, इसका तो पता नहीं चल पाया है लेकिन भाजपा ने हाल ही में एक बार फिर राहुल गांधी के विदेश दौरों को लेकर सवाल उठाया है। भाजपा ने सोशल मीडिया पर पूछा था कि राहुल गांधी कहां हैं और उनकी विदेश यात्राओं के लिए फंडिंग कहां से हो रही है?

#### शहजाद ने 'लीडर ऑफ पर्यटन' बताया

राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने तंज कसते हुए राहुल गांधी को 'लीडर ऑफ पर्यटन' बताया था। पूनावाला ने दावा किया था कि जब भी संसद और चुनावों में या उनकी पार्टी को उनकी जरूरत होती है, तो राहुल अक्सर गायब रहते हैं। पूनावाला ने दावा किया था कि राहुल गांधी एक और विदेश यात्रा पर हैं।

# गर्मी के मौसम में एसी की मांग रही ठंडी, शीतल पेय की बिक्री बढ़ी

## जून तिमाही में गर्मी से जुड़े उत्पादों की मांग में मिला-जुला रुख रहा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही में गर्मी से जुड़े उत्पादों की मांग में मिला-जुला रुख देखने को मिला है। मौसम में आए बदलाव और महंगाई के दबाव के कारण एयर कंडीशनर (एसी) की बिक्री अपेक्षा से कमजोर रही है। वहीं ठंडे पेय, आइसक्रीम, डेयरी उत्पाद और अन्य ताजगी देने वाले उत्पादों की मांग मजबूत बनी रही। उद्योग विशेषज्ञों का कहना है कि जून में कई हिस्सों में बेमौसम बारिश, आंधी और शाम के समय अपेक्षाकृत कम तापमान रहने से एसी की जरूरत कम महसूस हुई। वहीं बढ़ती कीमतों के कारण उपभोक्ता महंगे एसी खरीदने के बजाय एयर कूलर और पंखों जैसे अपेक्षाकृत सस्ते विकल्पों की ओर रुख कर रहे हैं। नंदी ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में कई दौर की मूल्य वृद्धि के कारण एसी की कीमतें करीब 18 से 20 प्रतिशत तक बढ़ चुकी हैं। इसी वजह से कई उपभोक्ता एसी की जगह एयर कूलर और पंखों को प्राथमिकता दे रहे हैं। एक प्रमुख एसी कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इस बार गर्मी का मौसम उद्योग की उम्मीदों के अनुरूप नहीं रहा, विशेषकर जून का महीना कमजोर रहा।

हालांकि, चालू वर्ष में अब तक उद्योग के कारोबार के मूल्य में लगभग 35 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जिसका मुख्य कारण प्रीमियम उत्पादों की बढ़ती हिस्सेदारी और ऊंची कीमतें हैं।

### मानसून के आगमन से वाशिंग मशीन की मांग बढ़ी

गोदरेज एंटरप्राइजेज समूह के कारोबार प्रमुख और ईवीपी (उपकरण कारोबार) कमल नंदी ने कहा कि ठंडक प्रदान करने वाले उत्पादों की श्रेणी में मांग का रुख मिला-जुला रहा। रेफ्रिजरेटर की मांग सामान्य और प्रीमियम दोनों वर्गों में मजबूत बनी हुई है, जबकि मानसून के आगमन के साथ वॉशिंग मशीन की मांग भी बढ़ रही है।



### उत्तर भारत में एसी की बिक्री घटी

हालांकि, उन्होंने कहा कि जून में पूरे देश, खासकर उत्तर भारत में एसी की बिक्री में उल्लेखनीय गिरावट आई है। उनके अनुसार, उद्योग स्तर पर एसी की बिक्री घटी है। इसकी बड़ी वजह मौसम में बदलाव है। कई क्षेत्रों में आंधी-बारिश और रात के समय तापमान कम रहने से लोगों को एसी की जरूरत पहले जैसी नहीं रही। इसके अलावा महंगाई के चलते उपभोक्ता गैर-जरूरी खर्च टाल रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### बीते सप्ताह सभी तेल की कीमतों में मामूली सुधार

**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों में खाद्य तेलों के दाम मजबूत होने के कारण बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में सभी खाद्य तेल-तिलहनों के दाम में मामूली सुधार रहा। इसके चलते सरसों, सोयाबीन एवं मूंगफली तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल के दाम मजबूत बंद हुए। बाजार के जानकार सूत्रों ने कहा कि विदेशों में बाजार मजबूत हुए हैं पर देश के हाजिर कारोबार में मांग कमजोर रहने से कारोबारी गतिविधियां धीमी हैं।

### आईटीसी प्रमुख पुरी के वेतन में 6.8 प्रतिशत की कमी

**नई दिल्ली।** विभिन्न कारोबार से जुड़ी कंपनी आईटीसी के चेयरमैन संजीव पुरी का कुल पारितोषिक वित्त वर्ष 2025-26 में 6.8 प्रतिशत घटकर 23.91 करोड़ रुपये रहा। प्रदर्शन आधारित बोनस और दीर्घकालीन प्रोत्साहन/ कमीशन में कमी के कारण वेतन में कमी आई। आईटीसी की सालाना रिपोर्ट में यह कहा गया। पुरी के पारितोषिक में 3.85 करोड़ रुपये का मूल/एकीकृत वेतन, 88 लाख रुपये की परिलब्धियां और प्रदर्शन आधारित बोनस और दीर्घकालीन प्रोत्साहन/कमीशन के रूप में 19.17 करोड़ रुपये शामिल थे।

### भारत ने 'हॉट रोल्ड स्टील' के आयात की डंपिंग रोधी जांच शुरू

**नई दिल्ली।** भारत ने चीन, जापान और रूस से कुछ ''हॉट रोल्ड स्टील'' उत्पादों के सस्ते आयात के खिलाफ डंपिंग रोधी जांच शुरू की है। यह जांच जेएसडब्ल्यू स्टील लिमिटेड, जेएसडब्ल्यू विजयनगर मेटालिक्स लिमिटेड और जिंदल स्टील ओडिशा लिमिटेड की ओर से दायर आवेदन के बाद शुरू की गई है। आवेदकों का आरोप है कि चीन, जापान और रूस से निर्यात किए जा रहे मिश्रधातु या गैर-मिश्रधातु इस्पात के ''हॉट रोल्ड फ्लैट उत्पाद'' डंपिंग कीमतों पर भारत में आयात किए जा रहे हैं, जिससे घरेलू उद्योग को गंभीर नुकसान हो रहा है।

## सरकार का ध्यान कर प्रक्रियाओं को सरल बनाने पर केंद्रित

# जीएसटी के 10 सालः अब सरकार का ध्यान एआई आधारित अनुपालन, तेज रिफंड पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) प्रणाली लागू होने के 10 साल पूरे होने जा रहे हैं। ऐसे में अब सरकार का ध्यान केवल कर संग्रह बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित अनुपालन, तेज रिफंड, डेटा एकीकरण और कर प्रक्रियाओं को सरल बनाने पर केंद्रित हो गया है। इसका उद्देश्य कारोबार क्षेत्रों, विशेषकर सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के लिए अनुपालन लागत कम करना और कर चोरी पर प्रभावी अंकुश लगाना है। सरकार जीएसटी, आयकर और सीमा शुल्क के डेटाबेस को आपस में जोड़ रही है ताकि जोखिम का बेहतर आकलन किया जा सके, कर चोरी की पहचान आसान हो और मैन्युअल हस्तक्षेप कम किया जा सके।

- सरकार का ध्यान केवल कर संग्रह बढ़ाने तक सीमित नहीं

**खास बातें**

- एमएसएमई के लिए लागत कम करने पर जोर
- सरकार जीएसटी, आयकर और सीमा शुल्क का डेटा आपस में जोड़ रही




### सरकार के राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि

साथ ही एआई और डेटा विश्लेषण के जरिये अनुपालन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और दक्ष बनाया जा रहा है। जीएसटी को देश के सबसे बड़े आर्थिक सुधारों में गिना जाता है। इसने अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाया है, करदाताओं का दायरा बढ़ाया है, अनुपालन को मजबूत किया है और सरकार के राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि की है।

### शुरुआत में जीएसटी के चार कर स्लैब थे

शुरुआत में जीएसटी में चार कर स्लैब-5, 12, 18 और 28 प्रतिशत थे। वहीं विलासिता वाली वस्तुओं और अहितकर उत्पादों मसलन तंबाकू आदि पर 28 प्रतिशत के कर के अलावा अतिरिक्त उपकर भी लगाया गया। बाद में कर प्रणाली में सुधार के तहत 22 सितंबर, 2025 से नई दो-स्तरीय जीएसटी व्यवस्था लागू की गई। इसके तहत अधिकांश आवश्यक वस्तुओं को पांच प्रतिशत और सामान्य वस्तुओं एवं सेवाओं को 18 प्रतिशत कर स्लैब में रखा गया।

### पहले 17 प्रकार के कर तथा 13 तरह के उपकर लागू थे

एक जुलाई, 2017 को आधी रात में संसद के केंद्रीय कक्ष में तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने जीएसटी की शुरुआत की थी। उस समय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे 'गुड एंड सिंपल टैक्स' बताते हुए कहा था कि इससे व्यापारियों और छोटे कारोबारियों को अनावश्यक परेशानियों से राहत मिलेगी। जीएसटी लागू करने से पहले देश में केंद्र और राज्यों के 17 प्रकार के कर तथा 13 तरह के उपकर (सेस) लागू थे।

### लागू करने में जेटली की महत्वपूर्ण भूमिका रही

जीएसटी में इन्हें समाहित कर पूरे देश के लिए एक समान अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था लागू की गई, जिससे 'एक राष्ट्र, एक कर' की अवधारणा को बल मिला। इस व्यापक सुधार को लागू करने में तत्कालीन वित्त मंत्री स्व. अरुण जेटली की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने राज्यों और विभिन्न राजनीतिक दलों के बीच सहमति बनाने के लिए लंबी बातचीत की थी।

### पंजीकृत करदाता बढ़कर 1.6 करोड़

जेटली ने इसे दुनिया की सबसे जटिल अप्रत्यक्ष कर प्रणालियों में से एक के पुनर्गठन की बड़ी उपलब्धि बताया था। जीएसटी लागू होने के समय देश में पंजीकृत करदाताओं की संख्या करीब 66.5 लाख थी, जो वर्ष 2026 तक बढ़कर लगभग 1.6 करोड़ हो गई है। इसे अर्थव्यवस्था के तेजी से संगठित होने का संकेत माना जा रहा है।

# 'मेड इन इंडिया' सिर्फ लेबल नहीं बल्कि गुणवत्ता का प्रतीक : गोयल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि 'मेड इन इंडिया' केवल किसी उत्पाद पर अंकित लेबल नहीं, बल्कि यह गुणवत्ता के प्रति भारत की प्रतिष्ठा और प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता केवल कंपनियों के प्रदर्शन का पैमाना नहीं, बल्कि देश के प्रति एक राष्ट्रीय जिम्मेदारी भी है। गोयल ने लंदन में 27 जून को आयोजित एक कारोबारी सत्र में तमिलनाडु के अंबूर स्थित फ्लोरेंस शू कंपनी के संस्थापक अकील अहमद पनारूना की सफलता का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय उद्यमी विश्वस्तरीय विनिर्माण के जरिये 'ब्रांड इंडिया' की छवि को वैश्विक स्तर पर मजबूत कर रहे हैं। गोयल ने बताया कि एक अंतरराष्ट्रीय ग्राहक ने काहिरा हवाई अड्डे पर लक्जरी ब्रांड ह्यूगो बॉस का एक जूता देखा। जूते पर लगे लेबल की जांच करने पर उस पर 'मेड इन इंडिया' अंकित मिला। यह जूता अंबूर स्थित फ्लोरेंस शू कंपनी में तैयार किया गया था।

### ईरान संकट पर निर्भर करेगी सोना और चांदी की दिशा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिका-ईरान के बीच बढ़ते तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और कई वृहद आर्थिक आंकड़ों के बीच अगले सप्ताह सोने और चांदी की कीमतों पर दबाव बना रह सकता है। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषक का कहना है कि फेडरल रिजर्व के नीतिगत फैसले की दिशा के अनुरूप अगले सप्ताह प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के पीएमआई, यूरो क्षेत्र के मुद्रास्फीति के आंकड़े तथा अमेरिका के गैर-कृषि रोजगार तथा बेरोजगारी के आंकड़े बाजार की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इसके साथ ही अमेरिका-ईरान के बीच वार्ता ठप होने तथा दोनों देशों के बीच बढ़े सैन्य तनाव पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव भी सर्राफा बाजार को प्रभावित कर सकता है। जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के ईबीजी - जिंस एवं मुद्रा शोध के उपाध्यक्ष प्रणव मेर ने कहा, ''सोने और चांदी की कीमतों में अब भी गिरावट का रुख बना हुआ है।

# बीज कंपनियों के पास खरीफ के लिए अतिरिक्त भंडार उपलब्ध

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश की निजी बीज कंपनियों ने खरीफ फसल सत्र के लिए 20-30 प्रतिशत अतिरिक्त भंडार रखा है, लेकिन इस साल अल-नीनों के कारण मानसून के कमजोर और देरी से आने के खतरे के बीच बारिश की कमी वाले मुख्य इलाकों में समय पर बीज पहुंचाना एक बड़ी चुनौती है। फेडरेशन ऑफ सीड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एफएसआईआई) ने यह बात कही। एफएसआईआई के चेयरमैन अजय राणा ने कहा कि मक्का, धान और मोटे अनाज



(मिलेट्स) के रिकॉर्ड बीज उत्पादन से इस वर्ष उद्योग पूरी तरह तैयार है। हाल ही में एक हजार किसानों पर किए गए सर्वेक्षण में पाया गया कि 75 प्रतिशत किसान पहले ही बीज खरीद चुके हैं, जबकि 25 प्रतिशत किसान मानसून का इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में बुवाई की अवधि समाप्त होने से पहले अतिरिक्त भंडार वाले क्षेत्रों से प्रभावित जिलों तक बीज पहुंचाना बेहद महत्वपूर्ण होगा।

# आर्थिक आंकड़े तय करेंगे शेयर बाजार की चाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इस सप्ताह स्थानीय शेयर बाजार की दिशा पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और भारत के प्रमुख वृहद आर्थिक आंकड़ों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों का कहना है कि अमेरिका और ईरान के बीच हालिया सैन्य घटनाक्रम के साथ-साथ विदेशी निवेशकों की गतिविधियां और दक्षिण-पश्चिम मानसून की प्रगति पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा कि निवेशक औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) के आंकड़ों, एचएसबीसी के अंतिम विनिर्माण, सेवा और समग्र पीएमआई (खरीद प्रबंधक सूचकांक) तथा विदेशी मुद्रा भंडार के आंकड़ों पर विशेष नजर रखेंगे। इन आंकड़ों से घरेलू अर्थव्यवस्था की स्थिति के बारे में महत्वपूर्ण संकेत मिलेंगे। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों की दिशा और पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक घटनाक्रम बाजार की धारणा को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारक बने रहेंगे।

- कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव बना रहेगा




### बाजार में जोखिम लेने की धारणा मजबूत हो सकती है

पोनमुडी ने कहा कि यदि दोनों पक्षों के बीच बातचीत दोबारा शुरू होने या तनाव कम होने के संकेत मिलते हैं तो इससे बाजार में जोखिम लेने की धारणा मजबूत हो सकती है। वहीं, यदि तनाव और बढ़ता है तो वैश्विक आर्थिक वृद्धि और ऊर्जा बाजार को लेकर निवेशकों की चिंताएं बढ़ सकती हैं।

# टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स ईवी पर बड़ा दांव लगाएगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) का चलन अपने 'अर्ली अडॉप्टर्स' चरण को पार कर गया है। ऐसे में टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स बिजलीचालित वाहन खंड में अपनी अग्रणी स्थिति को बनाए रखने के लिए वित्त वर्ष 2030-31 तक चार नए ईवी उत्पाद और 10 से ज्यादा उन्नत संस्करण वाले मॉडल लाने की तैयारी कर रही है। 'अर्ली अडॉप्टर्स' वे ग्राहक हैं जो प्रतिस्पर्धी बढ़त पाने के लिए कोई नया विचार या प्रौद्योगिकी चुनते हैं। निवेशकों के समक्ष एक प्रस्तुतीकरण में कंपनी ने कहा कि वह अपने इलेक्ट्रिक वाहन खंड में वृद्धि के अगले चरण की तैयारी कर रही है, और 2030-31 तक 30 प्रतिशत से ज्यादा की ईवी पहुंच पर नजर रखे हुए है।




**कंपनी उत्पादों को बेहतर बनाएगी :** कंपनी ने कहा, ''अभी, ईवी पर 'अर्ली मैजोरिटी' विचार कर रही है। हम अर्ली और लेट मैजोरिटी ग्राहकों के बीच ईवी को बढ़ावा देने के लिए अपने उत्पादों को बेहतर बनाएंगे।'' 'अर्ली मैजोरिटी' ग्राहक वे होते हैं जिन्हें खरीदने से पहले सफल 'केस स्टडीज' देखने की जरूरत होती है, जबकि 'लेट मैजोरिटी' वाले ग्राहक आम आदमी के नए विचार या प्रौद्योगिकी को अपनाने के बाद ही उसे स्वीकार करते हैं।



## सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/ क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


## राशिफल

- **मेष:** आज आत्मविश्वास और ऊर्जा चरम पर रहेगी। करियर में नई पहल और रचनात्मक कामों से सफलता मिलेगी। धन लाभ के योग हैं।
- **वृष:** आदित्य मंगल योग से लाभ और तरक्की के संकेत हैं। धन आगमन प्रबल है, लेकिन खर्चों पर नियंत्रण रखें। प्रेम संबंध मजबूत होंगे।
- **मिथुन:** दिन व्यस्त रहेगा। कार्यक्षेत्र में मेहनत का फल मिलेगा, लेकिन भावनाओं पर नियंत्रण रखें। अनावश्यक खर्च न करें। प्रेम में उतार-चढ़ाव संभव।
- **कर्क:** भावनात्मक संतुलन बनाए रखें। करियर में स्थिरता रहेगी, लेकिन नई योजनाओं में सतर्कता जरूरी। धन स्थिति सामान्य। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।
- **सिंह:** आज का दिन खास रहेगा। करियर में अवसर और लाभ के मजबूत योग हैं। रचनात्मक कामों में सफलता मिलेगी। प्रेम और वैवाहिक जीवन सुखमय।
- **कन्या:** स्वास्थ्य और दिनचर्या पर ध्यान केंद्रित रहेगा। कार्य क्षेत्र में व्यावहारिक निर्णय फायदेमंद साबित होंगे। भावनात्मक रूप से संवेदनशील रहें।
- **तुला:** संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। पार्टनरशिप और बिजनेस में फायदा हो सकता है। करियर स्थिर, लेकिन यात्रा से थकान हो सकती है। धन स्थिति बेहतर रहेगी।
- **वृश्चिक:** गुप्त मामलों में सावधानी बरतें। करियर में मेहनत से प्रगति होगी। धन लाभ के अवसर, लेकिन निवेश में जोखिम न लें। प्रेम संबंध गहरे होंगे।
- **धनु:** यात्रा और उच्च शिक्षा से लाभ। करियर में नई जिम्मेदारियां आएंगी। परिवार में खुशहाली। स्वास्थ्य अच्छा, लेकिन थकान से बचें।
- **मकर:** करियर और आर्थिक मामलों में स्थिरता। पुरानी योजनाएं पूरी हो सकती हैं। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। परिवार का साथ मिलेगा। अनावश्यक बहस से बचें।
- **कुंभ:** सामाजिक गतिविधियां बढ़ेंगी। दोस्तों से मदद मिलेगी। करियर में छोटे बदलाव संभव। धन में वृद्धि के योग। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। वादे पूरे करें।
- **मीन:** दैनिक कार्यों और जिम्मेदारियों में व्यस्तता रहेगी। योजना बनाकर आगे बढ़ें। धन स्थिति स्थिर, लेकिन खर्च नियंत्रित रखें। प्रेम संबंधों में संतुलन जरूरी।


## शब्द पहेली - 6271



**बाएँ से दाए-**
1.सेवक,दास-3
3.निवास करना-3
5.खुजली-2
6.परोपकारी-5
9.प्याला,जाम-2
11.टोंटी,नलका-2
12.आनंद,जूस-2
13.प्रतिज्ञा,शपथ-3
16.सिमरन,सुमरन-3
18.सुअर-3
20.पेन,लेखनी-3
22.कमल,जलज-3
23.क्रोध,गुस्सा-2
24.पाश,फंदा-2
25.शोषण करना-3
28.गौरव,प्रशंसा-3
30.सूत कातने का साधन-3
31.गौरव-3
33.देवर्षि-3
35.अंधकार-2
36.यमराज-2
38.अलमस्त-2
40.सलाह देने वाला-5
41.बीता दिन-2
42.रसदार-3
43.इंद्रियों को जीतने वाला-3

**ऊपर से नीचे**
1.उर्वरक-2
2.विशाल,श्रेष्ठ-3
3.धनवान,संपन्न-3
4.घ्राणेद्रिय,इज्जत-2
5.दैत्य,असुर-3
7.मायाजाल-3
8.उद्धार,पार लगाना-3
10.शरण,आश्रय-3
14.चूर-चूर,ढहा-5
15.टोंटी,नलका-2
17.युद्ध,संग्राम-2
18.दूल्हा-2
19.राजपुत्र-5
21.मद्रास का समुद्र तट-3
22.नीले रंग का बहुमूल्य रत्न-3
26.मित्र,दोस्त.मीत-2
27.हूर,अप्सरा
29.मेहंदी-2
30.शीर्ष,पराकाष्ठा-3
31.इसमें पौधा लगाते हैं-3
32.पीहर,नैहर-3
34.युक्तिवाद,पैरवी-3
35.टब,परात,तगारी-3
37.इच्छा-3
39.परत,तह-2
41.कदर,सम्मान-2

### शब्द पहेली -6270 का हल




## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अनिल कुमार उर्फ प्रेम राजपूत उर्फ चिंटू, निवासीः** म. नं. 10613, गली नं. 5, प्रताप नगर, अंधा मुगल, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 289/2020 U/S 279/338 IPC & 3/181, 146/196, M.V. Act, थानाः सराय रोहिल्ला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अनिल कुमार उर्फ प्रेम राजपूत उर्फ चिंटू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अनिल कुमार उर्फ प्रेम राजपूत उर्फ चिंटू** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 289/2020 U/S 279/338 IPC & 3/181, 146/196, M.V. Act, थानाः सराय रोहिल्ला, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अनिल कुमार उर्फ प्रेम राजपूत उर्फ चिंटू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **13.08.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री रंगत धीरा
न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी–04
कमरा नं. 37, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/8729/N/2026
(Court Matter)

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा


**धारा 82 Cr.P.C./84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राजेन्द्र कुमार, पुत्रः** हेमचंद, **निवासीः** म.नं. सी–138, गली नं. 6, भजनपुरा, दिल्ली ने मुकदमा **CT No. 413/2020 U/s 138 NI Act, थानाः भजनपुरा, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजेन्द्र कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्षित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजेन्द्र कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **CT No. 413/2020 U/s 138 NI Act, थानाः भजनपुरा, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **राजेन्द्र कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **05.08.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री किरणदीप कौर
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–01
कमरा नं. 5, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/8722/NE/2026
(Court Matter)

# मेस्सी का 'मैजिक', लगातार 7 विश्व कप में गोल करने वाले दुनिया के बने पहले खिलाड़ी



मेस्सी ने 19वें गोल के साथ विश्व कप में फिर बनाया नया रिकॉर्ड

ग्रुप चरण के अंतिम मैच जॉर्डन पर अर्जेंटीना की 3-1 से जीत

एजेंसी ▶▶| अर्लिंग्टन

लियोनेल मेस्सी का विश्व कप में रिकॉर्ड बनाने का सिलसिला जारी है और अब वह विश्व फुटबॉल के सबसे बड़े मंच पर लगातार सात मैचों में गोल करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं।

इस स्टार स्ट्राइकर ने अर्जेंटीना की जॉर्डन के खिलाफ ग्रुप चरण के अंतिम मैच में 3-1 से जीत के दौरान अपना 19वां गोल करके विश्व कप में सर्वाधिक गोल के अपने रिकार्ड को भी आगे बढ़ाया। अर्जेंटीना के सुपरस्टार ने दूसरे हाफ में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में आकर यह कारनामा किया।

### फ्री किक से किया 72वां गोल

मेस्सील के होने के बाद अपना पहला मैच खेल रहे ने 80वें मिनट में पेनल्टी बॉक्स के ठीक बाहर गिराए जाने के बाद फ्री किक पर गोल किया। घास की सतह से थोड़ा ऊपर उठी उनकी नीची किक जॉर्डन के दो डिफेंडरों को भेदकर दनदनाती हुई नेट के बाएं कोने में चली गई। इससे पहले मेस्सी फ्रांस के स्ट्राइकर जस्ट फॉन्टेन और ब्राजील के महान खिलाड़ी जैरज़िन्हो के साथ विश्व कप के लगातार छह मैचों में गोल करने वाले केवल तीन खिलाड़ियों में से एक थे। यह उनके करियर का फ्री किक पर किया गया 72वां गोल था। इनमें से 12 गोल उन्होंने अर्जेंटीना के लिए किए हैं। मेस्सी ने अब तक 202 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 123 गोल किए हैं और वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सर्वाधिक गोल करने के रिकॉर्ड के मामले में क्रिस्टियानो रोनाल्डो के 145 गोल के बाद दूसरे स्थान पर हैं।

## ईरान बाहर, नॉकआउट में ऑस्ट्रिया और अल्जीरिया



**कनसास सिटी।** ऑस्ट्रिया और अल्जीरिया दोनों ने एक रोमांचक मुकाबले में इंजरी टाइम में गोल करके ग्रुप जे का अपना आखिरी मैच 3-3 से ड्रॉ खेला और विश्व कप फुटबॉल के नॉकआउट राउंड में जगह बनाई, जिससे ईरान टूर्नामेंट से बाहर हो गया। इस मैच का अंत बेहद रोमांचक रहा, जिसमें एक समय ईरान की अगले दौर में पहुंचने की उम्मीद बन गई थी लेकिन अमेरिका के साथ युद्ध के कारण यात्रा प्रतिबंधों से जुड़ी समस्याएं झेलने वाले इस एशियाई देश की टीम को अब स्वदेश लौटना होगा। मैच के आखिरी मिनटों में स्कोर 2-2 से बराबर था। तभी अल्जीरिया के रियाद महरेज़ ने स्टॉपेज टाइम में अपना दूसरा गोल दाग दिया। इससे ऑस्ट्रिया टूर्नामेंट से बाहर होने की कगार पर पहुंच गया, लेकिन कुछ ही क्षणों बाद सासा कलाज्डिक ने बराबरी का गोल दागकर टीम की विश्व कप की उम्मीदों को जीवंत रखा। मार्को अर्नौटोविक (28वें) और मार्सेल सबित्जर (55वें) ने भी ऑस्ट्रिया के लिए गोल किए। ऑस्ट्रिया ग्रुप जे में अर्जेंटीना के बाद दूसरे स्थान पर रहा और 1982 के बाद पहली बार क्वालीफाई करने में सफल रहा।




## कोलंबिया ने पुर्तगाल को ड्रॉ पर रोका



**मियामी गार्डन्स।** पुर्तगाल और कोलंबिया की टीम मैच शुरू होने से पहले ही विश्व का फुटबॉल के नॉकआउट राउंड में अपनी जगह पक्की कर चुकी थी लेकिन अब मुकाबला ग्रुप विजेता बनने के लिए था। मैच गोलरहित ड्रॉ रहा, जिससे कोलंबिया ग्रुप के में पहले स्थान पर रहा। इस मैच को लेकर काफी चर्चा थी लेकिन यह किसी भी समय रोमांच की पराकाष्ठा तक नहीं पहुंचा। कोलंबिया ने तीन मैच में से दो मैच जीते और एक ड्रॉ कराया और उसने सात अंक के साथ ग्रुप चरण का समापन किया। पुर्तगाल एक जीत और ड्रॉ के साथ पांच अंक लेकर दूसरे स्थान पर रहा।

## घाना को मात देकर नॉकआउट में क्रोएशिया

**फिलाडेल्फिया।** लुका मोड्रिक ने कॉर्नर किक को छह गज वाले बॉक्स के शीर्ष तक पहुंचाया और निकोला वलासिच ने कई खिलाड़ियों की मौजूदगी में ऊंची छलांग लगाकर गेंद को हेडर से गोल में पहुंचा दिया, जिससे क्रोएशिया ने घाना को 2-1 से हराकर शान के साथ विश्व कप फुटबॉल के अगले दौर में जगह बनाई। इस तरह से 40 वर्षीय मोड्रिक विश्व कप इतिहास में गोल में मदद करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। क्रोएशिया की तरफ से वलासिच (83वें मिनट) के अलावा पीटर सुसिच (31वें) ने भी गोल किया। घाना के लिए डेरिक लुकासेन ने 73वें मिनट में बराबरी का गोल दागा था। इस जीत से क्रोएशिया ने छह अंक लेकर ग्रुप एल में इंग्लैंड के बाद दूसरा स्थान हासिल किया जबकि घाना चार अंक लेकर तीसरे स्थान पर रहा। क्रोएशिया पिछले विश्व कप में कुल मिलाकर तीसरे स्थान पर रहा था।

## कांगो पहली बार नॉकआउट में, उज्बेकिस्तान को हराया

**अटलांटा।** योआने विस्सा के दो गोल और फिस्टन मायेले के एक गोल की मदद से कांगो ने शुरू में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके उज्बेकिस्तान को 3-1 से हराकर पहली बार विश्व कप फुटबॉल के नॉकआउट चरण में प्रवेश किया। कांगो ग्रुप के में कोलंबिया और पुर्तगाल के बाद तीसरे स्थान पर रहा। उसने चार अंक हासिल किए, जो अगले दौर में जगह बनाने के लिए पर्याप्त थे। कांगो राउंड ऑफ 32 में अटलांटा में बुधवार को इंग्लैंड का सामना करेगा। दूसरी तरफ उज़्बेकिस्तान को अपने तीनों मैच में हार का सामना करना पड़ा।

# क्रिकेट : एक दिन में भारत की दो बड़ी हार

## पुरुष टी-20 सीरीज : आयरलैंड ने चैम्पियन भारत को शृंखला में 2-0 से हरा इतिहास रचा

- आयरलैंड ने दूसरा मुकाबला एक रन से जीता, टीम इंडिया ने तीन साल बाद सीरीज गंवाई



**बेलफास्ट (भाषा)।** राजस्थान के टोंक के साफ्टवेयर इंजीनियर जय मूंदड़ा ने आईपीएल सितारों से भरे भारत के बल्लेबाजी क्रम की नींव हिला दी और आयरलैंड ने करिश्माई प्रदर्शन करते हुए टी-20 विश्व चैम्पियन भारत को रविवार को दूसरे वनडे में एक रन से हराकर शृंखला 2-0 से अपने नाम करके इतिहास रच डाला। वनडे विश्व कप 2011 में इंग्लैंड पर मिली जीत के बाद आयरलैंड के क्रिकेट इतिहास का यह सबसे बड़ा पल है। भारत जैसी मजबूत टीम को हराने से इस टीम का आत्मविश्वास अब सातवें आसमान पर होगा। भारतीय पासपोर्ट धारक मूंदड़ा ने चार ओवर में 32 रन देकर तीन विकेट लिये। उन्होंने संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा को खाता भी नहीं खोलने दिया और भारतीय कप्तान श्रेयस अय्यर का भी विकेट चटकाया। जीत के लिये 155 रन के जवाब में भारत नौ विकेट पर 153 रन ही बना सका। आखिरी ओवरों में हर्षित राणा ने दस गेंद में 21 रन बनाकर पूरी कोशिश की लेकिन आखिरी ओवर की पांचवीं गेंद पर आउट हो गए। इस हार के साथ ही भारत का टी20 क्रिकेट में लगातार 16 श्रृंखलायें जीतने के अभियान पर भी विराम लग गया। भारत 2023 के मध्य से टी20 श्रृंखला नहीं हारा है। एक बार 19 रन पर तीन विकेट गंवाने के बाद बने दबाव से भारतीय टीम उबर ही नहीं सकी। तिलक वर्मा (46 गेंद में 55 रन) को छोड़कर कोई भारतीय बल्लेबाज नहीं टिक सका । इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम के साथ भारतीय पिचों पर बड़ी पारियां खेलकर वाहवाही लूटने वाले भारतीय बल्लेबाजों की कलई स्विंग और सीम लेती पिच पर खुल गई।

## महिला टी-20 वर्ल्ड कप : ऑस्ट्रेलिया से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हुआ भारत

- ऑस्ट्रेलिया ने 6 विकेट से हराया, कप्तान हरमनप्रीत की फिफ्टी भी काम नहीं आई



**लंदन (भाषा)।** वनडे विश्व चैम्पियन भारतीय टीम टी20 प्रारूप में उस प्रदर्शन को नहीं दोहरा सकी और एलिसे पैरी तथा एशले गार्डनर की शानदार पारियों के दम पर आस्ट्रेलिया ने रविवार को उसे छह विकेट से हराकर महिला टी20 विश्व कप के ग्रुप चरण से ही बाहर कर दिया। भारत की टी20 कप्तान के रूप में हरमनप्रीत कौर के सफर पर भी यहां विराम लग सकता है। जीत के लिये 171 रन का लक्ष्य एक ओवर बाकी रहते हासिल करके छह बार की चैम्पियन आस्ट्रेलिया ने सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। अपना 10वां विश्व कप खेल रही पैरी ने 38 गेंद में 56 और गार्डनर ने 29 गेंद में नाबाद 53 रन बनाये। दोनों ने चौथे विकेट के लिये 100 रन की साझेदारी की। आस्ट्रेलिया ग्रुप वन में दस अंक लेकर शीर्ष पर रही जबकि भारत छह अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहा। इस ग्रुप से दक्षिण अफ्रीका भी सेमीफाइनल में पहुंच गया जिसने दिन में एक अन्य मैच में बांग्लादेश को हराया था। आस्ट्रेलिया की शुरूआत अच्छी नहीं रही और दसवें ओवर में ही 68 रन पर उसके तीन विकेट गिर गए थे। सलामी बल्लेबाज फीबी लिचफील्ड, जॉर्जिया वोल और अनुभवी बेन मूनी सस्ते में आउट हो गए। वोल को पहले ही ओवर में रेणुका सिंह ने पवेलियन भेजा। इसके बाद पैरी और गार्डनर ने भारतीय गेंदबाजों पर दबाव बनाया। अपने बरसों के अनुभव का पूरा इस्तेमाल करते हुए उन्होंने जोखिम लिये बिना रन बनाये । गार्डनर ने स्पिनर श्री चरणी और शेफाली वर्मा को छक्के लगाये । पैरी ने 33 गेंद में और गार्डनर ने 29 गेंद में अर्धशतक पूरे किये।

# सोनीपत की किरण ने हासिल किया एशियन गेम्स क्वालिफाइंग स्टैंडर्ड, फतेहाबाद की पूजा ने जीता कांस्य





**रोहतक।** ओडिशा के भुवनेश्वर स्थित कलिंगा स्टेडियम में आयोजित की जा रही 65वीं नेशनल इंटर स्टेट सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हरियाणा के खिलाड़ियों ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य का नाम रोशन किया है। फरीदाबाद खेल मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड और एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव प्रदीप मलिक ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि सोनीपत की स्टार धाविका किरण पहल ने 400 मीटर दौड़ में अपना दबदबा कायम रखा है। किरण ने सेमीफाइनल मुकाबले में 53 सेकेंड 17 माइक्रोन का बेहतरीन समय निकालते हुए एशियन गेम्स के क्वालिफाइंग स्टैंडर्ड को सफलतापूर्वक हासिल किया। इससे पहले उन्होंने हीट मुकाबले में भी 53 सेकेंड 42 माइक्रोन के समय के साथ भारतीय टीम में अपनी जगह सुरक्षित कर ली थी। बता दें कि किरण पहल इससे पहले साल 2024 में पंचकुला में आयोजित राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दौरान 50 सेकेंड 92 माइक्रोन का चैंपियनशिप रिकॉर्ड बनाकर पेरिस ओलंपिक गेम्स में भी भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। फतेहाबाद की पूजा ने महिलाओं की 1500 मीटर दौड़ स्पर्धा में 4 मिनट 21 सेकेंड और 48 माइक्रोन का समय दर्ज कर कांस्य पदक अपने नाम किया। पूजा के लिए यह दोहरी खुशी का मौका है, क्योंकि वह इसी चैंपियनशिप की 800 मीटर दौड़ में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीतकर पहले ही एशियन गेम्स के लिए भारतीय टीम में अपना स्थान पक्का कर चुकी हैं। हरियाणा की बेटियों के इस शानदार और गौरवमयी प्रदर्शन पर खेल जगत में खुशी की लहर है। एएफआई ग्रीवेंस कमेटी के सदस्य राजकुमार मिटान, एथलेटिक्स हरियाणा के अध्यक्ष दिलबाग सिंह, जसवंत सिवाच और टीम कोच व मैनेजर अजय कुमार ने दोनों पदक विजेता और क्वालिफाई करने वाली खिलाड़ियों को बधाई दी।

## रोमांचक मुकाबले में जीते श्रीकांत, फाइनल में प्रवेश

- अमेरिकी ओपन : अब यांग से अगला मुकाबला



**फुलर्टन।** भारत के स्टार खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने तीन गेम के रोमांचक मुकाबले में जापान के युदाई ओकिमोतो को हराकर अमेरिकी ओपन सुपर 300 बैडमिंटन चैंपियनशिप के पुरुष एकल फाइनल में जगह बनाई। विश्व में 38वें नंबर के खिलाड़ी श्रीकांत ने विश्व रैंकिंग में 33वें नंबर के ओकिमोतो पर 72 मिनट में 22-20, 15-21, 21-19 से जीत दर्ज कर इस सत्र के अपने पहले फाइनल में प्रवेश किया। अब उनका सामना चीनी ताइपे के सु ली यांग से होगा।

**रौनक का सफर समाप्तः** युवा शटलर रौनक चौहान का शानदार अभियान दूसरे पुरुष एकल सेमीफाइनल में सु ली यांग से 17-21 19-21 से हार के साथ समाप्त हो गया। महिला एकल में छठी वरीयता प्राप्त देविका सिहाग 54 मिनट तक चले सेमीफाइनल में डेनमार्क की दूसरी वरीयता प्राप्त लाइन क्रिस्टोफरसन से 21-15, 11-21, 15-21 से हार गईं।

## नेशनल अंडर-15 बॉक्सिंगः हरियाणा के 10 बॉक्सर फाइनल में पहुंचे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पंजाब की लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) में खेली जा रही नेशनल अंडर-15 बॉक्सिंग प्रतियोगिता में हरियाणा के मुक्केबाजों का विजयी रथ लगातार आगे बढ़ रहा है। रविवार को हुए सेमीफाइनल मुकाबलों में हरियाणा के खिलाड़ियों ने रिंग में अपनी बेहतरीन तकनीक और ताकत का लोहा मनवाते हुए धमाकेदार अंदाज में फाइनल में जगह पक्की कर ली। प्रतियोगिता का समापन सोमवार को होगा, जहां देश भर की नजरें इन युवा मुक्केबाजों पर टिकी होंगी। प्रतियोगिता में हरियाणा के कुल 10 खिलाड़ियों ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बनाई।

*लड़कों का वर्गः 35 किलोग्राम भार वर्ग में प्रर्णव ने विरोधी मुक्केबाज को 5-0 से शिकस्त देकर फाइनल का टिकट कटाया। इसके अलावा 37 किलोग्राम में वंश, 40 किलोग्राम में आरव, 43 किलोग्राम में कुनाल और 64 किलोग्राम भार वर्ग में देव ने अपनी मजबूत दावेदारी पेश करते हुए फाइनल में प्रवेश किया।*

*लड़कियों का वर्गः लड़कियों ने भी रिंग में अपना जलवा बिखेरा। 40 किलोग्राम में सोनिया, 43 किलोग्राम में तंवी, 52 किलोग्राम में कनिष्का, 58 किलोग्राम में सुनैना और 61 किलोग्राम भार वर्ग में भूमिका ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए खिताबी मुकाबले में अपनी जगह सुरक्षित की।*

### हरियाणा बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष ने कहा, ये बच्चे देश का भविष्य



हरियाणा बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु ने खिलाड़ियों के इस शानदार प्रदर्शन पर खुशी जाहिर करते हुए अपनी शुभकामनाएं दीं। खिलाड़ियों की हौसलाअफजाई करते हुए उन्होंने कहा हमारे अंडर-15 के इन नन्हे मुक्केबाजों ने नेशनल रिंग में जो खेल दिखाया है, वह काबिले तारीफ है। सेमीफाइनल में इतने बड़े अंतर से जीत दर्ज करना यह साबित करता है कि हरियाणा की मिट्टी में बॉक्सिंग की जड़ें कितनी मजबूत हैं। हमारे कोचों की कड़ी मेहनत और बच्चों का समर्पण आज रंग ला रहा है। मुझे पूरा विश्वास है कि सोमवार को होने वाले फाइनल मुकाबलों में भी हमारे खिलाड़ी अपनी इसी फॉर्म को बरकरार रखेंगे और प्रदेश के लिए स्वर्ण पदकों की झड़ी लगाएंगे। ये मुक्केबाज सिर्फ आज के चैंपियन नहीं हैं, बल्कि आने वाले समय में ओलंपिक और विश्व पटल पर देश का तिरंगा लहराने वाले भविष्य के सितारे हैं।

## खिताब का बचाव करने उतरेंगे सिनर अल्काराज चोट के कारण हुए बाहर

**वापसी के साथ सेरेना लगाएंगी चार चांद**

**आज ऑल इंग्लैंड क्लब में विंबलडन की शुरुआत**



एजेंसी ▶▶| लंदन

ग्रास-कोर्ट सीजन अपने सबसे बड़े पड़ाव पर पहुंच गया है। सोमवार को ऑल इंग्लैंड क्लब में विंबलडन 2026 की शुरुआत होगी। लंदन में होने वाले इस रोमांचक टूर्नामेंट में जाने-माने चैंपियन, उभरते हुए सितारे और कुछ दिग्गज खिलाड़ी एक साथ नजर आएंगे। वर्ल्ड नंबर-1 यानिक सिनर मौजूदा चैंपियन होने के दबाव के साथ टूर्नामेंट में उतर रहे हैं। इटली के इस खिलाड़ी ने पिछले साल फाइनल में कार्लोस अल्काराज को हराकर अपना पहला विंबलडन खिताब जीता था। अल्काराज कलाई की चोट के कारण बाहर हैं। ऐसे में सिनर के पास पुरुषों के टेनिस में अपनी शीर्ष स्थिति को और मजबूत करने का शानदार मौका है। सिनर यहां अपना पांचवां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने और अपने टाइटल का सफलतापूर्वक बचाव करने के इरादे से आए हैं। सेरेना विलियम्स ने सिंगल्स टूर्नामेंट के लिए वाइल्डकार्ड स्वीकार कर लिया है, जो डबल्स ड्रॉ में अपनी बहन वीनस विलियम्स के साथ फिर से जोड़ी बनाएंगी।

## इंटारो ओपन टूर्नामेंट में जीती ट्रॉफी, फ्रांस के बालशॉ को हराया

# नागल ने किया दो साल का खिताबी सूखा खत्म

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने रोमानिया के टार्गु मुरेस में खेले गए इंटारो ओपन क्ले कोर्ट टूर्नामेंट के फाइनल में फ्रांस के क्वालीफायर फेलिक्स बालशॉ को 6-3, 7-5 से हराकर दो साल से ज्यादा समय में अपना पहला एटीपी चैलेंजर खिताब जीता। इस जीत के साथ ही चैलेंजर स्तर पर नागल का खिताबी सूखा भी खत्म हो गया। इससे पहले उन्होंने जून 2024 में जर्मनी में हेलब्रॉन चैलेंजर जीता था। यह इस 28 वर्षीय खिलाड़ी का कुल सातवां एटीपी चैलेंजर एकल खिताब था और क्ले कोर्ट पर यह उनकी पांचवीं ट्रॉफी थी, जो इस कोर्ट के प्रति उनके लगाव को दर्शाती है।

### हासिल किए 75 एटीपी रैंकिंग अंक

*नागल खराब दौर के बाद अपनी रैंकिंग को फिर से बेहतर करने की कोशिश कर रहे हैं और इस खिताब से उन्होंने 75 एटीपी रैंकिंग अंक हासिल किए। उम्मीद है कि नयी रैंकिंग जारी होने पर वह दुनिया में लगभग 219वें नंबर पर पहुंच जाएंगे। उन्हें अपनी इस कामयाबी के लिए 15,510 यूरो की पुरस्कार राशि भी मिली।*



### नागल ने खेला शानदार खेल

भारतीय खिलाड़ी ने बेसलाइन से शानदार खेल दिखाते हुए पहला सेट अपने नाम किया, लेकिन दूसरे सेट में उन्हें कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा क्योंकि बालशॉ मुकाबले में बने हुए थे। हालांकि नागल ने मैच के आखिरी पलों में संयम बनाए रखा और सीधे सेटों में जीत हासिल की। यह खिताब नागल के लिए सही समय पर आया है क्योंकि इससे उनका मनोबल बढ़ेगा। दुनिया के शीर्ष खिलाड़ियों में अपनी जगह फिर से बनाने की कोशिश में जुटे नागल ने इस सत्र का अधिकतर समय चैलेंजर सर्किट पर खेलते हुए बिताया है।इस टूर्नामेंट से पहले उन्होंने 13 चैलेंजर टूर्नामेंट में हिस्सा लिया था और दूसरे दौर से आगे बढ़ने के लिए संघर्ष कर रहे थे। इस ट्रॉफी से पहले उनका सबसे अच्छा प्रदर्शन मोल्दोवा में चिसिनाउ टूर्नामेंट में क्वार्टर फाइनल तक जगह बनाना रहा था।

## दो बड़े हादसों में गई 25 लोगों की जान

# फ्रांस में ट्रेनी विमान उड़ान भरते ही असंतुलित हुआ हादसे में 5 छात्र, 5 ट्रेनर और 1 पायलट की मौत



**हादसे की जांच शुरू,टीम ने घटना स्थल के नमूने लिए**

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पूर्वी फ्रांस के टॉम्बलाइन में रविवार सुबह एक पैराशूटिस्ट स्कूल का सिविलियन एयरक्राफ्ट क्रैश हो गया। हादसे में विमान में सवार सभी 11 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मरने वालों में 5छात्र, 5 ट्रेनर और एक पायलट शामिल हैं। खबरों के मुताबिक, म्यूर्थ-ए-मोजेल इलाके के प्रशासनिक अधिकारी (प्रीफेक्ट) यवेस सेगुई ने बताया कि विमान ने नैन्सी-एस्से एयरोड्रोम से उड़ान भरी थी, जिसके बाद स्थानीय समयानुसार रविवार सुबह करीब 11 बजे यह नैन्सी शहर के पास क्रैश हो गया। हादसे की खबर मिलते ही इमरजेंसी सर्विसेज और राहत-बचाव दल ने मोर्चा संभाल लिया है। अधिकारी मौके पर मौजूद चश्मदीदों के बयान दर्ज कर रहे हैं, ताकि हादसे की वजह का पता लगाया जा सके। फ्रांस के गृह मंत्रालय ने घटना पर दुख जताया है और कहा है कि गृह मंत्री खुद हालात का जायजा लेने घटनास्थल के लिए रवाना हो गए हैं। स्थानीय प्रशासन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि घटना की रीयल-टाइम मॉनिटरिंग के लिए विभागीय परिचालन केंद्र (सीओडी) को एक्टिव कर दिया गया है। सभी ऑपरेशनल टीमें काम पर लगा दी गई हैं और प्रीफेक्ट खुद मौके पर रहकर रेस्क्यू ऑपरेशन की निगरानी कर रहे हैं।

**हादसे के कारणों की हो रही है जांच**

# सऊदी अरब में हेलिकॉप्टर क्रैश, 14 लोगों की मौत,मरने वाले सभी सऊदी के नागरिक



**हेलिकॉप्टर दुनिया की सबसे बड़ी तेल कंपनी अरामको का था**

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सऊदी अरब के रास तनुरा में रविवार को दुनिया की सबसे बड़ी तेल कंपनी अरामको का हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। हादसे में हेलिकॉप्टर सवार सभी 14 लोगों की मौत हो गई। सऊदी मीडिया के मुताबिक, हेलिकॉप्टर में सवार सभी लोग सऊदी अरब के ही नागरिक थे। हालांकि, क्रैश की वजह की जानकारी अभी सामने नहीं आई है। अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं। सऊदी अरामको दुनिया की सबसे बड़ी तेल और गैस कंपनियों में से एक है। यह सऊदी अरब सरकार के स्वामित्व में है। इसकी स्थापना 1933 में अमेरिकी कंपनियों के साथ समझौते के तहत हुई थी। 1980 में यह पूरी तरह सऊदी सरकार के नियंत्रण में आ गई। कंपनी का मुख्यालय धहरान में स्थित है। अरामको के पास दुनिया के सबसे बड़े तेल भंडारों में से एक है और यह प्रतिदिन लाखों बैरल कच्चे तेल का उत्पादन करती है, जिससे यह वैश्विक ऊर्जा बाजार की प्रमुख आपूर्तिकर्ता बन गई है। सऊदी अरब की अर्थव्यवस्था काफी हद तक इसी कंपनी की आय पर निर्भर करती है। अरामको केवल कच्चे तेल का उत्पादन ही नहीं करती, बल्कि रिफाइनिंग, पेट्रोकेमिकल्स और प्राकृतिक गैस के क्षेत्र में भी सक्रिय है। इसके नियंत्रण में दुनिया का सबसे बड़ा पारंपरिक तेल क्षेत्र, गवार, भी आता है।

## खबर संक्षेप

### भारत से रिश्ते रहेंगे मजबूत: कनिष्क



**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर के इस्तीफे के बाद लेबर पार्टी में नेतृत्व बदलाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस बीच, स्टार्मर की टीम के सदस्य और भारतीय मूल के एआई मंत्री कनिष्क नारायण ने भरोसा जताया है कि राजनीतिक बदलाव के बावजूद भारत-ब्रिटेन के रिश्ते मजबूत बने रहेंगे। इंडिया एपीपीजी के उद्घाटन समारोह में उन्होंने कहा कि लेबर पार्टी हमेशा से भारत की पक्की दोस्त रही है, जिसने तय समय से पहले ही मुक्त व्यापार समझौते को पूरा कर दिखाया। कनिष्क ने कहा कि दोनों के रिश्तों में स्थिरता बनी रहेगी।

### चीन से रिश्ते सामान्य करने की कवायद



**बीजिंग।** भारत-चीन संबंधों को सामान्य बनाने के प्रयासों के बीच बीजिंग में भारतीय दूतावास की मंत्री श्वेता सिंह ने चीन की सरकारी समाचार के उप महानिदेशक वांग जियानक्सिन से मुलाकात की। कई मुद्दों पर चर्चा की गई। 2020 के लद्दाख संघर्ष के बाद दोनों देशों के बीच उपजी तल्खी को कम करने के लिए यह चीनी मीडिया के साथ जुड़ाव बढ़ाने का हिस्सा है। हाल ही में दोनों देशों ने कैलाश-मानसरोवर यात्रा, वीजा और उड़ानें फिर से शुरू की हैं।

### वेतन हड़पने वाले का पासपोर्ट जब्त



**सिंगापुर।** भारत और बांग्लादेश के 400 से अधिक प्रवासी श्रमिकों का कई महीनों का वेतन न चुकाने वाला भारतीय मूल का निदेशक रामू पलानी वेलु सिंगापुर लौट आया है। वह तीन इंजीनियरिंग कंपनियों का निदेशक है। सिंगापुर के मानव संसाधन राज्य मंत्री दिनेश वासु दास ने बताया कि आरोपी का पासपोर्ट जब्त कर लिया गया है। पीड़ित श्रमिकों ने वेतन वसूली के लिए 22 जून को मंत्रालय से संपर्क किया था। मंत्री ने नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है।

## विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर दी जानकारी


# मोदी का सेशेल्स मिशन: रक्षा से लेकर यूपीआई और इसरो तक,भारत ने किए 19 बड़े समझौते



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सेशेल्स की राजकीय यात्रा भारत और हिंद महासागर क्षेत्र में रणनीतिक साझेदारी के लिहाज से अहम मानी जा रही है। यात्रा के बाद विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर इस दौरे के 19 प्रमुख परिणाम साझा किए। इन उपलब्धियों में रक्षा सहयोग से लेकर स्वास्थ्य, डिजिटल भुगतान, अंतरिक्ष, कृषि, कानून, शिक्षा और विकास परियोजनाओं तक कई महत्वपूर्ण समझौते और पहल शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सेशेल्स यात्रा ने रक्षा, समुद्री सुरक्षा, डिजिटल भुगतान, स्वास्थ्य और अंतरिक्ष सहयोग को नई गति दी है।

### भारत और सेशेल्स के बीच बड़े समझौते और फैसले



#### रक्षा और समुद्री सुरक्षा

- **तेज गश्ती जहाज:** भारत, सेशेल्स को एक तेज गश्ती जहाज उपहार में देगा, जिससे समुद्री सुरक्षा मजबूत होगी।
- **सैन्य वाहन और नावें:** सेशेल्स डिफेंस फोर्स को 10 यूटिलिटी वाहन और 5 लेजर रेडियल क्लास बोट्स दी जाएंगी।
- **पीएस जोरोएस्टर का रीफिट:** सेशेल्स कोस्ट गार्ड के जहाज पीएस जोरोएस्टर की मरम्मत (रीफिट) का काम भारत ने पूरा किया।
- **डॉर्नियर विमान का अपग्रेड:** सेशेल्स के डॉर्नियर विमान को आधुनिक ग्लास कॉकपिट तकनीक से अपग्रेड किया जाएगा।

#### डिजिटल और वित्तीय क्रांति

- **सेशेल्स में चलेगा यूपीआई:** भारत की एनपीसीआई और सेशेल्स के सेंट्रल बैंक के बीच समझौता हुआ है। अब सेशेल्स में भी भारत की यूपीआई तकनीक से डिजिटल पेमेंट हो सकेगा।
- **अम्ब्रेला लाइन ऑफ क्रेडिट:** भारत के एक्जिम बैंक और सेशेल्स के बीच कर्ज की सुविधा को लेकर समझौता हुआ है।

#### अंतरिक्ष और पर्यावरण

- **इसरो का जलवा:** अंतरिक्ष का शांतिपूर्ण इस्तेमाल करने के लिए दोनों देशों में समझौता हुआ है, भारतीय सैटेलाइट्स और इसरो की ताकत दुनिया में बढ़ेगी।
- **जलवायु आपदा से लड़ाई :** सेशेल्स अब भारत के नेतृत्व वाले कोएलिशन फॉर डिजास्टर रेजिलिएंट इंफ्रास्ट्रक्चर संगठन में शामिल होगा।

#### स्वास्थ्य और दवाइयाँ

- **जनऔषधि योजना:** भारत की एचएलएल लाइफकेयर और सेशेल्स के स्वास्थ्य मंत्रालय में डील हुई है, जिससे सेशेल्स के लोगों को भारत की सस्ती और अच्छी दवाइयाँ मिल सकेंगी।
- **नया राष्ट्रीय अस्पताल:** सेशेल्स में एक नए नेशनल हॉस्पिटल को बनाने की शुरुआती तैयारियों के लिए समझौता हुआ है।

#### खाद्य और विकास सहायता

- **चावल की मदद:** खाद्य सुरक्षा को देखते हुए भारत, सेशेल्स को 500 मीट्रिक टन चावल देगा।
- **सीमेंट की सप्लाई:** सेशेल्स में चल रहे निर्माण कार्यों के लिए भारत 8,500 मीट्रिक टन सीमेंट मुहैया कराएगा।

#### शिक्षा, कानून और अन्य समझौते

- **प्रत्यर्पण संधि :** अपराध और अपराधियों पर लगाम कसने के लिए दोनों देशों ने इस कानूनी संधि पर हस्ताक्षर किए हैं।
- **राजनयिकों की ट्रेनिंग:** भारत के 'सुषमा स्वराज इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेन सर्विस' और सेशेल्स के विदेश मंत्रालय के बीच डिप्लोमैट्स की ट्रेनिंग को लेकर समझौता हुआ।
- **एजुकेशन सेंटर की शुरुआत:** सेशेल्स में एक प्रोफेशनल एंड टेक्निकल एजुकेशन सेंटर का शिलान्यास किया गया।
- **कृषि में सहयोग:** साल 2026 से 2031 तक के लिए कृषि अनुसंधान और शिक्षा पर मिलकर काम करने की योजना बनी है।
- **नाविकों को रोजगार:** सेशेल्स के जहाजों पर काम करने वाले नाविकों की ट्रेनिंग और सर्टिफिकेट को मान्यता दी जाएगी, जिससे भारतीय नाविकों के लिए नौकरी के अवसर बढ़ेंगे।

## ट्रंप के आदेश पर लगातार कार्रवाई

# होर्मुज में यूएस का हमला,ईरान के ठिकानों पर की एयर स्ट्राइक

**अंतरिम शांति समझौता टूटने की कगार पर**

एजेंसी ▸▸ वॉशिंगटन



अमेरिका और ईरान के बीच हुआ अंतरिम शांति समझौता लगातार बढ़ते तनाव के कारण पूरी तरह खत्म होने के कगार पर पहुंच गया है। अमेरिकी सेना ने शनिवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सीधे आदेश पर ईरान के भीतर कई महत्वपूर्ण सैन्य ठिकानों को निशाना बनाते हुए भीषण हवाई हमले किए।

वॉशिंगटन और तेहरान के बीच हाल ही में हुए संघर्ष-विराम समझौते के बावजूद, ईरानी ठिकानों के खिलाफ यह लगातार दूसरे दिन की बड़ी सैन्य कार्रवाई है, जिसने पूरे मध्य पूर्व में युद्ध की आशंका को और गहरा कर दिया है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (एक्स) पर एक बयान जारी कर कहा कि ईरान के पास सीजफायर समझौते का सम्मान करने का पूरा मौका था, लेकिन उसने ऐसा नहीं किया। शनिवार तड़के ईरानी सेनाओं ने दुनिया के सबसे व्यस्त समुद्री व्यापार मार्गों में से एक, होर्मुज स्ट्रेट के पास एक बड़े तेल टैंकर पर हमला कर दिया था, जिसके जवाब में अमेरिका को यह कड़ा कदम उठाना पड़ा। इस बीच ईरान के सरकारी ब्रॉडकास्टर ने दक्षिणी शहर सिरिक के पास तेज धमाकों की पुष्टि की है, जो एक टेलीकम्युनिकेशन टावर से प्रोजेक्टाइल टकराने के कारण हुए। तनाव को देखते हुए अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने तेहरान को सख्त चेतावनी दी है। वेंस ने कहा, ईरान ने सीजफायर समझौते पर हस्ताक्षर किए थे और हमने उसका सम्मान किया। अगर उन्हें कोई असहमति थी, तो वे फोन कर सकते थे, लेकिन अब हिंसा का जवाब हिंसा से ही दिया जाएगा। फिलहाल, अमेरिकी सेना इस समुद्री मार्ग पर पूरी तरह सतर्क और तैनात है।

### ड्रोन हमले के बाद बढ़ा तनाव

अमेरिकी सेना के अनुसार, ईरान ने संघर्ष-विराम का खुला उल्लंघन करते हुए एक वन-वे अटैक ड्रोन से हमला किया। यह ड्रोन शनिवार तड़के पनामा के झंडे वाले एक विशाल तेल टैंकर किकु से जा टकराया। यह टैंकर उस समय दो मिलियन बैरल से ज्यादा कच्चा तेल लेकर होर्मुज स्ट्रेट से गुजर रहा था।

## पेंगोंग झील में स्टंट पड़ा भारी, लगा दो लाख का जुर्माना



**लद्दाख में 4 पर्यटकों पर 50-50 हजार का जुर्माना**

*श्रीनगर। लद्दाख प्रशासन ने पर्यावरण नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई करते हुए चार पर्यटकों पर कुल 2 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। इन पर्यटकों पर संरक्षित वन्यजीव क्षेत्रों और पेंगोंग झील में अवैध रूप से ऑफ-रोडिंग करने का आरोप है। जानकारी के अनुसार प्रत्येक वाहन मालिक पर 50-50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। ये पर्यटक हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़, पंजाब और उत्तर प्रदेश से संबंधित बताए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि ये मामले सोशल मीडिया और नियमित गश्त के दौरान सामने आए, जिनमें कुछ वाहन पेंगोंग झील, नुरबू ला और नुब्रा घाटी जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में चलते पाए गए।*

### काठमांडू में फंसे 52 भारतीय, जारी एडवाइजरी, पास में रखें दस्तावेज

**नई दिल्ली।** निजी टूर ऑपरेटरों के जरिए कैलाश मानसरोवर की यात्रा पर निकले करीब 52 भारतीय तीर्थयात्री वैध दस्तावेजों की कमी के कारण नेपाल की राजधानी काठमांडू में फंस गए हैं। इस स्थिति को देखते हुए भारत के विदेश मंत्रालय ने रविवार को तीर्थयात्रियों के लिए एक महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी की है। विदेश मंत्रालय ने श्रद्धालुओं को सख्त सलाह दी है कि वे वैध चीनी वीजा और आवश्यक प्रवेश परमिट जैसे सभी अनिवार्य दस्तावेजों के बिना यात्रा की शुरुआत बिल्कुल न करें। केवल दस्तावेज मिलने की उम्मीद में घर से निकलना तीर्थयात्रियों के लिए भारी परेशानी खड़ी कर सकता है। सरकार ने यात्रियों से यह भी आग्रह किया है।




## विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तानी आरोपों को सिरे से नकारा

**भारत ने कहा**

# आतंकी हमले पर भारत का पाकिस्तान को करारा जवाब, कहा- दूसरों पर नहीं, खुद गिरेबान में झांको

**आतंकवाद को नीति की तरह इस्तेमाल करना बंद करे पाक**

**अपनी आदतों से बाहर निकले पाकिस्तान**

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पाकिस्तान के कराची में हुए आतंकवादी हमले को लेकर वहां की मीडिया और तंत्र द्वारा भारत पर लगाए जा रहे आरोपों पर भारत सरकार ने बेहद तीखी और सख्त प्रतिक्रिया दी है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान के इन दावों को पूरी तरह बेबुनियाद और मनगढ़ंत बताते हुए सिरे से खारिज कर दिया है। विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शनिवार को स्पष्ट शब्दों में कहा कि दूसरों पर



उंगली उठाने और झूठे आरोप लगाने के बजाय पाकिस्तान को अपने भीतर झांकना चाहिए। अपनी सरजमीं पर फल-फूल रहे आतंकवादी ढांचे के खिलाफ ठोस और विश्वसनीय कार्रवाई करने की जरूरत है।रणधीर जायसवाल ने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि भारत ने कराची की घटना से जुड़ी वो पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स देखी हैं, जिनमें भारत पर कीचड़ उछालने की कोशिश की गई है। उन्होंने पाकिस्तान को नसीहत देते हुए कहा कि उसे अपनी राज्य नीति के एक साधन के रूप में आतंकवाद का इस्तेमाल करने की पुरानी आदत से अब बाहर निकलना होगा। भारत ने एक बार फिर वैश्विक मंच पर साफ कर दिया है कि वह ऐसे किसी भी झूठे प्रोपेगैंडा को स्वीकार नहीं करेगा।

### टीटीपी से अलग हुए गुट ने किया था हमला

*कराची के गुलिस्तान-ए-जौहर इलाके में स्थित पाकिस्तान रेंजर्स (सिंध) के कैंप पर आतंकियों ने धावा बोला। हथियारबंद आतंकियों ने पहले कैंप के मुख्य गेट पर जोरदार धमाका किया और फिर भीतर घुसने की कोशिश की। इस मुठभेड़ में 3 पाकिस्तानी सुरक्षाकर्मी मारे गए। जवाबी कार्रवाई में 3 हमलावर भी ढेर हुए और 1 घायल आतंकी को गिरफ्तार किया गया। पाकिस्तानी सेना की मीडिया विंग के मुताबिक, यह हमला प्रतिबंधित संगठन टीटीपी से अलग हुए गुट जमात-उल-अहरार के आतंकियों ने किया था।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109